


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 जीतने के बाद राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की तारीफ ...

रोहित बोले- किसी दिन उठूंगा और रिटायरमेंट ले लूंगा ... 11



वर्ष : 11 | अंक : 298 | पटना, सोमवार, 11 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### तमिलनाडु में द्रमुक से गठबंधन, 10 लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठबंधन कर 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। खड़गे ने बताया कि कांग्रेस का द्रमुक के साथ गठबंधन हो गया है। द्रमुक कांग्रेस को 10 सीटें देने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेता मुकुल वासनिक और केसी वेणुगोपाल को गठबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अन्य पार्टियों के साथ भी गठबंधन पर बातचीत चल रही है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने जा रही है। राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के सात मछुआरों को किया गिरफ्तार

चेन्नई। तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के सात मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। इन मछुआरों पर अवैध रूप से जल सीमा क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप है। मछुआरे शनिवार सुबह मछली पकड़ने के बंदरगाह जेगथापट्टिनम से दो मशीनीकृत नावों पर रवाना हुए थे। सभी मछुआरे रविवार तड़के ह्यनेदुनथीवुह्ण के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें अतिक्रमण करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। तटीय सुरक्षा समूह के सूत्रों ने बताया कि मछुआरों को उनकी मशीनीकृत नौकाओं के साथ कांकेसंतुरई नौसेना अड्डे पर ले जाया गया।


### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के सात मछुआरों को किया गिरफ्तार

चेन्नई। तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के सात मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। इन मछुआरों पर अवैध रूप से जल सीमा क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप है। मछुआरे शनिवार सुबह मछली पकड़ने के बंदरगाह जेगथापट्टिनम से दो मशीनीकृत नावों पर रवाना हुए थे। सभी मछुआरे रविवार तड़के ह्यनेदुनथीवुह्ण के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें अतिक्रमण करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। तटीय सुरक्षा समूह के सूत्रों ने बताया कि मछुआरों को उनकी मशीनीकृत नौकाओं के साथ कांकेसंतुरई नौसेना अड्डे पर ले जाया गया।


**ईडी ने बिहार में अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तारी की**

# अवैध खनन मामले में सुभाष यादव गिरफ्तार

- ईडी के छापे में ठिकानों से मिली थी 2 करोड़ की नकदी

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। राजद नेता और बालू कारोबारी सुभाष यादव को बीती देर रात ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अवैध संपत्ति के मामले में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को लालू परिवार के फाइनेंसर माने जाने वाले सुभाष यादव के कई ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी की थी। बालू किंग के नाम से मशहूर सुभाष यादव अवैध बालू खनन के लिए कुख्यात ब्रॉडसन कंपनी के मालिक रहे हैं।

पटना के दानापुर में सुभाष यादव के दो घरों से अब तक दो करोड़ नगदी के अलावा पटना, रांची समेत अन्य स्थानों पर जमीन-जायदाद से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए हैं। इसके अलावा दूसरे जगहों पर निवेश से जुड़े काफी संख्या में दस्तावेज बरामद किए जा चुके हैं। सुभाष यादव काफी दिनों से ईडी से लेकर आयकर विभाग की निगाह में थे। 2022 में इनकम टैक्स विभाग ने उनके कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर की थी। इसमें करोड़ों की आयकर चोरी सामने आई थी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल से ही बिहार में अवैध बालू खनन की जांच कर रही ईडी कुख्यात ब्रॉडसन कंपनी से जुड़े हरेक व्यक्ति की कुंडली खंगाल रही थी। इसी मामले में जदयू एमएलसी राधाचरण सेठ, उनके बेटे कन्हैया कुमार समेत अन्य लोग जेल जा चुके हैं। ब्रॉडसन कंपनी ने बिहार के विभिन्न बालू घाटों पर अवैध खनन और बिना चालान या गलत चालान के आधार पर 250 करोड़ से अधिक की राजस्व चोरी की है। सूत्रों ने बताया कि जिन विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की गई, वहां से लगभग 2.3 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि रेत खनन गिरोह के अहम सिंडिकेट सदस्य होने के आरोपी यादव को सोमवार को पटना में धन शोधन निवारण अधिनियम मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश किए जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि वह अतीत में राजद के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। धनशोधन का यह मामला बिहार पुलिस द्वारा ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज की गई 20 प्राथमिकियों से जुड़ा है। उन पर आरोप है कि वे ई-चालान के बिना रेत का अवैध खनन और बिक्री करते थे। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल मामले में बिहार विधान परिषद के सदस्य और जनता दल-यूनाइटेड नेता राधा चरण साह, उनके बेटे कन्हैया प्रसाद और ब्रॉडसन कमोडिटीज के निदेशक मिथिलेश कुमार सिंह, बबन सिंह तथा सुरेंद्र कुमार जिंदल को गिरफ्तार किया था और वे वर्तमान में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। एजेंसी ने नवंबर 2023 में पटना की विशेष पीएमएलए अदालत में उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार, कथित रेत व्यापार को एक सिंडिकेट द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जिसने उक्त कंपनी में धन निवेश किया था और यह सिंडिकेट अवैध रूप से रेत बेचकर लाभ कमाता है, जो आपराधिक कृत्यों से अर्जित होने वाली आय है। उसने दावा किया कि इस मामले में आपराधिक कृत्यों से 161 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई।

# 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं : मोदी

**प्रधानमंत्री ने 782 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास**

प्रात : किरण



आजमगढ़ (उप्र)/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती विपक्षी दलों की सरकारों पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि आज विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है और मैं 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं तथा देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आजमगढ़ जिले के मंदूरी हवाई अड्डा परिसर में 34,700 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने अपने संबोधन में पिछली सरकारों पर वादा पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा, ह्यपहले की सरकारों में बैठे लोग जनता की आंख में धूल झोंकने के लिए योजनाएं घोषित कर देते थे। कभी-कभी तो इनकी हिम्मत इतनी होती थी कि संसद में बैठकर रेलवे की नई-नई योजनाएं घोषित कर देते थे। बाद में कोई पूछने वाला नहीं।

मैंने समीक्षा की तो 30-35 साल पहले घोषणाएं हुईं। कभी चुनाव से पहले पत्थर गाड़ देते और फिर खो जाते। पत्थर भी खो जाते और नेता भी खो जाते। उन्होंने कहा, 2019 में मैं कोई भी योजना घोषित करता और शिलान्यास करता तो पहली सुर्खी यही बनती कि यह तो चुनाव है तो हो रहा है। आज देश देख रहा है कि मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान है। प्रधानमंत्री ने कहा, 2019 में जो शिलान्यास किये गये वो चुनाव के लिए नहीं किए और उनका उद्घाटन हो चुका है। आज विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है। 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यभारत माता की जयह्ण के नारों के बीच कहा, आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है। एक जमाना था जब दिल्ली से कोई कार्यक्रम हो और देश के अन्य राज्य उसके साथ जुड़ते थे और आज आजमगढ़ में कार्यक्रम हो रहा है और देश के अलग-अलग हिस्सों से हजारों लोग हमारे साथ जुड़े हैं। मोदी ने कहा, आज केवल आजमगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के विकास के लिए कई विकास परियोजनाओं का यहां से शुभारंभ हो रहा है। एक साथ देश भर की परियोजनाओं के लोकार्पण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले कई दिनों से मेरे समय की मयार्दा के कारण मैं एक ही स्थान पर से देश की अनेकों परियोजनाओं का लोकार्पण कर रहा हूं और जब लोग इतनी सारी परियोजनाओं के बारे में सुनते हैं तो अचरज में पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन कभी-कभी जो पुरानी सोच रहती है, इसको भी उसी चौखट में बिठाते हैं, कहते हैं कि अरे यह तो चुनाव का मौसम है। प्रधानमंत्री ने रविवार को 34,700 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। नागरिक उड्डयन क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट और अलीगढ़ हवाई अड्डों और चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ में नए टर्मिनल का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 59 जिलों में 3,700 करोड़ रुपये की लागत से बनी 5,342 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों का भी उद्घाटन उन्होंने किया गया। रेल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री ने पूरे प्रदेश में 8,200 करोड़ रुपये की 12 रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने राज्य के प्रयागराज, इटावा और जौनपुर जिलों में नमामि गंगा योजना के तहत 1,114 करोड़ रुपये की तीन सीवेज परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने लखनऊ में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया जिसके तहत आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ 1,040 से अधिक किफायती फ्लैट बनाए गए हैं। मोदी ने गाजीपुर-ताड़ीघाट बड़ी रेल लाइन पर हरी झंडी दिखाकर एक नई ट्रेन की शुरूआत की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# तानाशाही से लोकतंत्र को बदलने के विरुद्ध लड़ते रहेंगे लड़ाई : राहुल

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का मकसद संकीर्ण तानाशाही करके लोकतंत्र को बदलना है लेकिन कांग्रेस इसके खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी और उसके इन मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी। गांधी ने ट्वीट किया, भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके संघ परिवार के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक ऐलान है। श्री मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को खत्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफरत है।

उन्होंने कहा, समाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आजादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से वो भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। हम आजादी के नायकों के सपनों के साथ ये षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, संविधान का हर सिपाही, विशेष रूप से दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक जागें, अपनी आवाज उठाएं - इंडिया समूह आपके साथ है।

# चुनावी बॉण्ड मामला : एसबीआई की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की जानबूझकर अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए, शीर्ष अदालत ने योजना के तहत अधिकृत बैंक एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। साथ ही, आयोग को अपनी वेबसाइट पर 13 मार्च तक यह जानकारी प्रकाशित करने को कहा था।

# कांग्रेस को झटका, टीएमसी ने सभी 42 सीटों पर उम्मीदवार उतारे

प्रात : किरण संवाददाता



- आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा के नाम का ऐलान

नई दिल्ली/एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। इससे राज्य में सीट शेयरिंग की कॉंग्रेस और ह्यइंडियाह्ण गठबंधन की उम्मीदें पूरी तरह समाप्त हो गई हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

कृष्णा नगर से महुआ मोइत्रा को प्रत्याशी बनाया है। कूच बिहार सीट से जगदीश चंद्र बसुनिया को टिकट मिला है। इस सूची में हैरान करने वाले कई नाम है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर से टिकट दिया गया है। यहाँ से कॉंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी मौजूदा सांसद हैं। आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा को प्रत्याशी बनाया गया है। तीन सांसदों के टिकट काटे गए हैं जिनमें नुसरत जहां, मिमी चक्रवर्ती और अपरूपा पोद्दार शामिल हैं।

गठबंधन के लिए उसके द्वार खुले हैं : लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की सीटों पर टीएमसी के उम्मीदवारों की घोषणा के तुरंत बाद रविवार को कांग्रेस ने कहा कि नामांकन पत्र वापस लेने के समय तक गठबंधन के लिए उसके द्वार खुले हैं। पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, न कि एकतरफा घोषणाओं से। टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक रैली के दौरान लोकसभा चुनाव के लिए राज्य की सभी 42 सीटों के लिये उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस घटनाक्रम पर कहा, हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं और नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया से पहले कभी भी गठबंधन हो सकता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कई बार पश्चिम बंगाल में टीएमसी के साथ सीट-बंटवारे को लेकर सम्मानजनक समझौता करने की इच्छा व्यक्त कर चुकी है।

उन्होंने एक्स पर लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि इस तरह के समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, न कि एकतरफा घोषणाओं से। उन्होंने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से चाहती है कि इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा से मुकाबला करे। पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर इन दिनों कांग्रेस और टीएमसी नेताओं के बीच वाकयुद्ध जारी है। टीएमसी ने दावा किया है कि वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं दे सकती। पश्चिम बंगाल से कांग्रेस के दो सांसद हैं।

# जौनपुर में सड़क हादसा, एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

प्रात : किरण

जौनपुर/एजेंसी। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रसाद इंस्टीट्यूट संस्थान के पास आजमगढ़-जौनपुर मार्ग पर शनिवार देर रात कार और ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि तीन लोग जख्मी हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना में हुई जनहानि पर दुख प्रकट किया है और मृतकों के परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए घायलों को बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। केराकत क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने रविवार सुबह बताया कि मरने वालों में गजाधर शर्मा, उनके पुत्र अनिश, जवाहर शर्मा और पवन शर्मा की पत्नी रिंकू हैं।

# गया से डीआरआई की टीम ने तीन करोड़ का सोना किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

पटना/गया। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने रविवार को बिहार में गया जिले के शेरघाटी के सवकला टोल प्लाजा के पास तस्करों से एक कार से करीब तीन करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है।

तीन तस्करों की गिरफ्तारी के साथ इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया गया है। सोना की खेप सीमा पार बांग्लादेश से भारत पहुंची थी, जिसे ग्वालियर ले जाया जाना था लेकिन इससे पहले ही डीआरआई ने सोना तस्करों को धर दबोचा। डीआरआई मुम्बई जोन को सोना तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी।

इस पर मुम्बई की डीआरआई ने पटना में अपनी टीम से जानकारी शेयर की। इसके बाद पटना से डीआरआई की टीम गया पहुंची और शेरघाटी के सावकला टोल प्लाजा के पास कार में बैठे तीन तस्करों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। सोना की तस्करी के लिए इस्तेमाल की गई कार को जब्त कर लिया गया है।

टीम ने कार की अगली सीट के नीचे बने गुप्त कक्षों से 3987.300 ग्राम के सोना के 22 बिस्किट और 8 कटे हुए टुकड़े बरामद किए हैं, जिनका वजन 3987.300 ग्राम था। बरामद सोना की कीमत करीब दो करोड़ 74 लाख 94 हजार 656 रुपये बताई गई है। डीआरआई की टीम को तस्करों ने पूछताछ में बताया है कि सोना की यह खेप बांग्लादेश से भारत लाई गई थी।

# दिल्ली में बच्चा 40 फुट गहरे बोरवेल में गिरा, बचाव अभियान जारी

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार देर रात एक बच्चा दिल्ली जल बोर्ड के जलशोधन संयंत्र में बने 40 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया, जिसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बच्चे को बचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और दिल्ली दमकल सेवा संयुक्त अभियान चला रहे हैं। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि देर रात करीब एक बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति पश्चिमी दिल्ली के केशोपुर मंडी इलाके में डीजेबी संयंत्र में बने एक बोरवेल में गिर गया है। उन्होंने बताया, सूचना मिलने पर पांच दमकल वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया। बाद में हमें अपने अधिकारियों से सूचना मिली कि एक बच्चा 40 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया है। उन्होंने बताया कि तत्काल बचाव अभियान प्रारंभ किया गया।

**परिचालन** | **दानापुर और मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर से पूणे व लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए चलायी जाएगी ट्रेनें**

# होली के अवसर पर पुणे एवं मुंबई के लिए 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल से पुणे एवं लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के लिए 05 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। गाड़ी संख्या 01409 लोकमान्य तिलक-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 23, 25 एवं 30 मार्च को 12.15 बजे खुलकर अगले दिन 17.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01410 दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दानापुर से 24, 26 एवं 31 मार्च को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 23.55 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 21 एवं 28 मार्च गुरूवार को 12.15 बजे खुलकर शुक्रवार को 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर से 22 एवं 29 मार्च शुक्रवार को 23.20 बजे खुलकर रविवार को 07.40 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 09, शयनयान श्रेणी के 03 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 05281 मुजफ्फरपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल मुजफ्फरपुर से 20 मार्च से 03 अप्रैल तक प्रत्येक बुधवार को 13.00 बजे खुलकर गुरूवार को 21.50 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05282 लोकमान्य तिलक- मुजफ्फरपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 22 मार्च से 05 अप्रैल तक प्रत्येक शुक्रवार को 00.55 बजे खुलकर शनिवार को 10.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, द्वितीय सह तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 07 तथा साधरण श्रेणी के 02 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 05289 मुजफ्फरपुर-पुणे सुपरफास्ट एसी स्पेशल मुजफ्फरपुर से 23 मार्च से 06 अप्रैल तक प्रत्येक शनिवार को 21.15 बजे खुलकर सोमवार को 05.35 बजे पुणे पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05290 पुणे-मुजफ्फरपुर सुपरफास्ट एसी स्पेशल ट्रेन पुणे से 25 मार्च से 08 अप्रैल तक प्रत्येक सोमवार को 06.30 बजे खुलकर मंगलवार को 15.15 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 01105 पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन पुणे से 17 एवं 24 मार्च रविवार को 16.15 बजे खुलकर सोमवार को 22.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01106 दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन दानापुर से 18 एवं 25 मार्च सोमवार को 23.30 बजे खुलकर बुधवार को 06.25 बजे पुणे पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 06 तथा साधरण श्रेणी के 05 कोच होंगे।

# गोपाल नारायण सिंह विवि में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे उद्घाटन**

प्रात : किरण संवाददाता

- दो दिवसीय सम्मेलन में कई देशों के डेलीगेटस होंगे शामिल

पटना। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन आज यानी सोमवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। इस अवसर पर बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिंहा एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो डॉक्टर डी पी सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। इसी प्रकार समापन कार्यक्रम में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव बालमुकुंद पांडे होंगे। उल्लेखनीय है कि बहु आयामी अनुसंधान में महिलाओं की भूमिका विषय पर आयोजित इस द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न देशों से अतिथि वक्ताओं का आना जारी है तथा देश के भी विभिन्न राज्यों से इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों का आना कल से ही प्रारंभ हो गया है।

रोहतास जिले के डिहरी प्रखंड अंतर्गत गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम राज्य के लिए एक गर्व का विषय है जो विभिन्न क्षेत्रों में विश्व स्तर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रदर्शित करने एवं बढ़ाना देने में सहयोगी साबित होने वाला है। महिलाओं के समृद्धि हेतु केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ।इस परिस्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा ।आयोजन की अध्यक्ष मोनिका सिंह ,संयोजक डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार एवं राजेश डे ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन की सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है और आने वाले अतिथियों को सभी समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रह हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बूथ कमेटी गठन को जदयू की बैठक

पटना सिटी (प्राकि)। जदयू पटना महानगर की इकाई गायघाट सेक्टर की बैठक आलमगंज थाना के पास स्थित महानगर के महासचिव मनोज शर्मा के आवास पर हुई। रविवार को हुई बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन सेक्टर अध्यक्ष मुकेश कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम मुख्य रूप से जदयू द्वारा सशक्त बूथ के तहत हर बूथ पर सात सदस्यीय बूथ कमेटी को पूरा कर बनाना तथा लोकसभा चुनाव में मजबूती से काम करना है। इसके तहत गायघाट सेक्टर के अंतर्गत आने वाले सभी वार्ड के वार्ड अध्यक्षों को उनके वार्ड का मतदाता सूची दिया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल, वार्ड अध्यक्ष सुश्री पूजा कुमारी पटेल, मो शमीम, मुकेश सिन्हा, मो इरफान, अमरेंद्र कुमार, सुषमा चौधरी, अंकित वर्मा, मो सज्जाद, अफरोज आलम, रामप्रवेश सिंह, आफताब गुड्डू, मनोज पटेल, राहुल कुमार आदि शामिल शामिल हुए।

### अज्ञात शव रेल बुकिंग काउंटर के पास से बरामद

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत दानापुर रेलवे स्टेशन के दक्षिण बुकिंग काउंटर के पास अज्ञात मृतक पुरुष भिखारी देखने में लगता है उम्र लगभग 60 वर्ष अमृत अवस्था में पाया गया रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजी गई है रेल थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष है शव की शिनाख्त नही हो सका है। फिलहाल शव को सुरक्षित रखा जाएगा

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की हुई बैठक

फतुहा। शहर के छोटी लाइन में रविवार को भाजपा नेता केशर प्रसाद के आवास पर लोकसभा चुनाव को लेकर पटना साहिब लोकसभा में फतुहा विधानसभा विस्तारक सुरेश सिंह पटेल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव में फतुहा विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर भाजपा की जीत पर चर्चा हुई। वहीं भाजपा नेता केशर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी लोकसभा चुनाव में बंपर जीत हासिल होगी। वहीं भाजपा नेता प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे बूथ सबसे मजबूत होगा। दूसरी भाजपा नेता बबलू साह ने कहा कि रामराज्य लाने वाले ही दुबारा आएंगे।

### सांसद व विधायक के द्वारा सड़क का किया गया शिलान्यास

दानापुर। नगर के अंतर्गत दियारा के पुरानीपानापुर में सांसद राम कृपाल यादव व विधायक रीत लाल राय ने संयुक्त रूप से पुरानीपानापुर से हेतनपुर होते हुए गंगहारा तक जाने वाली करीब आठ किलोमीटर लंबी सड़क का शिलान्यास किया। सांसद ने कहा कि लगभग 6 करोड की लागत से बनने वाली सड़क दियारावासियो के लिए लाभदायक होगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के तहत पहले फेज में साढे तीन सौ करोड की लागत से पुरानीपानापुर से केदलपुरा तक सड़क का निर्माण कराया गया था। उन्होने बताया कि शेरपुर से दिघवारा तक बनने वाली पुल का प्रधानमंत्री ने शिलान्यास किया है। जिसका रैम्प दियारा में गिड़ाने का काम मेरे द्वारा किये गये प्रयास से किया गया। जिससे दियारा के लोग सीधा शहर से जुड जायेगे। इस मौके पर मुखिया सुभाष राय, अलोक रंजन, अजीत राय, भाजपा नेता भाई सनोज यादव, मुन्ना यादव समेत स्थानीय कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

### फायरिंग मामले में फरार चल रहे एक आरोपी गिरफ्तार

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत दो वर्ष पूर्व एलिवेटेड रोड पर जन्मदिन की पार्टी मनाते हुए फायरिंग के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गया आरोपित बाटागंज निवासी रोहित कुमार उर्फ अंशुल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष रण विजय कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 के मई में एलिवेटेड रोड पर पार्टी मनाते हुए फायरिंग किये जाने के मामले में आरोपित दीघा थाना क्षेत्र के बाटागंज निवासी रोहित कुमार उर्फ अंशुल को गिरफ्तार किया गया।

### एडवांस कॉस्मेटिक प्लास्टिक सर्जरी सेंटर का किया शुभारंभ

दानापुर। नगर के अंतर्गत दानापुर कैंट रोड आरके पुरम स्थित गरीब लोग भी प्लास्टिक सर्जरी कर सके इसको लेकर प्रख्यात शल्य चिकित्सक डॉ आर पी चौधरी ने कही। क्लिनिक एडवांस कॉस्मेटिक प्लास्टिक सर्जरी सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसका उदघाटन एडीजी पारस नाथ ने किया। डॉ चौधरी ने कहा कि इस क्लीनिक को खुल जाने से अब लोगो को दूर दराज नही जाना पड़ेगा। मरीजो को सुविधा का पुरा ध्यान रखा जायेगा। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक अभय राज पांडेय समेत बहुत सारे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एम्स पटना में साक्ष्य-आधारित योग थेरेपी सेंटर हुआ शुरू

## योग चिकित्सा के नैदानिक अनुप्रयोग के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा : प्रो. डॉ. जी.के.पाल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। डॉ.जी.के.पाल कार्यकारी निदेशक और सीईओ, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के संरक्षण में, ने आयुष ब्लॉक, एम्स, पटना में ह्लसाक्ष्य-आधारित योग थेरेपी और अनुसंधान का उन्नत केंद्रह्व शुरू किया है। इस योग केंद्र का उद्घाटन समारोह सोमवार को हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) जी.के.पाल ,कार्यकारी निदेशक और सीईओ एम्स पटना और एम्स गोरखपुर ,ने की। डॉ. पाल ने कहा कि इस उन्नत केंद्र की स्थापना आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में समग्र उपचार पद्धतियों को एकीकृत करने की एम्स पटना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह केंद्र अत्याधुनिक अनुसंधान, शिक्षा और साक्ष्य-आधारित योग चिकित्सा के नैदानिक अनुप्रयोग के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) जी.के.पाल, डॉ. प्रेम कुमार (डीन, एकेडमिक्स), डॉ. त्रिभुवन कुमार, फिजियोलॉजी के एचओडी और प्रभारी एमएस, नीलोत्पल बल (डीडीए) के साथ-साथ एम्स पटना के अन्य संकाय सदस्यों, निवासियों और कर्मचारियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों के इलाज में योग चिकित्सा के महत्व पर अंतर्दृष्टि साझा की। यह उद्घाटन समारोह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होने का वादा करता है, जो एम्स पटना में समग्र स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) जी.के पाल द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद औपचारिक उद्घाटन के साथ पट्टिका के अनावरण के साथ हुई। योग केंद्र के संकाय प्रभारी डॉ.कमलेश झा ने सम्मानित सभा का स्वागत किया और आधुनिक चिकित्सा में साक्ष्य आधारित योग की संभावना पर अपने विचार साझा किए। मनोरोग विभाग के एचओडी डॉ. पंकज कुमार ने न्यूरोसाइकिएट्रिक स्वास्थ्य स्थितियों में योग की भूमिका पर जोर दिया है। प्रो.पाल, जो स्वयं एक महान योगाभ्यासी हैं, ने योग द्वारा उपचार में अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने इस क्षेत्र में उच्च मात्रा में अनुसंधान की आवश्यकता और साक्ष्य आधारित योग अभ्यास और अनुसंधान के क्षेत्र में एम्स पटना के विश्व नेता बनने की संभावना पर जोर दिया।

# पुरस्कार वितरण के साथ दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं का खेल प्रतियोगिता संपन्न

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बिहार नेत्रहीन परिषद द्वारा आयोजित खेलकूद एवं क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गया। एथलीट प्रतियोगिता में हुई। इसमें रेस प्रतियोगिता में वरीय स्तर पर बालकरण व कन्हैया कुमार प्रथम (राजकीय नेत्रहीन विद्यालय, कदमकुआं), द्वितीय रुपक रंजन (मुजफ्फरपुर) एवं तृतीय सतीश कुमार, (राजकीय नेत्रहीन विद्यालय कदमकुआं) रहे। जूनियर श्रेणी में दीपक कुमार प्रथम (राजकीय नेत्रहीन विद्यालय, कदमकुआं), द्वितीय अभिषेक कुमार (राजकीय नितिन विद्यालय, कदमकुआं) एवं विशाल कुमार तृतीय रहे। छात्राओं के सीनियर ग्रुप में गीता महतो प्रथम (झारखंड), पाकी प्रजापति द्वितीय एवं गीता कुमारी तृतीय (अंतर्ज्योति बालिका विद्यालय) रही। शार्ट पुट में प्रथम बालकरण कुमार एवं द्वितीय कन्हैया कुमार एवं तृतीय चंदन कुमार (दोनों पटना नेत्रहीन विद्यालय कदमकुआं) रहे। शार्ट पुट छात्राओं में प्रभा कुमारी (झारखंड) प्रथम, द्वितीय मनीषा कुमारी (अंतर्ज्योति बालिका विद्यालय) एवं तृतीय प्रीति कुमारी (झारखंड) रहीं। साथ ही आज बिहार और झारखंड के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड की टीम विजयी हुई और संयुक्त रूप से विमला शाडिल्य एवं रितिमा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर रमेश प्रसाद सिंह चेयरमैन प्रोजेक्ट कमेटी ने खिलाड़ियों को शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि खिलाडी कभी भी हतोत्साहित नहीं हों, चाहे वह विजयी खिलाडी या सामान्य खिलाडी हों। इस अवसर पर बिहार नेत्रहीन परिषद् के महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# निःशुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर आयोजित



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ओंडा हाउस त्रिपोलिया गेट में बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज के अध्यक्ष डॉक्टर सर्वदेव प्रसाद गुप्त के नेतृत्व में सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा निःशुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित शिविर का उद्घाटन कॉलेज के अध्यक्ष डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, सचिव डॉ अजय प्रकाश, सुरेंद्र प्रसाद, डॉ शौकत अली एवं डॉ अविनाश प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए कॉलेज के सचिव डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि अनेक ऐसी बीमारी है, जिसे जनमानस द्वारा असाध्य माना जाता है। वैसी बीमारियों की चिकित्सा भी एक्युप्रेशर चिकित्सा द्वारा की जाती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक्युप्रेशर चिकित्सा मानव को ईश्वर का वरदान के रूप में है। यह हारमोंस, मेटाबॉलिज्म, रक्त संचार का सुचारू कर निरोगी बनाता है। शिविर में डायबिटीज, गर्दन दर्द, सायटिका, घुटना दर्द, कमर दर्द, माइग्रेन आदि रोगों से पीड़ित रोगियों की चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा की गई। शिविर में मुख्य रूप से डॉ संजय कुमार, डॉ विकास कुमार, डॉ रितिका, डॉ शबनम अंसारी, डॉ नासरीन, डॉ काजल, डॉ प्रीति पोद्दार, डॉ रंजना , डॉ हसमुख प्रसाद, डॉ उपेंद्र ने चिकित्सा सेवा दिया।

# दहेज के लिए महिला की गला दबा कर की गई हत्या

## दीदारगंज थाना क्षेत्र के बिचला टोला की घटना, मामला दर्ज, आरोपी फरार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



दहेज प्रताड़ना में फिर ब्याहता की हत्या कर दी गई। घटना दीदारगंज थाना क्षेत्र के बिचला टोला में घटी है। दहेज प्रताड़ना में उषा देवी के साथ पहले मारपीट की गई। इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या किए जाने की बात कही गई है। वैशाली जिला के राघोपुर के मलिकपुर निवासी मंटू राय ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए करीब 25 साल की बेटी उषा के साथ मारपीट करने और गला दबा कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पिता ने बताया कि बेटी की शादी करीब दो साल पहले बिचला टोला के रहने वाले दीनानाथ राय के बेटे दिलीप राय के साथ सामर्थ्य के अनुसार धूमधाम से किया था। शादी के दौरान सामर्थ्य के अनुसार उपहार भी दिया गया था। शादी के कुछ दिनों बाद दामाद ने मोटरसाइकिल मांगने के लिए उनकी बेटी पर दबाव बना रहा था। किसी तरीके से वह मांग भी पूरा कर दिया गया था। मगर ससुराल वालों का लालच समाप्त नहीं हुआ। दामाद और उनके परिवार के सदस्य और रुपए के लिए उनकी बेटी को बार-बार उलाहना देते हुए प्रताड़ित कर रहे थे। इस कारण से कुछ दिन पहले ही बेटी को वे ससुराल से विदा कर घर भी ले गए थे। हालांकि बाद में सामाजिक समझौता होने पर वह बेटी को ससुराल के लिए विदाई कर दिए। रविवार को दोपहर करीब एक बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी को मार कर दीदारगंज स्थित निजी उपचार केंद्र में रखकर परिजन भाग गए हैं। सूचना मिलने के बाद वह परिवार के अन्य लोगों के साथ यहां पहुंचे, तो देखा कि बेटी उषा मृत पड़ी हुई है। इसके बाद दीदारगंज थाना की पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस उपचार केंद्र पर पहुंची। शव का मुआयना करने और पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। इस संबंध में मृतका के पिता ने दामाद, ससुर सहित अन्य पर गर्भवती बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। दीदारगंज थाना के थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि मृतका के पिता ने बेटी के साथ मारपीट कर गला दबा कर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिए हैं। ससुराल पक्ष के लोग घर और गांव छोड़ फरार है।

# भाजपा के पूर्व विधायक अनिल शर्मा कांग्रेस का थामा दामन

## प्रदेश अध्यक्ष डा अखिलेश सिंह की मौजूदगी में हुए शमिल



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। देश का दुर्भाग्य है कि यहाँ एक ऐसी सरकार सत्ता में स्थापित है जिसका मुखिया किसी भी चीज की जिम्मेवारी लेने को तैयार नहीं है। डीजल, पेट्रोल के दामों में बेतहाशा वृद्धि के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार जिम्मेवार है। बेरोजगारी और मंहगाई के लिए कांग्रेस का 70 साल जिम्मेवार है। फिर भी अगर समस्या दिखती हो तो पाकिस्तान चले जाइये। नही तो अरबन नक्सल बोलकर जेल में डाल दिये जाएगें। उक्त बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने कही। वे नौबतपुर रेफरल अस्पताल मैदान में आयोजित मिलन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति के उपर करीब 1 लाख का कर्ज है। दुर्भाग्य देखिए कि देश का पैसा लेकर भागनेवालों में विजय माल्या को छोड़कर सब प्रधानमंत्री के गृह राज्य के है। मालूम हो कि रविवार को नौबतपुर में यहां से दो बार विधायक रहे अनिल कुमार ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस अवसर पर आयोजित मिलन समारोह में हजारों की संख्या में भीड़ जुटी। अनिल कुमार इससे पहले भाजपा में थे। उन्होंने डा सिंह के नेतृत्व में हो रहे कांग्रेस का पुर्नउत्थान के प्रयास से प्रभावित होकर कांग्रेस का हाथ थामने का निर्णय लिया। इस अवसर पर जो नेता उपस्थित थे उनमें प्रमुख हैं राज कुमार राजन, नागेन्द्र कुमार विकल, मनोज कुमार सिंह, रीता सिंह, अशोक गगन, संतोष कुशवाहा, मंटू शर्मा, राजनन्दन कुमार, गोपाल शर्मा,अनीस कुमार सिंह, धर्मवीर शुक्ला, राशीद खां, चन्द्रकिशोर मणि इत्यादि।

# बैठक में श्री राम जन्मोत्सव समिति का हुआ पुनर्गठन

## 17 को मंगल तालाब के पास से निकाला जाएगा भव्य शोभायात्रा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रामनवमी के पर 17 अप्रैल को मयादार्ा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का 46वां शोभायात्रा निकाला जाना है। इसकी तैयारी के लिए रविवार को बैठक मच्छरहट्टा स्थित कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष स्व रामचंद्र चन्द्रवंशी के आवास पर राजेश कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई। संचालन समिति के महामंत्री मुरारी राय ने किया। इसमें सबसे पहले प्रभु श्री राम की पूजा-अर्चना के साथ विधिवत शुरूआत किया गया। इसके बाद अध्यक्ष राजेश कुमार चंद्रवंशी ने नए पदाधिकारियों के नाम का चयन कर घोषणा किया। इसमें उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, प्रभाकर मिश्र, चुन्नु चंद्रवंशी, प्रो अरुण कुमार, सुजीत सिंह कुशवाहा, महामंत्री मुरारी राय, मंत्री विनय कुमार बिट्टू, सुधीर कुमार कसेरा, श्रवण कुमार चंद्रवंशी, शंकर कुमार महतो, कीर्ति यादव, विनीत नारायण सिंह, संतोष कुमार चौरासिया, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सोनू, मीडिया प्रभारी बाबू भाई, कार्यालय मंत्री गौरव कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी मुन्ना सरकार, फोटोग्राफर गौरव कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही सदस्यों को शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए कुछ बिंदुओं पर चिंतन किया गया। अपने आस पास समाज में समाज में प्रतिष्ठित व्यक्ति, जो समिति के संरक्षक एवं कार्यसमिति के सदस्य बनने को इच्छुक हों, उन प्रमुख भक्त पदाधिकारियों से संपर्क करें। समिति में अधिक सदस्यों को कैसे जोड़ा जाए, उस प्रमुख विषय पर जोर दिया गया। साथ ही जो सदस्य समिति के द्वारा बनाया गया, उनको रामदेव महतो सभागार में सम्मानित करने के साथ ही शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आग्रह किया गया। सदस्यता अभियान के तहत हर वार्ड में सक्रिय सदस्य को जोड़ दिया गया। इस बार सभी पदाधिकारी स्थानीय जनता के बीच टोली बना कर शोभायात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र देने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश चन्द्रवंशी, कीर्ति यादव, अजय यादव, शंकर मेहता, गिरजा प्रसाद, विजय राज, केदार राय, सुरेंद्र पांडेय, नैयर इकबाल, यश राज, अजय कुमार, पुरषोत्तम यादव, भरत प्रसाद चंद्रवंशी, कैलाश कुमार, सतेंद्र कुमार, छोटू गिरि, प्रदीप काश, लक्षण चंद्रवंशी, हरेंद्र कुमार, विशाल राउत, अरविन्द कुमार, धर्मेंद्र पटेल, आशीष चंद्रवंशी, गुड्डू कुमार गोस्वामी, शंकर गुप्ता, राहुल कुमार, राहुल कुमार पटेल, संजय मालाकार, चंद्रिका सिंह मुखिया, राजू गोप, संजय कुमार सिन्हा आदि शामिल हुए।

# सदाकत आश्रम में मना नारी न्याय सम्मान समारोह




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में रविवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसका आयोजन प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा द्वारा किया गया। इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, वकालत, समाजसेवा एवं व्यवसाय इत्यादि से जुड़ी दस महिलाओं को अपने-अपने क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए नारी न्याय सम्मान से नवाजा गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने महिला शक्ति को सम्मानित किया। गौरतलब है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा जारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिन पांच विन्दुओं पर केन्द्रित है उसमें नारी न्याय भी एक है। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि समाज में आधी आबादी अभी भी न्याय के लिए भटक रही है। जिसके बिना जिन्दगी अधूरी हो उसके साथ अन्याय हो रहा हो तो यह समाज का दायित्व है कि उसके लिए आवाज बुलंद करें। जिस समाज में महिला का सम्मान न हो वैसा समाज अराजक कहलाता है। नारी न्याय से सम्मानित महिलाओं में शामिल हैं आरजे बरखा, अनुपमा, रोली मिश्रा, राखी,सरोज,मधुबाला, मंजू झा, राहिणी इत्यादि। सम्मान समारोह में शामिल होने वाले नेताओं में प्रमुख हैं कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता डा मदन मोहन झा, विधायक संजय तिवारी, विश्वनाथ राम, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राज कुमार राजन, ब्रजेश पाण्डेय, रीता सिंह एवं मधुबाला।

# शिवपुरी में रह प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा सौरभ ने किया सुसाइड

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के शिवपुरी टिकिया टोली में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा युवक ने खुदकुशी कर लिया। वह किराए के मकान में रह कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था। युवक पंखे से झूल कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने बताया कि मृत युवक की पहचान सुपौल जिला के ग्राम चैनपुर, थाना भीमपुर के रहने वाले संतोष कुमार झा के 21 वर्षीय पुत्र सौरभ झा के रूप में हुई है। सौरभ सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के शिवपुरी टिकिया टोली स्थित कन्हाई मेहता के मकान के दूसरी मंजिल पर रह कर पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने बताया कि शनिवार की रात पुलिस को घटना की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पंखे के पाइप से ब्लू रंग के गमछा से लटक रहा था। शरीर पर कहीं और किसी प्रकार का चोट का निशान नहीं था। पुलिस ने शव को उतार कर देखा, तो गले पर निशान पाया गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी है। सुल्तानगंज थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि युवक ने खुदकुशी की है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। कोई सुसाइड नोट या संदिग्ध सामान नहीं मिला है। उसके पास रहे मोबाइल को खंगाला जा रहा है।

# डकैती गैंग गिरोह के इरशाद सहित पांच को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 5 किलो चांदी, 25 ग्राम सोना, 5 पिस्टल, 20 गोली, दो मैगजीन, बाइक बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पुलिस ने स्वर्ण कारोबारी व व्यापारियों से डकैती व लूटपाट में शामिल गैंग के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पिछले दो माह में स्वर्ण व्यवसायियों के साथ डकैती की घटना को कारित किया जा रहा था। इसे लेकर पुलिस के द्वारा कुछ फोटो और वीडियो भी पटना पुलिस द्वारा जारी किया गया था। पकड़े गए लोगों के पास से पुलिस ने पांच किलो चांदी, 25 ग्राम सोना, पांच पिस्टल, 20 गोली, दो मैगजीन, एक बाइक और घटना वाले दिन पहने गए कपड़ा को भी बरामद किया है। यह जानकारी सिटी एसपी पूर्वी भारत सोनी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इसके तहत मानवीय एव तकनीकी साक्ष्यों का संकलन किया गया। विदित हो कि अपराधियों ने पिछले 15 दिनों के अंदर खुशरूपुर, गौरीचक और बहादुरपुर थाना क्षेत्र में स्वर्ण कारोबारी और व्यापारियों से हथियार के बल पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस की गठित टीम ने सबसे पहले पटना के एक मेकेनिक मोहम्मद इरशाद को शाहपुर से गिरफ्तार किया था। बताया जाता है कि वह जिस गाड़ी से लूटपाट की घटना को अंजाम देता था, वह उसका रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट को बदल देता था। डायल 100 की टीम द्वारा भी सीसीटीवी का विश्लेषण किया गया। इस आधार पर इस गैंग की पहचान कर गिरफ्तार किया गया है। इन कांडों में सर्वप्रथम गैंग के सदस्य मो इरशाद को गिरफ्तार किया गया, जो कि मैकेनिक का काम करता है। इसका काम डकैती में उपयोग हो रहे मोटरसाइकिल के नंबर प्लेट को बदलना और गाडी मोडिफाइई करने का था। इरशाद की गिरफ्तारी शाहपुर से की गई। उसे बहादुरपुर थाना द्वारा आठ मार्च को जेल भेजा गया है। इससे अपराध में उपयोग हुई लाल रंग का अपाची मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। मामले का आगे अनुसंधान करते हुए टीम द्वारा अन्य संदिग्ध अभियुक्तों के ठिकाने पर भी छापेमारी की गई। इसके तहत अभियुक्त शाहरुख को गिरफ्तार किया गया। उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अन्य अभियुक्त चंदन और आलोक के भी घटना में शामिल होने की बात कही। उन दोनों को भी गिरफ्तार किया गया। इन सबों के पास घटना में प्रयुक्त पिस्टल और गोली बरामद की गई। चंदन द्वारा बताया गया कि डकैती का सोना और चांदी आलोक के माध्यम से खुशरूपुर के राजीव और विक्की को दिया जाता था। राजीव और विक्की का अपना सोना की दुकान खुशरूपुर में ही है। गठित टीम के द्वारा खुशरूपुर में दुकान पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान राजीव को भी गिरफ्तार किया गया एवं विक्की फिरार पाया गया। टीम द्वार घटना में लूटा गया कीमती सामान बरामद किया गया। इसमें लगभग पांच किलोग्राम चांदी एवं 25 ग्राम सोना बरामद किया गया। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि गिरोह को हथियार मालसलामी थानान्तर्गत एक अन्य अभियुक्त के द्वारा किया जाता था। इसमें भी पहचान कर ली गई है और उसके ठिकाने पर भी छापेमारी की गई, तो टीम द्वारा हथियार और गोली बरामद की गई। डकैती में अभियुक्तों द्वारा पहने गए कपड़ों की भी बरामद किया गया। इस प्रकार अबतक इस कांड में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मो इरशाद को जेल भेज दिया गया है। बाकी को जेल भेजा जा रहा है। टीम में पटना सिटी के एएसपी शरथ आरएस, पटना सदर एएसपी, बहादुरपुर थानाध्यक्ष पूणंर्दु कुमार, आलमगंज थानाध्यक्ष राजीव कुमार, गौरीचक, खुशरूपुर के थानाध्यक्ष, डीडीयू के एसआई सतोष कुमार वर्मा, परि एसआई राजू, सिपाही रुपेश, कन्हैया, सुबोध और मुकेश शामिल थे।

# भक्तों के घर से बना प्रसाद महाभोग श्याम बाबा को किया गया अर्पित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेर से थाली भरकर लाई रे, खिचड़ो ऊपर घी की बाट की, खाटू को श्याम रंगीला रे खाटू को, तुम झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से जैसे कीर्तन के बीच श्रद्धालु झूमते, गाते और तालियां बजाते दिखे। मौका था श्री श्याम नवयुवक मंडल पटना सिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के दूसरे दिन का। खाटू वाले श्याम प्रभु का भव्य अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग, मनमोहक झांकियां, अखंड ज्योति अलग छटा बाखेर रहा था। तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के 50 वर्ष पूरे होने पर श्री श्याम महोत्सव 2024 को स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में सनातन धर्म सभा भवन में मना रही है। रविवार को भक्तों के द्वारा अपने घर से बनाए 501 महाभोग का प्रसाद लगाया गया। भक्त झूमते-नाचते महाभोग को लेकर बाबा के दरबार में पहुंचे और बाबा को भोग लगाया। उसके बाद भजन गायक जयशंकर चौधरी, लव अग्रवाल (कोलकाता) और स्वाति अग्रवाल (सिलीगुड़ी) द्वारा भजनों की रसगंगा बहाई गई। देर रात तक भजनों का दौरा चलता रहा। बाबा के दरबार में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और पटना की महापौर सीता साहू ने भी खाटू नरेश के दरबार में उपस्थिति दी। देर शाम में महा भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें भक्तों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजन स्थल से श्री श्याम प्रभु का निशान शोभायात्रा निकलेगा। यह मछरहट्टा, खाजेकलां, चौक सब्जी बाजार, झाऊगंज, हाजीगंज होते हुए वापस लौट 251 निशान राजाराम लेन स्थित श्री श्याम मंदिर में अर्पित किया जाएगा। फिर 13 मार्च को 101 निशान लेकर श्री श्याम भक्त खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। महोत्सव को सफल बनाने में नारायण साह, सचिव सह संयोजक सुरेश चौधरी, नारायण मोदी, विकास चूड़ीवाल, सुभाष झुनझुनवाला, राजू सुल्तानिया, सोनू लोयलका, संजीव देवड़ा, अनिल सुल्तानिया, राजकुमार गोयनका, श्रवण सुल्तानिया, चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला, प्रभात भरतिया ललित अग्रवाल प्रकाश सुल्तानिया, शशि सुल्तानिया, लकी मोदी, राजेश चौधरी आदि सक्रिय थे।

### अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

पालीगंज शनिवार की रात खिरीमोड थाने की पुलिस ने खिरीमोड थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव से 30 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी देते हुए खिरीमोड थानाध्यक्ष सैफीउल्लाह अंसारी ने बताया कि खिरीमोड थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव निवासी के पुत्र बिनोद यादव शराब बेचने का काम करता था। जिसके बारे में शराब रखने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। जिसके आधार पर शनिवार को पुलिस छापेमारी करने पहुंची। जहां मौके से 375 मिली लीटर की 29 बोतलें व 750 मिली लीटर की एक बोतल अर्थात कुल 11 लीटर 625 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब के साथ शराब कारोबारी बिनोद यादव को गिरफ्तार किया गया है। जिसे रविवार को जेल भेजा गया है।

# ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर, ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। रविवार को सुबह नदी थाना क्षेत्र के मोजीपुर के पास स्टेट हाइवे पर एक ट्रक ने सामने से आ रही ट्रैक्टर में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ट्रैक्टर का अधिकांश भाग दब गया जिसमें फंसकर ट्रैक्टर चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि स्थानीय लोगों ने उसे जख्मी व अचेत समझ ट्रैक्टर के दबे भाग से किसी तरह बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। लेकिन चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी होते ही नदी थाना एसएचओ राजु कुमार अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। मृतक ट्रैक्टर चालक जेठुली के 35 वर्षीय अजीत कुमार उर्फ मल्लू यादव है। वह एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। वह ट्रैक्टर लेकर फतुहा की ओर ईंट भट्ठा पर ही जा रहा था। मोजीपुर के पास एक ट्रक ने उसके ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर का अधिकांश भाग दबने से ट्रैक्टर का बहुत सारे पाट्र्स उसके सीने में धंस गये। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। खबर लगते ही जहां उसके घर के आसपास के लोग काफी मायूस नजर आए। जानकारी अनुसार मृतक के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। वहीं मृतक के परिजनों के बीच कोहराम मच गया।

# अधेड़ का शव नाला से बरामद, पहचान नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

छोटी पहाड़ी स्थित नाला से रविवार को अपराह्न पुलिस ने शव बरामद किया है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। अगमकुआं थाना की पुलिस ने शव का मुआयना करने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष आंकी जा रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अथक प्रयास के बाद नाला से बाहर निकाला है। मृतक के शरीर पर लाल रंग का छींटदार हाफ पैंट, काला रंग का फूल गर्म गंजी और शरीर गोरा है। छानबीन के लिए घटनास्थल पर पहुंचे अगमकुआं थाना के दारोगा संजय कुमार ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से ऐसा कुछ बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। शव को पहचान के लिए 72 घंटा सुरक्षित रखा जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में नीतीश कुमार का काम सबसे अनुकरणीय : उमेश कुशवाहा

## जदयू महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन

- दुनियाभर में लैंगिक समानता का अगुआ बना बिहार : भारती
- नीतीश कुमार ने महिलाओं को आँगन से आगंनबाड़ी तक पहुंचाया- शीला मंडल



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू महिला प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को प्रदेश कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का तीन आधिकारिक रंग है-बैगनी जो की न्याय और गरिमा, हरा रंग उम्मीद और सफेद रंग सुचिता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 18 वर्षों के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के प्रतीक रंग को महिलाओं के जीवन में चरितार्थ करने का काम किया है। उन्होंने अपने नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को गरिमा और सम्मान दिलाया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में नीतीश कुमार का काम सबसे अनूठा और अनुकरणीय है। श्री कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा के प्रति बालिकाओं की प्रतिबद्धता को बढ़ाने के लिए नीतीश सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाओं का संचालन हो रहा है। श्री कुशवाहा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भूमिका अहम होने वाली है। बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए आप सभी नीतीश कुमार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ भारती मेहता ने कहा कि आज संयुक्त राष्ट्र संघ जिस लैंगिक समानता की बात कह रहा है उसकी शुरूआत बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2006 में की थी। असल मायनों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दुनियाभर में लैंगिक समानता के नायक हैं। पूर्व मंत्री सह विधायक शीला मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के साथ हो रहे भिन्नता को समानता में बदलने का काम किया है। उन्होंने बिहार में महिला सशक्तिकरण का मौन क्रांति बनाया और महिलाओं को आँगन से आगंनबाड़ी तक पहुंचाने का काम किया। पार्टी के कोषाध्यक्ष सह विधानपार्षद ललन सर्राफ ने कहा कि भारत की महिला सकंल्प और शक्ति की प्रतीक है। अब महिलाओं में भी समाजसेवा की रुचि बढ़ रही है। हाल में हुए शिक्षक बहाली में 51 फीसदी सिर्फ महिलाएं है। पूर्व मंत्री एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती रंजू गीता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सबसे अहम योगदान है इसलिए हम महिलाओं की जिम्मेदारी है कि हम सभी मिलकर मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के हाथों को मजबूत करें और 2024 लोकसभा एवं 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के लिए अपनी अहम भागीदारी दें। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, डॉ स्वेता विश्वास, मालती सिंह, पूर्व विधानपार्षद रोजीना नजीश, पूर्व विधायक रेणु पासवान, महिला प्रकोष्ठ की पूर्व अध्यक्ष कंचन गुप्ता, अफरोजा खातून, संगीता यादव, किरण रंजन, कल्याणी सिंह, रुचि अरोड़ा, मायावती चैधरी, रेणुका कुशवाहा, यासमीन खातून, खुसबू सिंह, रीना चैधरी, कंचन माला चैधरी, सुप्रिया खेमखा, सविता नटराजन सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्तागण मौजूद थी।

# विप चुनाव : राबड़ी देवी सहित महागठबंधन के सभी उम्मीदवार आज करेंगे नामांकन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता





पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित महागठबंधन के सभी उम्मीदवार बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए आज यानी सोमवार को नामांकन करेंगे। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि सोमवार को अपराह्न 11 बजे बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव 2024 के लिए महागठबंधन के सभी उम्मीदवार बिहार विधानसभा के सचिव सह निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि राजद की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी,पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, डॉ उर्मिला ठाकुर, सैयद फैसल अली एवं सीपीआई माले की ओर से कामरेड शशि यादव सहित सभी महागठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। राजद प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ-साथ महागठबंधन के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे। दरअसल, बिहार में विधान परिषद की रिक्त होने वाली 11 सीटों पर चुनाव होना है, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। 21 मार्च को इन सीटों के लिए मतदान होगा। सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है। विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने वाला है, उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, संजय झा, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा के शाहनवाज हुसैन, कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन, भाजपा नेता मंगल पांडेय, राजद नेता रामचंद्र पूर्वे, जदयू नेता खालिद अनवर, रामेश्वर महतो और भाजपा नेता संजय पासवान शामिल हैंदिनदहाड़े बाइक सवार

जदयू की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व खालिद अनवर नामांकन करा चुके हैं। भाजपा की ओर से मंगल पांडे, अनामिका सिंह और डॉ. लाल मोहन गुप्ता को उम्मीदवार बनाया गया है। यहां विधान परिषद की खाली हो रही 11 सीटों में से 4 सीटें भाजपा के पास हैं। इधर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन और दिग्गज संजय पासवान को इस बार विधान परिषद् नहीं भेजा जाएगा।

# घोटाले करने के लिए सत्ता चाहते हैं परिवारवादी दल: राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि बिहार सरकार की जांच में पीएचईडी विभाग में नल-जल योजना से संबंधित 1100 करोड़ की निविदाओं को भारी गड़बड़ी मिलने पर रद्द कर के बिहार सरकार ने एकबार फिर से यह साबित कर दिया है राज्य में भ्रष्टाचार पर किसी तरह का कोई रहम नहीं किया जाएगा। इससे यह भी पता चलता है कि जनता चाहे राजद की जितनी भी दुर्गति कर दे, उनमें सुधार आना असंभव है। गौरतलब हो कि यह निविदाएँ सत्ता में रहते हुए राजद के मंत्री द्वारा निकाली गयी थी, जिसकी जांच करने पर भारी खामियां पायी गयी हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल राजद-कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों का एकमात्र उद्देश्य सत्ता के जरिये पैसा कमाना रहा है। देश में भ्रष्टाचार का कोई भी मामला उठता हो, अंत में उसके तार परिवारवादी पार्टियों से ही जुड़ते हैं। जिन राज्यों में यह सत्ता में रहते हैं वहां भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार माना जाता है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस ने जहां अपने पिछले दस वर्षों के शासनकाल में तकरीबन 12.5 लाख करोड़ के घोटालों का विश्व रिकॉर्ड बना दिया था। वहीं राजद के राज में तो जानवरों का चारा तक नहीं बचा। इनके राज में बिहार में सड़कों के निर्माण के लिए आए अलकतरा में घोटाला, स्टाम्प घोटाला, बाढ राहत घोटाला, चरवाहा विद्यालय घोटाला, रेलवे होटल घोटाला, जमीन के बदले नौकरी घोटाला, मिटटी घोटाला समेत न जाने कितने घपले हुए. यह दिखाता है इनके सत्ता सिर्फ घोटाला करके अकूत संपत्ति जुटाने का जरिया भर है। उन्होंने कहा कि बिहार में घूम-घूम कर ईमानदारी की कसमें खा रहे राजद के युवराज को बताना चाहिए कि महज 17 महीनों का मौका मिलने पर भी उनके नेता गड़बड़ी करने से बाज क्यों नहीं आये? वह बताएं कि नाबालिग होते हुए भी वह करोड़ों की संपत्ति के मालिक कैसे बन गये? उनकी किस सेवा के कारण लोग उन्हें अपनी जमीने लिख देते थे? उन्हें बताना चाहिए कि यदि वह पाक-साफ हैं तो घोटालों का खुलासा होने पर भी उन्होंने लोगों को उनकी जमीनें क्यों नहीं लौटाई?

# किसान की गोली मारकर हत्या, परिजनों में आक्रोश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी में अपराधियों ने शनिवार की देर रात एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार की सुबह किसान का शव रानीपुर कुरकुरी गांव के रास्ते नहर के किनारे पगडंडी से बरामद कर लिया है। फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी सफीर आलम ने बताया कि मृतक की पहचान रानीपुर निवासी सुकेश कुमार 40 वर्ष के रूप में की है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। वार्ड पार्षद ने बताया कि सुकेश कुमार फुलवारी शरीफ थाना के रानीपुर में पुराने मकान में रहा करता था, लेकिन अभी कुछ माह पूर्व उन्होंने हाईकोर्ट कॉलोनी में नया मकान बनाया था। तब से वह वहीं रह रहा था। बताया जा रहा है कि सुकेश कुमार का अपनी पत्नी से पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। इधर, परिजन हिमांशु कुमार ने बताया कि सुकेश कुमार नशे के आदी हो चुका था। बताया कि नशे के लत के कारण उनकी पत्नी और बच्चों से बराबर विवाद हुआ करता था। इसी के कारण पिछले लगभग 10 दिनों से वह पत्नी का साथ छोड़कर अकेले रह रहे थे। घटना का कारण पूछे जाने पर उन्होंने इस मामले में फिलहाल कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों के द्वारा सुकेश कुमार के सिर में एक गोली मारी गई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा के साथ ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। घटना की सूचना के बाद मौके पर डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

# जदयू के विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रभारियों की सूची जारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रभारियों की सूची जारी की। व्यवसायिक, उद्योग एवं शिक्षा प्रकोष्ठ का प्रभार विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ, किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रभार पूर्व विधायक मंजीत सिंह, छात्र प्रकोष्ठ का प्रभार पार्टी के प्रदेश महासचिव रंजीत झा एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रभार मेजर इकबाल हैदर को दी गई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने नव-मनोनीत प्रकोष्ठ प्रभारियों को उज्ज्वल व सफल राजनीतिक कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पार्टी को पूरा विश्वास है की नव-मनोनीत प्रभारिगण अपने-अपने प्रकोष्ठ को मजबूत और धरधार बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेशानुसार संगठन के प्रति समर्पित और अनुभवी पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि नव-मनोनीत प्रकोष्ठ प्रभारियों का लंबा राजनीतिक अनुभव पार्टी के लिए लाभकारी साबित होगा और हम बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की ऐतिहासिक जीत का लक्ष्य पूरा करेंगे। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विगत 18 वर्षों में अपने नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं के बदौलत राजनीति को सेवा का प्रतीक बनाया है। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक, उद्योग प्रकोष्ठ, शिक्षा प्रकोष्ठ, किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ, छात्र प्रकोष्ठ एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हमारी पार्टी का अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग है। 2024 लोकसभा एवं 2025 विधानसभा चुनाव में इनकी भागीदारी निर्णायक होने वाली है।

# दिनदहाड़े बाइक सवार व्यक्ति का मोबाइल झपटकर फरार

- अपराधियों के पीछा करने के दौरान हुए जख्मी
- अटल पथ पर पुनाईचक ओवर ब्रिज के समीप का मामला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी में अपराधी पूरी तरह बेखौफ हो चुके हैं। अपराधी दिनदहाड़े छिनतई, लूट व हत्या जैसे घटनाओं का अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को दिनदहाड़े बाइक सवार से मोबाईल छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। मामला पुनाईचक ओवर ब्रिज के समीप अटल पथ की है। जहां दिनदहाड़े लुटेरों ने ओवरटेक कर बाइक सवार संजय कुमार के पॉकेट से मोबाईल झपटकर फरार हो गया। उन्होंने लुटेरों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन असफल रहें। पीछा करने दौरान राजीव नगर अंडर पास के समीप विपरीत दिशा से आ रही बाईक के साथ टक्कर हो गई। जिससे बूरी तरह वह जख्मी हो गये। इलाज के लिए फौरन राजीव नगर ओवर ब्रिज के समीप एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि घटना की शिकायत स्थानीय शास्त्रीनगर में की गई है। परिजनों ने बताया कि घर में भतीजी की शादी है। शादी के सामान की खरीदारी के लिए मीठापुर गए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान अटल पथ पर यह हादसा हुआ। घर में खुशी का माहौल फीका पड़ गया। घटना की खबर सुनते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। बताते चलें कि छिनैती की घटनाएं कोई नई बात नहीं है। सड़कों पर चोर अकसर मोबाइल, पर्स या कोई कीमती सामान चुराकर भाग जाते हैं। कुछ ऐसा ही मामला पटना की सड़कों पर देखने को मिला, जब बाइक सवार युवक के हाथ से मोबाइल झपट रफूचक्कर हो गए।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाकपा, कनवेंशन शुरू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव राम नरेश पाण्डेय ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। राज्य पार्टी के फैसले के अनुसार बांका, बेगूसराय और मधुबनी लोकसभा सीट की तैयारी चल रही है। मधुबनी में लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्त्ताओ का कन्वेंशन 09 मार्च को सम्पन्न हो चुका है। बेगूसराय में लोकसभा क्षेत्र के कार्यकत्ताओं का कन्वेंशन रविवार को हो रहा है तथा बांका में लोकसभा क्षेत्र के कार्यकत्ताओं का कन्वेंशन 12 मार्च को सम्पन्न होना है। केन्द्रीय पार्टी की ओर से राज्य के प्रभारी का नागेन्द्र नाथ ओझा, पूर्व सांसद, सदस्य, राष्ट्रीय सचिवमंडल राज्य में कैम्प कर रहे है तथा चुनाव की तैयारी में सहयोग कर रहे है। मधुबनी जिला के सम्पन्न कार्यकर्त्ता कन्वेंशन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव का नागेन्द्र नाथ ओझा, राज्य सचिव का राम नरेश पाण्डेय, दरभंगा जिला के सचिव का नारायण जी झा, मधुबनी जिला के सचिव का मिथिलेश झा के अलावे विभिन्न अंचलों के सैकड़ों की संख्या में नेता एवं कार्यकर्त्ता मौजूद थे। राज्य की ओर से का शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, पूर्व सांसद, काराजेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक, का० अवधेश राय, पूर्व विधायक एवं बेगूसराय जिला सचिव, का राम रतन सिंह, विधायक, का० सूर्यकान्त पासवान, विधायक, का० उषा सहनी पूर्व विधान पार्षद, का० संजय कुमार, पूर्व विधान पार्षद, का० मिथिलेश झा, मधुबनी जिला सचिव एवं राज्य पार्टी के अन्य नेतृत्व के साथियों को उपरोक्त तीनों क्षेत्र में कैम्प करने को कहा गया है। तीनों जिला के नेता तथा कार्यकर्त्ता बूथ कमिटियों के गठन, चुनाव कोष तथा प्रचार-प्रसार की योजना बनाकर तैयारी में जुट गये है।

# राजद व सपा ने पसमांदा मुस्लिमों को दिया धोखा : फिरोज

- कहा- आगामी लोस चुनाव में भुगतना होगा खामियाजा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय संयोजक एंव पीएमडीआर एफ के निदेशक प्रो फिरोज मंसूरी ने कहा की बिहार यूपी में राजद कांग्रेस सपा को सबक सिखायेगी पसमान्दा ।पसमांदा मुसलमानों के पिछड़ेपन का जिक्र करते रविवार को तहजीब हाउस पटना में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे पसमांदा के चाणक्य प्रो फिरोज मंसूरी ने कहा कि जुलाई 2022 में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हैदराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पसमांदा मुसलमानों के बारे में गहरी चिंता जाताई थी तत्पश्चात उन्होंने अपने भोपाल, दिल्ली आदि के कार्यकर्मों में पसमांदा की कई जातियों का उल्लेख किया और कहा कि इनके खराब हालात के जिम्मेदार दो लोग हैं। एक पूर्व की सरकारें दूसरे उनके समाज के अगड़े मुसलमान जिन्होंने उनको कभी आगे आने नहीं दिया। मंसूरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस वक्तव्य के बाद देश के कई पसमांदा मुसलमानों ने स्वागत किया अफसोस इस बात का है कि प्रधानमंत्री के इस चिंता के लगभग 02 साल होने को हैं न तो पसमांदा के लिए कोई कार्य योजना बनाई और न ही पसमांदा समाज के उत्थान के लिए कोई घोषणा हुई ।मंसूरी ने कहा की बिहार की 85 प्रतिशत पसमांदा मुस्लिम को दरकिनार कर राजद कांग्रेस वामपंथी दलों ने राज्य सभा विधान परिषद् की उमिदवार सूची से पसमान्दा की जगह 15 प्रतिशत स्वर्ण मुस्लिम को तरजीह दिया ।2024 के लोक सभा चुनाव में इसकी धमक दिखाई देगी ।प्रो मंसूरी ने कहा कि पसमांदा को सभी क्षेत्रों में उनकी आबादी के अनुपात में भागेदारी दी जाये, राजनैतिक क्षेत्र में सभी लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, विधान परिषद, में पसमांदा मुसलमानों को 85 प्रतिशत आबादी के अनुपात में टिकट देकर हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाये। मंसूरी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री को पसमांदा मुसलमानों के प्रति सच्ची चिंता है तो उनको आगामी लोकसभा 2024 में कम से कम अपनी पार्टी से पसमांदा मुसलमानों को उनकी आबादी के अनुपात में ज्यादा से ज्यादा टिकट देकर पसमांदा मुसलमानों के हितों की रक्षा व समाज के उत्थान करने हेतु कार्य करने की पहल करना चाहिए। मंसूरी ने कहा कि देश व प्रदेश में मुसलमानों की आबादी का 85 प्रतिशत पसमांदा मुसलमान हैं। आजादी के बाद पूर्व व वर्तमान की केंद्र व राज्य सरकारों की गलत नीतियों के चलते आज 85 प्रतिशत पसमांदा मुसलमान देश की मुख्य धारा से अलग थलग हो गया हैं और उनके हालात दलितों से भी बदतर हो गये हैं।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश का हुआ चहुंमुखी विकास : सर्राफ



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में पार्टी के कोषाध्यक्ष सह विधानपार्षद ललन सर्राफ ने कुम्हरार विधानसभा के प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता एवं सीपीआई के नेता अभय शर्मा के नेतृत्व में आये सैकड़ों कार्यकताओं को जदयू की प्राथमिकता सदस्यता दिलवाई। इस मौके पर श्री सर्राफ ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार बन गई है, अब बिहार का विकास दोगुनी रफ्तार से होगा। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण बिहार नीतीश कुमार का परिवार है वे प्रत्येक बिहारी की चिंता करते हैं। आधी आबादी की तरक्की के लिए नीतीश कुमार दिनरात काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के अंदर चहुंमुखी विकास हुआ है। श्री लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में बिहार की क्या स्थिति यह किसी से छिपा हुआ नहीं है लेकिन आज बिहार की तारीफ देश और दुनियाभर में होती है। श्री नीतीश कुमार का स्पष्ट मानना है कि राजनीति सेवा के लिए होता है मेवा के लिए नहीं। वे वोट की नहीं वोटर की चिंता करते हैं। श्री अभय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासकार्यों एंव जनकल्याण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर उन्होंने जनता दल यू से जुड़ने का निर्णय लिया है। श्री अभय शर्मा ने 2024 लोकसभा चुनाव में श्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने के लिए पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार निराला उर्फ सिंदुरिया, नगीना चैरसिया, प्रदेश महासचिव शशिकांत गुप्ता, राहुल खण्डेलवाल, जदयू नेत्री कंचन गुप्ता, सुजीत पाठक मौजूद थे। पार्टी की सदस्यरता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से रंजन तिवारी, मनीष तिवारी,राजीव तिवारी, रिंकू ठाकुर, पंकज कुमार, राजेश कुमार, अबिद अंसारी, मो मोईन, इंदु देवी, उर्मिला देवी, मुकेश ठाकुर, नीलम देवी, मुकेश कुमार, सहारो देवी, श्रीमती सीमा देवी, श्रवण पुत्र, पूजा देवी, टहलती देवी आदि थे।

# वीआईपी की ताकत आने वाले समय में दिखाई देगी : सहनी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी रविवार को दिल्ली रवाना हुए। उन्होंने दिल्ली जाने के पूर्व पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की राजनीति में वीआईपी और निषाद समाज विशेष, अलग भूमिका में है। हमारे पास अपना जनाधार है। बोचहा, कुढ़नी, सिमरी बख्तियारपुर में हुए उप चुनाव का परिणाम इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जहां हम लड़ते है और जहां हम जिसे दुश्मन टारगेट कर लेते हैं, उसे हारना पड़ता है, यह हमारी पहचान है। जिनको अधिक से अधिक सीटें जीतना है उन्हें वीआईपी पार्टी जरूरत है और हमारी भी अपनी मांग है। हमारी मांग को जो मानेगा, सहमति देगा, उसके साथ जाएंगे। हमारी भी इच्छा है कि देश में सरकार के साथ रहकर काम करे। हमारी मांग दिल्ली, पश्चिम बंगाल की तरह बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में निषादों को आरक्षण देने की मांग है, अभी तो कोई भी पूरा नहीं कर सकता है, लेकिन सहमति दे सकता है। श्री सहनी ने दावा किया कि आने वाले समय में आपको वीआईपी की ताकत दिखाई देगी।

# प्रधानमंत्री कल 10 नई वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का करेंगे शुभारंभ

## पीएम कल को छह हजार रेल अवसंरचना परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को देशभर में एक साथ 85 हजार करोड़ रूपए से अधिक की छह हजार रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे ।इसी कड़ी में माननीय प्रधानमंत्री जी देश के विभिन्न स्टेशनों के मध्य 10 नई सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन का शुभारंभ तथा 04 वंदे भारत एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार एवं 02 अन्य रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर परिचालन का शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधकी तरूण प्रकाश ने रविवार को पटना में प्रेस वार्ता की । प्रेस वार्ता के दौरान महाप्रबंधक ने प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास व लोकार्पण किए जाने वाले विभिन्न रेल परियोजनओं तथा नए वंदे भारत ट्रेन सहित अन्य रेल सेवाओं के संबंध में संवाददाताओं को अवगत कराया गया ।महाप्रबंधक ने कहा कि प्रधानमंत्री 6558 करोड़ की लागत वाली 19 रेलवे वर्कशॉप, लोको शेड, पिट लाईन, कोचिंग डिपो, फलटण-बारामती नई रेल लाईन एवं इलेक्ट्रिक ट्रैक्सन सिस्टम के अपग्रेडेशन कार्य का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री जी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू खुर्जा से साहनेवाल सेक्शन, न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड सेक्शन और वेस्टर्न डीएफसी के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री 20,744 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 1500 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण, मल्टी ट्रैकिंग तथा आमान परिवर्तन, 2400 करोड़ रूपए की लागत से विद्युतीकृत 2135 किलोमीटर रेलखंड को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा 280 करोड़ की लागत वाली वेस्टर्न डीएफसी ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर एवं 2763 करोड़ रूपए की लागत वाली रेलवे वर्कशॉप, लोको शेड, पिट लाई, कोचिंग डिपो भी राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा ।इसके अलावा रेलवे गुड्स शेड, गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल, डिजिटल कंट्रोलिंग ऑफ स्टेशन, 80 रेलखंडों में 1045 रूट किलोमीटर में ऑटोमेटिक सिगनलिंग सिस्टम का राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा। प्रधानमंत्री 1500 से अधिक वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल तथा 35 रेल कोच रेस्टोरेंट तथा 975 लोकेशनों पर सोलर पावर स्टेशन व सर्विस बिल्डिंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे ।इसी क्रम में प्रधानमंत्री 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ करेंगे ।महाप्रबंधक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 85 हजार करोड़ रूपए की जिन रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा उनमें पूर्व मध्य रेल की 13,228 करोड़ रूपए की परियोजनाएं भी शामिल हैं । साथ ही शुभारंभ किए जाने वाले 10 वंदे भारत ट्रेन में पटना-लखनऊ एवं न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वंदे भारत ट्रेन भी शामिल है । रांची-वाराणसी वंदे भारत का परिचालन भी पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार होकर किया जाएगा । प्रधानमंत्री जी नरकटियागंज में 50 करोड़ की लागत वाली वाशिंग पिट लाईन के साथ कोचिंग कॉप्पलेक्स के निर्माण का शिलान्यास करेंगे । इसी क्रम में 5423 करोड़ रूपए की लागत से ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की न्यू चिरैला पाथु-न्यू सोननगर लिंक , 6309 करोड़ रूपए की लागत से 422 किलोमीटर लंबी नई लाईन, दोहरीकरण, आमान परिवर्तन, मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं का प्रधामंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे । 12 करोड़ रूपए की लागत से आरा और मुजफ्फरपुर में वाशिंग पिट लाईन, 1329 करोड़ रूपए की लागत वाली 04 गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल, पटना, दरभंगा और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र एवं 68 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का भी लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा ।

# शक्तिधाम में 18 मार्च से पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

श्री शक्तिधाम सेवा न्यास बैंक रोड , पटना में 18 मार्च से पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय इस भव्य आयोजन में सबसे पहले सोमवार 18 मार्च को दादीजी होली मिलन का भव्य आयोजन संध्या 5 बजे से होगा। मंगलवार 19 मार्च को इस अवसर पर सुबह दस बजे से भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली जायगी। इस निशान यात्रा में हजारों की संख्या में महिलायें एवं पुरुष निशान लेकर निकालेंगे. यह यात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट एक्जीविशन रोड से सुबह दस बजे निकल कर भट्टाचार्य रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज,गांधी मैदान,होटल मौर्या, बिस्कोमान भवन होते हुए बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर पहुंचेगी। वहीं बुधवार 20 मार्च को 10 बजे सुबह से अखण्ड ज्योति पाठ मंजू जैन एवं पार्टी तथा 9:30 रात्रि से रात्रि जागरण का आयोजन होगा। गुरुवार 21 मार्च को सवामणी भण्डारा प्रसाद का वितरण एक बजे दोपहर से होगा। पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार 25 मार्च को संध्या पांच बजे से होली मिलन उत्सव मनाया जाएगा। सभी कार्यक्रमो का आयोजन शक्तिधाम , बैंक रोड पटना में होगा। एम पी जैन ने बताया कि मौके पर अमर कुमार अग्रवाल, ओम प्रकाश पोद्दार, रमेश मोदी , संजय लाठ, शंकर शर्मा, अक्षय अग्रवाल, नरेंद्र कुमार शर्मा, .लालन लाठ, रितेश तुलस्यान, सज्जन चौधरी, गौरव शर्मा, विवेक शर्मा, शुभम शर्मा, बिमल माधोगरिया आदि उपस्थित थे।

# मेरा गठबंधन बिहार की जनता के साथ है : चिराग



- कहा–मैं सिर्फ बिहार के लिए समर्पित रहूंगा

पटना। मैं जबतक जिंदा रहूंगा, जबतक मेरे शरीर में लहू का एक भी कतरा रहेगा, मैं सिर्फ और सिर्फ बिहार और बिहारियों के लिए समर्पित रहूंगा। उक्त बातें लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज में आयोजित जन आशीर्वाद महासभा को संबोधित करते हुए कहीं। श्री चिराग ने कहा कि आज जब गठबंधन को लेकर मीडिया में सुर्खियां बनी हुई है और यह कयास लगाए जा रहे हैं कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास किसके साथ गठबंधन करेगी और आने वाले दिनों में हम किसके साथ चुनाव लड़ेंगे ? मीडिया के साथी लगातार इस बात का कयास लग रहे हैं रहे हैं कि चिराग कहा से चुनाव लड़ेगें और किस गठबंधन में चुनाव लड़ेगें उन्हें एक बात स्पष्ट कर दूं कि मेरा गठबंधन बिहार की जनता के साथ है और जब तक मैं जबतक जिंदा रहूंगा, जबतक मेरे शरीर में लहू का एक भी कतरा रहेगा, मैं सिर्फ और सिर्फ बिहार और बिहारियों के लिए समर्पित रहूंगा। आपसे स्पष्ट कर दूं कि चिराग पासवान सिर्फ बिहार की जनता के साथ गठबंधन रखेगा। श्री चिराग ने कहा कि आज जन आशीर्वाद महासभा के तहत चुनाव की पूर्व संध्या पर एकत्रित हुए हैं बिहार में कई सरकारें आई और कई सरकारें गई कई गठबंधन आए और कई गठबंधन टूटे पर आज भी हमारे प्रदेश की समस्याएं वही की वही है हमारे प्रदेश को कई सरकारों ने लूटा है कई राजनीति बड़े-बड़े वादे किया गए लेकिन बिहार के लोग आज भी छोटी-छोटी नौकरियों के लियें दूसरे प्रदेशों में मजबूरन जाते है। पलायन हमारे प्रदेश के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है इस लिए अब वक्त आ गया है कि बड़े-बड़े वादे करने वाले और झूठें वायदे करने वालों को सबक सिखाया जायें यही कारण है कि हमारी पार्टी बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट के तहत आज 14 करोड़ बिहारी आबादी के लिए लड़ाई लड़ने का काम कर रही है विभिन्न क्षेत्रों में बड़े-बड़े पदों पर बिहार के लोग हैं दूसरे प्रदेशों में बड़े-बड़े अस्पतालों में बड़े डॉक्टर बिहार के है तब यह सवाल उठता है कि क्यों बिहार पीछे छूट गया। विश्व में वैशाली ऐतिहासिक लोकतंत्र की जननी रहा है यह प्रदेश लोकतंत्र के लिए जानी जाती रही है

## संक्षिप्त खबरें

### एक देसी रिवाल्वर व विदेशी शराब के साथ बदमाश गिरफ्तार

समस्तीपुर। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रसलपुर पठान में रविवार की सुबह छापेमारी कर मुफ्फसिल पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 10 बोतल विदेशी शराब व एक देसी रिवाल्वर बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान रसलपुर पठान के बैद्यनाथ सिंह के पुत्र ललन कुमार के रूप में हुई है। इस सम्बन्ध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

### पूर्व वार्ड सदस्य के निधन पर शोक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत महथी दक्षिण पंचायत वार्ड 15 के पूर्व वार्ड सदस्य मोहम्मद नूर होदा का रविवार को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर मुखिया भोले शंकर दास, सरपंच हरे राम दास, प्रमुख पति दिलीप नारायण सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### आपसी मारपीट की घटना में दो लोग हुए गंभीर रूप से जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर भुआल गांव में आपसी विवाद में मारपीट की घटना में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसको लेकर एक पक्ष के युवक ने दूसरे पक्ष के रामाश्रय सहनी की पत्नी गनौरी देवी एवं पुत्र विजय सहनी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर हालत में दोनो का इलाज समस्तीपुर के निजी क्लीनिक में जारी है। जहां हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष नीतिश चंद्र धारिया ने बताया, कि अब तक आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अग्नि पीड़ित परिवार के बीच राहत सामग्री का हुआ वितरण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड के तीरा पंचायत के रजपा गांव के रविदास टोला में बीते शुक्रवार को भीषण आग लगने से 28 घर जलकर राख हो गया था। वहीं अग्नि पीड़ित परिवार के बीच पूर्व डीजीपी एवं कांग्रेस नेता बीके रवि की टीम द्वारा राशन एवं अन्य सामग्री जैसे आंटा, चावल, दाल, चूड़ा, तेल, नमक आदि का पैकेट वितरण किया गया। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि आनंद कुमार डब्ल्यू, रामचंद्र राय, माले प्रखंड सचिव दिनेश कुमार, रंजीत राम, राजद नेता बिरजू राय, सीताराम पासवान, अमित कुमार, संजीत कुमार सहित सभी ग्रामीण मौजूद थे।

### मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

बोचहा।लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के संकल्प के साथ वोटर जागरूकता अभियान चलाया गया,शनिवार को वोटर जागरूकता अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता रैली निकाली और लोगों को अपने मताधिकार के इस्तमाल का आह्वान किया। इस दौरान कार्यक्रम को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्ने आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सहायिका जुटी वही आगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने रैली निकाली और लोगों को जागरुक करते हुए प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचे, मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रिया कुमारी, एलएस अंजली राय, चांदनी कुमारी सहित दर्जनों सामिल हुए।

### डीएम ने चापाकल मरमत दल को किया रवाना

मुजफ्फरपुर। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर एवं मोतीपुर के संयुक्त तत्वावधान में समाहरणालय से शनिवार को जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने आसन्न गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी प्रखण्डों में एक-एक चापाकल मरम्मती दल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सभी मरम्मति दल अपने-अपने प्रखण्ड के बन्द पडे सभी सार्वजनिक चापाकलों एवं स्थानीय लोगों द्वारा प्रमंडलीय नियंत्रण कक्ष एवं अन्य श्रोत से प्राप्त शिकायतों के आधार पर बन्द परे चापाकलों की त्वरित मरम्मती करेंगे। प्रत्येक मरम्मति दल वाहनों में चापाकल की मरम्मती हेतु सभी सामग्री एवं उपकरण उपलब्ध है। साथ ही सभी वाहनों में तीन से चार चापाकल मिस्त्री एवं खलासी को रखा गया है। ग्रामीण जनता के पेयजल समस्या से संबंधित शिकायतों तथा उसके निराकरण हेतु जिला स्तर पर प्रमंडलीय कार्यालय के साथ-साथ प्रखण्ड स्तर पर शिकायत पंजी संधारित है

# बिहार मिथिला वासियों को मिली सौगात - खाद्यान्न भंडारण की आधुनिक तकनीक से निर्मित स्टील साइलो का दरभंगा में हुआ उद्घाटन



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा में भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय दरभंगा के अंतर्गत ग्राम- जोगियारा, जाले में रविवार को 50,000 एम.टी. क्षमता वाले नवनिर्मित गेंहू भंडारण साइलो का उद्घाटन अश्विनी कुमार चौबे, केन्द्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। यह साइलो दरभंगा-सीतामढ़ी रेलखंड पर जोगियारा रेलवे स्टेशन से पश्चिम लगभग 1800 मीटर दूर (खेसर रेलवे गुमटी के पास) पी. पी. पी. मॉडल पर भारतीय खाद्य निगम के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी से अदानी एग्री लोजिस्टिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। साइलो कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन अश्विनी कुमार चौबे, केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा उद्घाटन पट्टीका का अनावरण कर किया तथा साइलो के विद्युत कक्ष में स्थित नियंत्रण प्रणाली का विधिवत बटन दबाकर कॉनवेयर बेल्ट का शुभारंभ किया गया। साथ ही राज्य मंत्री ने गेंहू खरीद केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर अजीत कुमार सिन्हा ,कार्यकारी निदेशक(मुख्यालय) द्वारा केंद्रीय मंत्री तथा गणमान्य अथितियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि साइलो के आने से दरभंगा व साथ के जिलों में अनाज भंडारण में काफी सहायता मिलेगी ' इस शुभ अवसर पर डॉ. धर्मशीला गुप्ता, राज्यसभा सदस्य, डॉ. गोपाल जी ठाकुर, लोक सभा सदस्य दरभंगा, डॉ. अशोक कुमार यादव, लोक सभा सदस्य मधुबनी, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश दरभंगा रमाकांत, हरि सहनी, सदस्य बिहार विधान परिषद और जीवेश कुमार, विधायक जाले सहित अन्य गणमान्य हस्तियाँ उपस्थित रहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री, अश्विनी कुमार चौबे ने इस अवसर पर बताया गया कि यह भण्डारण साइलो केंद्र की ओर से मिथिला वासियों को सौगात है तथा इसके प्रारंभ होने से इस क्षेत्र में भारतीय खाद्य निगम की अनाजों की भंडारण क्षमता बढ़ेगी, रोजगार सृजन हो सकेगा, तेजी से अनाज का संचलन होगा तथा राज्य में उत्पादित अनाज के भंडारण में यह बहुत ही मददगार होगा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा साइलो परिसर में पौधारोपण भी किया गया एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों को 10 किलो बैग में खाद्यान्न का वितरण भी किया गया। केंद्रीय मंत्री द्वारा साइलो परिसर में स्थापित गेहूँ खरीदी केंद्र का भी उद्घाटन किया गया। विदित हो कि आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 के तहत 15 मार्च, 2024 से पूरे बिहार राज्य के सभी जिलों में गेहूँ की खरीद शुरू हो जाएगी तथा गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपए 2275/- प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानो को भुगतान 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। यास्थित गणमान्य अतिथियों ने किसान भाइयों को यह सलाह दी कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठावें ' यह साइलो भारतीय खाद्य निगम के साथ निजी- सार्वजनिक साझेदारी मॉडल के तहत निर्मित गेहू भंडारण के लिए साइलो है जो अड़ानी एग्री लोजिस्टिक्स लि. द्वारा डिजाइन-बिल्ड-फाइनेंस-ओन- ऑपरेट मॉडल के तहत निर्मित किया गया है। दरभंगा स्थित साइलो की भण्डारण क्षमता 50000 मीट्रिक टन (हेतु 12500 मी.टन 4 साइलो बिन) है जिसका उपयोग भारतीय खाद्य निगम आगामी 30 वर्षों तक खाद्यान्न का भंडारण हेतु किया जायेगा जबकि साइलो का संचालन निजी संस्था द्वारा किया जाएगा। स्टील साइलो का मुख्य उद्देश्य फसल कटाई के बाद भण्डारण के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने, अनाज की गुणवत्ता को संरक्षित करने और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से खाद्यान्न के थोक रखरखाव औरभंडारण के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से खाद्यान्न की मात्रा और गुणवत्ता संरक्षित करना है। इस दौरान भारतीय खाद्य निगम के उच्च अधिकारी डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कार्यकारी निदेशक, मुख्यालय नई दिल्ली, विजय पराशर, मुख्य महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय (पूर्व), कोलकाता,अमित भूषण, महाप्रबंधक बिहार क्षेत्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विजय पाराशर, मुख्य महाप्रबंधक(कोलकाता) एवं अमित भूषण, महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) द्वारा सभी अतिथियों को उनके आगमन हेतु धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर भारतीय खाद्य निगम, बिहार क्षेत्र के उप महाप्रबंधक आनन्द कुमार, मण्डल प्रबंधक, मण्डल कार्यालय दरभंगा के संतोष कुमार आदि, क्षेत्रीय कार्यालय पटना से सहायक महाप्रबंधक श्री विजय सिंह, दुर्गेश, कुमार अभिषेक एवं सिकंदर मांझी आदि उपस्थित थे।

## अपने से 22 साल बड़े शिक्षक संग फेरे लेने वाली छात्रा की लटकी मिली लाश, पति गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर जिले के रोसड़ा में एक अजूबे प्रेम कहानी का दुखद अंत हुआ। अपने से 22 साल बड़े शिक्षक से लव मैरिज करने वाली श्वेता कुमारी की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गई। लड़की का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं मामले में पुलिस ने कारवाई करते हुए शिक्षक पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल, मामला जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र का है। महादेव मठ की रहने वाली श्वेता कुमारी को कोचिंग पढ़ाने वाले अंग्रेजी के शिक्षक संगीत कुमार से प्यार हो गया था। इसके बाद उसने अपने से 22 साल बड़े शिक्षक संगीत कुमार से दिसंबर 2022 में कोर्ट मैरिज करने के बाद मंदिर में हिन्दू रीति-रिवाज से शादी की थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। लेकिन यह शादी मात्र 1 साल 4 महीने ही चली और श्वेता की मौत हो गई। इस मामले में परिजनों का आरोप है कि दहेज के लिए उसकी बेटी की हत्या गला दबाकर कर दी गई है। परिजनों का कहना है कि जिस वक्त शादी हुई थी उस समय 5 लाख रुपए और जेवरात दिए गए थे लेकिन फिर से रुपए की डिमांड की जा रही थी। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार को श्वेता ने भाई को फोन किया था। फोन करने के बाद भाई श्वेता कुमारी को लाने के लिए उसके ससुराल गया था। इस दौरान शिक्षक पति उसके भाई को समक्षा-बुझाकर भेज दिया था। इसके कुछ देर बाद ही मौत की सूचना मिली। परिजनों ने शिक्षक पति पर हत्या का आरोप लगाया है। इधर, इस मामले में पति संगीत कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी ने गले में फंदे लगाकार आत्महत्या कर ली है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी शिक्षक पति को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पति से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ज्वेलर्स एवं बर्तन दुकान में चोरी, थाना में दिया आवेदन



उजियारपुर, प्रात : किरण संवाददाता

उजियारपुर थाना क्षेत्र के चंदौली चौक स्थित अर्जुन ज्वेलर्स एंड बर्तन भंडार नाम के दुकान में 9 मार्च की रात्रि अज्ञात चोरों ने पीछे से दीवार तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया है। मामले को लेकर दुकानदार बेगूसराय जिला के मंसूर चक निवासी गोपाल कुमार सोनी ने थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया की हर दिन की भांति 9 मार्च की रात्रि दुकान बंद कर घर गया। 10 मार्च की सुबह जब दुकान खोला तो देखा पीछे की दीवाल से ईट निकालकर बड़ा सा छेद बना है। तिजोरी का ताला टूटा हुआ है तिजोरी से सोना का नया एवं ग्राहक के बंधक रखा जेवर 250 ग्राम तथा चांदी का नया एवं ग्राहक का बंधक रखा जेवर 5 किग्रा तथा तिजोरी से ढाई लाख रुपया गायब था।

## होटल कर्मी की संदिग्ध हालत में मौत, परिजनों ने होटल संचालक पर लगाया करंट लगाकर हत्या का आरोप

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



शहर के स्टेशन चौक स्थित एक होटल कर्मी की शनिवार की शाम संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रामपुर केशोपट्टी के स्व. दामोदर सहनी के पुत्र सुरेंद्र सहनी के रूप में हुई है। सूचना उपरांत रामपुर केशोपट्टी से रविवार को पुलिस ने शव को जब्त कर परिजनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। इस सम्बन्ध में मृतक के परिजनों के द्वारा मुफ्फसिल थाना में आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि सुरेंद्र सहनी पिछले एक साल से उस होटल में मिस्त्री का काम करते थे। परिजनों के अनुसार वह वहां नमकीन आइटम बनाने का काम करते थे। हालांकि होटल संचालक उसे समय पर उसकी मजदूरी का मेहनताना नहीं देते थे। शनिवार की शाम होटल संचालक के द्वारा सुरेंद्र का शव उनके घर पर लाकर रख दिया गया। शव पर निशान को देखने के बाद पता चला कि सुरेंद्र को की करंट लगाकर हत्या की गई है। उन्होंने होटल संचालक के ऊपर करंट लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं इस सम्बन्ध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि सूचना के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों के द्वारा आवेदन मिलने के बाद विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। वैसे पुलिस इस मामले में जांच में जुटी हुई है।

## डीएम ने की निर्वाचन कोषांगों के कार्य योजना की तैयारियों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। निर्वाचन में गठित कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। कोषांग से संबंधित कार्य योजना की तैयारी की समीक्षा की गई। कार्मिक कोषांग ने बताया कि सभी जगहों से डाटाबेश प्राप्त हो गया है। तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। प्रशिक्षण कोषांग को निदेश दिया गया कि बिन्दुवार चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण हेतु राईटअप तैयार कर लें। चलंत मतदान केन्द्र का सत्यापन, शस्त्र सत्यापन का निदेश दिया गया। बूथों पर बुनियादी सुविधाएं एवं डैम्प में विभिन्न कार्यों की प्रविष्टि, सिंगल विडों के तहत अनुमति देने हेतु तैयारी, निर्वाचकी सूची की शुद्धता एवं सत्यता, सी.ए.पी.एफ. फोर्स के आवासन एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये। कम्यूनिकेशन प्लान को शुद्धता के साथ तैयार करने का निदेश दिया गया, क्योंकि यह पीठासीन पदाधिकारी का एक महत्वपूर्ण सामग्री होता है। बज्रगृह में आवश्यक व्यवस्था करने का निदेश कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को दिया गया। निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा एफ.एस.टी., एस.एस.टी. टीम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आचार संहिता के साथ ही यह कोषांग नियमित रूप से निगरानी करते हुए प्रतिदिन प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को अन्तकोर्षांगीय समन्वय सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया का सफलतापूर्वक संचालन करने का निदेश दिया। उन्होंने असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि भेद्य मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को वाहनों की आवश्यकता का आकलन कर निर्वाचन कार्य के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया। कार्मिक कोषांग द्वारा चुनाव के लिए कार्मिकों की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आकलन कर नियुक्ति हेतु कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्वाचन कार्य में संलग्न हर एक पदाधिकारी एवं कर्मी को वृहत प्रशिक्षण देने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का त्रुटिरहित, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय ढंग से अनुपालन सुनिश्चित करने के योग्य बनाता है। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया। सभी मतदान केन्द्रों पर रैम्प, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत, साईनेज, हेल्पडेस्क आदि की व्यवस्था रहनी चाहिए। उन्होंने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) गतिविधियों के तहत मतदाताओं के बीच वृहत स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया।

## राजनीतिक दलों से तिब्बत की आजादी को अपने घोषणापत्र में शामिल करने की मांग




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भारत तिब्बत मैत्री संघ ने सभी राजनीतिक दलों से मांग की है कि वो तिब्बत की आजादी से संबंधित मुद्दों को अपने चुनावी घोषणा पत्रों में स्थान दें क्योंकि यह भारत की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। संघ ने तिब्बती धर्मगुरु परम पावन दलाई लामा के लिए भारत रत्न सम्मान की अपनी मांग आज एक बार फिर से दोहराई है। इसके अलावे संसद और बिहार के विधानमंडल में दलाई लामा को संबोधन के लिए आमंत्रण दिए जाने की बात भी संगठन ने कही है। आज तिब्बती जन क्रान्ति दिवस के मौके पर भारत तिब्बत मैत्री संघ की बिहार शाखा ने एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम ने उपरोक्त आशय के तीन सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किए। कार्यक्रम पटना के बिहार विद्यापीठ परिसर में आयोजित था , जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डा हरेंद्र कुमार ने की जबकि संचालन प्रदेश महासचिव प्रो विकास नारायण उपाध्याय ने किया।समस्तीपुर के जिलाध्यक्ष फुलेंद्र सिंह आशु के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया कि सितंबर में अगला राज्य सम्मेलन रोसड़ा में किया जाएगा। क्रार्यक्रम में अपने बीज वक्तव्य में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने तिब्बती जनों की दुर्दशा से संबंधित अद्यतन जानकारियां दी। अर्थशास्त्री प्रो नवलकिशोर चौधरी ने तिब्बत के पठार के वैश्विक अर्थव्यवस्था और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर विचार रखे।अवकाषप्राप्त ऑडिटर अरुण कुमार ने तिब्बत के प्रश्न को महत्वपूर्ण जागतिक प्रश्न बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष डा ब्रजेश कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में प्रस्ताव रखे। राष्ट्रीय प्रवक्ता कृष्णवल्लभ प्रसाद ने तिब्बत मुक्ति साधना के साथ एकजुटता व्यक्त की। नवादा के शशिभूषण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया वहीं मुजफ्फरपुर के अंकित आनंद ने तिब्बत की निर्वासित सरकार के मंत्रिमंडल और संसद का जनक्रांति दिवस के अवसर पर जारी वक्तव्य को पढ़ा। कार्यक्रम मेंसीतामढ़ी से डा शशिरंजन कुमार, सासाराम से अशोक कुमार सिंह, हाजीपुर से विजयेंद्र यादव , शिवहर से श्यामविनय सिंह,मुजफ्फरपुर से प्रभात कुमार, विनय प्रशांत, दिनेश कुमार सिंह, अभिषेक, रोहित सिंह, बेतिया से ज्ञानेंद्र शरण और सत्येंद्र शरण तथा वैशाली से आलोक ने भाग लिया।

## ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन पर निकाली गई ट्रेक्टर रैली



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसान मोर्चा जिला कमेटी द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन पर ट्रेक्टर रैली स्थानीय बिलट चौक से नयागांव गंज तक निकाली गई। समापन समारोह में उपस्थित भाजपा बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा हरेश कुमार सिंह ने कृषि यंत्र, ट्रेक्टर एवं गाय का पुजन कर ट्रैक्टर रैली का शुभारंभ करते हुए कहा कि भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजकुमार चाहर के आह्वान पर राष्ट्रीय स्तर पर एवं भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 12 फरवरी से देश के दो लाख से अधिक गांवों में भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा संचालित की गई थी एवं संपूर्ण भारत में ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन ट्रैक्टर रैली निकाल कर किया गया। अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा, जिला मंत्री धीरेन्द्र कुमार सिंह, उमेश प्रसाद सिन्हा,प्रो/डॉ मुकेश कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अति पिछड़ा मोर्चा गजाधर महतो, निरंजन सिंह, अमरेन्द्र कुमार सिंह, दीनबंधु झा, सत्यनारायण सिंह, अरुण कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, राम नरेश सिंह, चंद्र शेखर सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन समारोह में भाग लिया।

## सुंदरकांड का पाठ सुनने से मनुष्य में आत्मिक व भौतिक ज्ञान का होता है विकास : जयशंकर ठाकुर



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड के मोरदीवा पंचायत स्थित भारद्वाज भवन में रविवार को सुन्दर कांड के पाठ का आयोजन किया गया। मौके पर जयशंकर ठाकुर ने श्रद्धालुओं को सुंदरकांड का महत्व समझाते हुए कहा कि यह पाठ करने से व्यक्ति भवसागर से तर जाता है। मनुष्य को जीवन में कभी किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता है। सुंदरकांड का पाठ सुनने से मनुष्य के आत्मिक एवं भौतिक ज्ञान का विकास होता है। विश्व में सभी जगह सुंदरकांड की महिमा है। पाठ के समापन पर महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अरुण पांडेय, मनीष पांडेय, पीयूष भारद्वाज, सोनी कुमारी, स्वाति प्रिया, स्पर्श कौशिक, दिव्या भारद्वाज, ज्योति भारद्वाज, पूर्व मुखिया मृत्युंजय ठाकुर, सरपंच शिवसागर महतो, मुखिया रामाधार सिंह, जिला पार्षद मो. अजहर आलम, पैक्स अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, समाजसेवी मंटू शर्मा, नीरज भारद्वाज, ज्योतिष महतो, मनोज पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, ठाकुर रामानुजम, रंजीत कुमार रम्भू, मनोज कुमार राय, जयलाल राय, डॉ. अमरजीत महतो, अभिषेक पांडेय, मो. अमरोज, अमित कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

## उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास



प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के चकहवीब पंचायत में बैंती नदी पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 3 के तहत उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। 361.78 लाख की लागत से बनने वाले इस पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास हाजीपुर विधायक अवधेश कुमार सिंह, लालगंज विधायक राजेंद्र सिंह एवं विधान परिषद सदस्य तरुण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, अरविंद कुमार कुशवाहा, पंकज कुमार लाल, रमाकांत राय, मुकेश कुमार सिंह, संजय झा, शंभू मिश्र, संधीर मिश्र, चंद्रमणि प्रसाद सिंह, चंदेश्वर पासवान सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## चौठारी महोत्सव के साथ 5 दिवसीय महाशिवरात्रि संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।बंदरा प्रखंड के शिवशक्ति धाम बरियारपुर- मोहनपुर में धमार्दा कमिटी के तत्वाधान में आयोजित 5 दिवसीय महाशिवरात्रि यज्ञ महोत्सव सह संगीत सम्मेलन का 37 वां अधिवेशन रविवार को चौठारी महोत्सव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। रविवार को ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बाबा भोलेनाथ और मईया पार्वती की चौठारी मिथिला की पारंपरिक तरीके से मनाई गई। जिसके बाद प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ का समापन हो गया। शनिवार को दिन में विजय राय एवं उनकी टीम के द्वारा विषय कीर्तन और रात्रि में जय माता दी जागरण ग्रुप के द्वारा शिवशक्ति मईया पार्वती की विशेष आराधना के तहत संगीतमय एवं झांकीयुक्त भव्य माता जागरण किया गया।स्रसंगीतमय माता के जागरण में उद्धोषक व गायक नंदू भैया के गणेश वंदना, हो देवा सुन लो मेरी पुकार शरण तेरे आए है से कार्यक्रम की शुरूआत हुई. गायिका खुशबू सोनी के लागे है प्यारा दरबार बाबा का, गायक सुधांशु राज के मस्ती के रंग मस्ताने हो गए हम भोले नाथ के दीवाने हो गए, एकता वैष्णवी के डीम डीम डमरू बजावेला हमार जोगिया और एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से दर्शक भाव-विभोर हो उठे। पूरा शिवशक्ति धाम माता के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। वहीं मुकेश बिहारी और देविका की जोड़ी द्वारा हनुमान, राधा-कृष्ण, बाबा भोलेनाथ और मईया पार्वती की मनमोहक झांकी एवं भक्ति संगीत पर भाव नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धमार्दा कमिटी के अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कौशल किशोर ठाकुर, सीताराम सिंह, नारायण गिरी, रमेश ठाकुर, राघवेंद्र ठाकुर, मुकेश सिंह, संजीव ठाकुर, मुनचुन ठाकुर, अजीत शरण, गोलू गिरी, अखिलेश गिरी, गौरव गिरी, बैजू झा आदि सक्रिय रहे।

## एईएस से निबटने के लिए बेहतर प्रबंधन जरूरी : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ए.ई.एस. को लेकर जिला प्रशासन कांफी सतर्क और सजग है। लगातार जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक की जा रही है। इसी क्रम में आज विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक, आर.एम.पी. तथा पी.आर.आई. के साथ बैठक कर कई महत्वपूर्ण निदेश दिये गये। बैठक में ए.ई.एस. जिला स्तरीय समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए कहा कि इस बार भी सजगता और सचेत से जीरो डेथ होगा। गतवर्ष भी सामुहिक प्रयास से एक भी बच्चे की मृत्यु नहीं हुई थी। जन प्रतिनिधि हो या आर.एम.पी. सभी स्तर पर लोग एक दूसरे को जागरूक करें और त्वरित रिस्पॉस के साथ कार्य करें। मोटर साईकिल को भी इस बार स्वास्थ्य केन्द्र में जाने के लिए टैग किया गया है और उन्हें भी तत्क्षण पैसा भुगतान कर दिया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ए.ई.एस. से निपटने के लिए स्वास्थ्य उपचार के साथ-साथ त्वरित रिस्पॉस के लिए बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता मायने रखती है। इसलिए बच्चों को उचित पोषण एवं संध्याकाल में खाली पेट न सोने देने एवं चमकी के धमकी का तीन मंत्र (खिलाओ, जगाओ, अस्पताल ले जाओ) का जनमानस में व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्रत्येक दिन इसे लेकर गतिविधियां चलायें, जिससे लोग जागरूक हो सके। प्रत्येक शनिवार पदाधिकारियों द्वारा निर्धारित चिन्हित पंचायत में भ्रमण किया जायेगा और वहां लोगों को जागरूक करेंगे एवं किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे।

## बीडीओ से मांगी 10 लाख की रंगदारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कटरा कटरा प्रखंड के बीडीओ शशि प्रकाश से अपराधियों ने 10 - लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। डाक से पत्र भेजकर रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी वाले पत्र के बंद लिफाफे से बंदूक की लाल रंग की गोली का खोखा मिला है। - पत्र और गोली को बीडीओ ने कटरा थानेदार को सौंप दिया है। मामले की गंभीरता - को देखते हुए एडिशनल एसपी पूर्वी सहरियार अख्तर के नेतृत्व में पुलिस टीम जांच - कर रही है। रंगदारी वाला पत्र किस पोस्ट ऑफिस से भेजा गया ? वहां लगे सीसीटीवी और संबंधित कर्मियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस - अधिकारी इसे असमाजिक तत्व की करतूत मान रही हैं। विदित हो कि इससे - पहले कटरा सब रजिस्ट्रार से भी 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी - का पत्र मिलने के बाद प्रखंड कार्यालय में बीडीओ शशि प्रकाश अधिक देर तक समय नहीं दे पा रहे हैं। उनका पूरा परिवार दहशत में है। कटरा पहले से ही नक्सली - इलाका रहा है। बीडीओ को रंगदारी के लिए भेजा गया पत्र कंप्युटर टाइपिंग है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 11 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### चिरौरी में चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ शुरू

चौसा (मधेपुरा) प्रखंड के चिरौरी खेल मैदान में ग्रामवासी के सौजन्य से 24 कुंडली राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ रविवार को बड़ी संख्या में कलश शोभायात्रा निकालकर शुभारंभ किया गया। आयोजक मंडल के सदस्य ने बताया कि 13 मार्च तक चलने वाली 4 दिवसीय महायज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से लेकर क्षेत्रीय स्तर के शक्तिपीठ से गायत्री परिवार के प्रखंड विद्वान पहुंच रहे हैं। शुभारंभ के दिन कलश शोभा यात्रा में बड़ी संख्या गांव के ही कुमारी कन्याएं हिस्सा लिया यज्ञ स्थल से चिरौरी गांव का भ्रमण कराया गया तत्पश्चात वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ पूजा अर्चना शुरू की गई। इस दौरान कर्मकांड का भी पाठ कराया गया। बताया गया कि महायज्ञ के होने से गांव के साथ-साथ राष्ट्र जागरण और देश की स्मृति सुख शांति के लिए 24 कुंडलिया गायत्री महायज्ञ जरूरी है। इस मौके पर मुख्य रूप से गायत्री परिवार के हरिद्वार से आए टोली नायक संदीप पांडे, चौसा से गोपाल साह प्रमोद प्रियदर्शी, दिलमोहन शर्मा, मुखिया प्रेमचंद कुमार, सरपंच नवनीत शर्मा, पूर्व सरपंच संतोष भगत, जयप्रकाश भगत, सच्चिदानंद भगत, प्रो. प्रमोद भगत, संतोष भगत, माधव शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र भगत आदि मौजूद थे।

### संत रविदास जी की 647वीं जयंती समारोह का आयोजन

हाजीपुर। फोन प्वाइंट रिजॉर्ट होटल के सभागार में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 647वी जयंती समारोह का आयोजन कि या गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व डीएसपी फरेश राम ने की। संचालन अधीक्षण अभियंता अमृत राम ने की। स्वागत पूर्व प्रधानाध्यापक नथनी राम ने किया। समारोह के उद्घाटन भाजपा के पूर्व सांसद सह मंत्री बिहार विधान परिषद सदस्य जनक चमार ने किया। जनक चमार ने कहा की संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के पद चोन पर चलकर समाज के कल्याण हो सकता है और एकजुट होकर समाज को एकत्रित करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विद्यानंद जी ने कहा समाज को क्षमता मूलक समाज बनाने की संत जी के वचन को गांव-गांव में फैलने की आवश्यकता है ।

# डीएम के तुगलकी फरमान पर सिंहेश्वर मेला की रोनक पर लगा ग्रहण

- डीएम के विरुद्ध धरना पर बैठे स्थानीय विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि
- राजद विधायक चंद्रसाहस चौपाल ने की तत्काल मनोरंजन के साधन को चालू करने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा डीएम विजय प्रकाश मीना ने आस्था से जुड़े होने का हवाला देते हुए मनोरंजन के साधन थियेटर और मौत कुंआ पर रोक लगा दी। डीएम के तुगलक्की फरमान के बाद अब सिंघेश्वर मेला की रौनक पर ग्रहण लग गया। मेले से लोग गायब हो गए जिससे दुकानदारों को चिंता सता रहीं है की कैसे होगा महंगी किराया का भुगतान। इन्ही सब बातों को लेकर दुकानदार समेत आक्रोशित राजद विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला प्रशासन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करने लगे। बता दें कि स्थानीय राजद विधायक सहित सभी दलों के जनप्रतिनिधि बापू प्रतिमा के सामने धरना पर बैठ गए हैं और मधेपुरा डीएम विजय प्रकाश के खिलाफ मोर्चा भी खोल रखे हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे जनप्रतिनिधियों की माने तो सैकड़ों वर्षो से उत्तर बिहार के प्रसिद्ध सृंगी ऋषि मुनि की तपोभूमि सिंहेश्वर में महाशिवरात्रि के अवसर पर एक माह तक चलने वाले मेले में झूला सर्कस, थियेटर और मौत कुंआ मनोरंजन के प्रमुख साधन का केंद्र था जिससे बिहार हीं नहीं परोसी देश नेपाल आदि प्रांतो से श्रद्धालूओं का जमावड़ा लगता था और स्थानीय व दूरदराज से आए दुकानदार समेत विभिन्न मनोरंजन के कलाकारों की रोजिरोजगार का एक केंद्र माना जाता था लेकिन इस वर्ष अचानक मधेपुरा डीएम ने मेला उद्घाटन से एक दिन पूर्व मनोरंजन के साधन थियेटर और मौत कुंआ आदि साधन पर रोक लगा दी जिससे खासकर स्थानीय दुकानदारों को चिंता सता रही है। वहीं स्थानीय राजद विधायक चंद्रहास चौपाल ने कहा है कि जिला प्रशासन ने एक साजिश के तहत इस मेला को बर्बाद करने का प्लान बनाया है और इसलिए सभी जनप्रतिनिधि को इससे दूर रखा गया है, इतना हीं नहीं मेला उद्घाटन में भी स्थानीय किसी भी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण नहीं दिया जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधि सभी आग बबूला हो गए है और सभी लोग लोकतांत्रिक तरीके से मेला ग्राउंड में बापू को साक्षी मानकर धरना पर बैठे हैं। जब तक बातो पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तब तक लगातार धरना प्रदर्शन जारी हीं रहेगा। ज्ञात हो कि डीएम साहब के एक तुगलकी फरमान के बाद सिंघेश्वर मेला की रौनक हीं गायब हो गई है। मेला उद्घाटन से एक दिन पूर्व डीएम साहब ने थिएटर और मौत के कुआं को बंद करने का मौखिक आदेश जारी कर दिया जिसके बाद थिएटर और मौत का कुआं बंद हो गया है। जिससे नाराज स्थानीय लोग समेत जनप्रतिनिधियों ने मजबूरन लोकतांत्रिक तरीके से धरना प्रदर्शन का सहारा ले लिया। खासकर स्थानीय राजद विधायक ने कहा की जब तक हम जनप्रतिनिधियों की मांग मान नहीं ली जाती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी हीं रहेगा।

## देशी कट्टा और चार कारतूस के साथ गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) मुरलीगंज पुलिस ने शनिवार की रात गस्ती के दौरान जीतापुर से द्वारका टोला जाने वाली सड़क में एक व्यक्ति को देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। गहन पूछताछ और विधि सम्मत कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष बबलु कुमार ने बताया कि शनिवार की रात द्वारिका टोला के पास पुलिस गस्ती को एक व्यक्ति भागने का प्रयास कर रहे थे। शक होने पर पुलिस द्वारा पकड़कर तलाशी लेने पर उनके पास से एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, एक खोखा और मोबाइल बरामद किया गया। उक्त की पहचान सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के गोपालपुर वार्ड एक निवासी नरेश कुमार यादव के रूप में हुआ है। गिरफ्तार व्यक्ति से गहन पूछताछ कर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है। थाना क्षेत्र में कहीं अपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से हथियार और कारतूस के साथ युवक घुम रहे थे। जिसे पुलिस ने अपने सूझबूझ से नाकाम करने में सफल हुआ।

## चोरों ने डेढ़ लाख रुपया कैश एवं एक लाख का जेवरात की कर ली चोरी



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) पुरैनी थाना क्षेत्र के डुमरैल वार्ड नंबर 4 में शुक्रवार की रात चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर घर का ताला तोड़ बड़े ही आराम से चोरी को अंजाम दिया। जिनके यहां चोरी की घटनाएं हुईं हैं ज्यादातर लोग रोजी-रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं। बताया गया कि गांव के रहने वाले राजू शाह पिता योगी शाह अपने पूरे परिवार के साथ पास ही के गांव नरदह अपने करीबी रिश्तेदार के यहां भोज खाने गए थे। इसी बात का फायदा उठाकर चोरों ने रात में घर में दस्तक दिया। शुक्रवार की रात चोर खाली घर पाकर पहले दरवाजे को तोड़ा। इसके बाद घर में रखे बॉक्स, आलमारी और सूटकेश तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि घर में लगभग डेढ़ लाख रुपया कैश एवं एक लाख का जेवरात चोर चोरी करके रफूचक्कर हो गया। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे पुरैनी पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## एनसीसी बी सर्टिफिकेट की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा 35 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनीष वर्मा के नेतृत्व में एनसीसी बी सर्टिफिकेट परीक्षा ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में शांतिपूर्वक एवं कदाचारमुक्त संपन्न हुई। इस परीक्षा में 17 बिहार बटालियन सहरसा और 4 गर्ल्स बिहार बटालियन सहरसा के कुल 12 महाविद्यालय के कुल 272 कैडेट्स शामिल हुए, जबकि 20 कैडेट्स परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा में सहरसा, मधेपुरा और सुपौल के कैडेट्स ने भाग लिया। एएनओ गुड्डू कुमार ने बताया कि यह परीक्षा कुल 500 अंको का होता है। जिसमें 350 अंको का लिखित परीक्षा तथा 150 अंको का प्रैक्टिकल परीक्षा हुआ। प्रैक्टिकल परीक्षा में ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, फील्ड क्राफ्ट और बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग इत्यादि शामिल है।कर्नल मनीष वर्मा ने बेहतर व्यस्था प्रदान करने के लिए प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव तथा एकएनओ ले. गुड्डू कुमार को धन्यवाद दिया। परीक्षा संचालन में ले. शुभाशीष दास, सूबेदार मेजर मोहम्मद रकीब, जीसीआई दीक्षा नायक सूबेदार महेंद्र सिंह, हवलदार मोहन लाल लाम्बा, हवलदार शेख रहमतुल्लाह तथा अन्य जेसीओ और एनसीओ ने अहम भूमिका अदा किया।इसके साथ ही ऑफिस स्टाफ की भूमिका भी सराहनीय रही।

## अधिषद् के अधिवेशन के निमित्त पांच समितियों का किया गया गठन

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के अधिषद् (सीनेट) का 24 वां साधारण वार्षिक अधिवेशन आगामी 19 मार्च को विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में राज्यपाल-सह-कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में निर्धारित है। इसके सफल संचालन हेतु पांच समितियों का गठन किया गया है। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस बावत कुलपति प्रो. बी. एस. झा के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने अधिसूचना जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि अनुश्रवण एवं कार्यालयी कार्य समिति (पहली समिति) के संयोजक कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर हैं। इसमें उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, नोडल पदाधिकारी डॉ. मोहित गुप्ता, कुलपति के निजी सहायक सह प्रेस अधीक्षक शंभू नारायण यादव, कार्यालय प्रभारी (सामान्य शाखा) अमित कुमार एवं सहायक (सामान्य शाखा) विनय कुमार सिंह सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई एवं सुरक्षा समिति (दूसरी समिति) के संयोजक विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री बनाए गए हैं। इसमें परिसंपदा पदाधिकारी डॉ. शंकर मिश्र, नोडल पदाधिकारी डॉ. शशांक मिश्र, समन्वयक (एनएसएस) डॉ. अभय कुमार सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि स्वागत एवं प्रेक्षागृह व्यवस्था समिति (तीसरी समिति) के संयोजक विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एम. आई. रहमान हैं। इसमें उपकुलसचिव (शैक्षणिक) डॉ. दीपक कुमार गुप्ता, डॉ. भूपेन्द्र प्रसाद सिंह, महाविद्यालय निरीक्षक (विज्ञान), निदेशक (कीड़ा परिषद्) डॉ. मो. अबुल फजल, लोक सूचना पदाधिकारी डॉ. सज्जाद अख्तर, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियंका, असिस्टेंट प्रोफेसर रीता कुमारी एवं कुलपति कार्यालय के सहायक शशांक कुमार सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि समिति भोजन, यातायात एवं सामग्री वितरण समिति (चतुर्थ समिति) के संयोजक सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजूम बनाए गए हैं। इसमें परीक्षा नियंत्रक शशिभूषण, महाविद्यालय निरीक्षक (कला एवं वाणिज्य) डॉ. गोपाल सिंह, नोडल पदाधिकारी डॉ. असीम राय, निदेशक (नियुक्ति कोषांग) डॉ. अनिल कुमार, कुलसचिव के आशुलिपिक ग्रेड-I, राजीव कुमार, सदस्य सहायक (पंजीयन शाखा) राजेश कुमार, सहायक ( परीक्षा विभाग), मो. हामिद रजा, सहायक (डीएसडब्ल्यू कार्यकाल) आशुतोष कुमार सिंह सदस्य हैं।उन्होंने बताया कि यात्रा-भत्ता एवं वित्त कार्य समिति (पांचवीं समिति) के संयोजक वित्त पदाधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र बनाए गए हैं। इसमें बजट-सह-लेखा पदाधिकारी अरूण कुमार झा, सहायक (वित्त शाखा) अभिनन्दन चौधरी, सहायक (वित्त शाखा) अवनीत कुमार, सहायक (वित्त शाखा) वैभव कुमार, सहायक (वित्त शाखा) राहुल रंजन सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न समितियों के संयोजक से अनुरोध किया गया है कि वे तत्काल अपने स्तर से समिति की बैठक बुलाकर विभिन्न सदस्यों के बीच कार्यों का बंटवारा करें और सभी कार्यों का नियत समय के पूर्व संपादन सुनिश्चित कराएं। सभी सदस्यों से भी अनुरोध किया गया है कि तत्काल प्रभाव से अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु संयोजक से सम्पर्क करें।

## कीर्ति नारायण मंडल की जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि को लेकर हो विवाद समाप्तःडॉ. सुधांशु शेखर

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा महामना कीर्ति नारायण मंडल की जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि को लेकर भ्रम की स्थिति समाप्त होनी चाहिए। इनके परिजनों से प्राप्त प्रमाणित जानकारी के अनुसार उनकी जन्मतिथि 7 अगस्त, 1911 और पुण्यतिथि 7 मार्च, 1997 है। यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कही। उन्होंने बताया कि उन्हें कीर्ति बाबू के निकट संबंधी डॉ. विशाखा कुमारी से उनकी प्रमाणिक वंशावली प्राप्त हुई है। उसमें स्पष्ट रूप से जन्मतिथि 7 अगस्त, 1911 और पुण्यतिथि 7 मार्च, 1997 है। अतः अब इस मामले में नाहक भ्रम नहीं रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने महाविद्यालय में विभिन्न तिथियों में कीर्ति बाबू को लेकर कई आयोजन किए। तत्कालीन प्रधानाचार्य डॉ. परमानंद यादव ने कीर्ति नारायण मंडल प्रतिमा बनबायी। प्रधानाचार्य के. पी. यादव के कार्यालय में वह प्रतिमा लगी। लेकिन दुखद है कि उसमें भी जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि सही-सही दर्ज नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2020-21 में तत्कालीन प्रधानाचार्य डॉ. के. पी. यादव के माध्यम से समाजसेवी श्रीमन्त बाबू से बात करके कीर्ति बाबू की जन्मतिथि 7 अगस्त, 1911 और पुण्यतिथि 7 मार्च, 1997 तय कर लिया था। इसके बाद वर्ष 7 अगस्त, 2021 को कीर्ति नारायण मंडल जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें तत्कालीन कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी ने भी शिरकत की थी। उन्होंने बताया कि वर्ष-2022 में भी वे 7 अगस्त को कार्यक्रम आयोजित करना चाहते थे। लेकिन महाविद्यालय के नवनियुक्त प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव को कीर्ति बाबू के किसी परिजन से जानकारी मिली कि जन्मतिथि 18 मार्च है। इसके कारण फिर से जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि को लेकर अस्मंजस की स्थिति बन गई। लेकिन 9 मार्च, 2024 को डॉ. विशाखा मैडम ने कीर्ति बाबू की प्रमाणिक वंशावली उपलब्ध करा दिया है। इसलिए अब इस मामले में कोई भ्रम नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कीर्ति बाबू को याद करना हमारी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी तो है ही, हमारी व्यक्तिगत एवं पेशागत जिम्मेदारी भी है। इसलिए कीर्ति बाबू की सभी प्रतिमाओं पर उनकी सही-सही जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि अंकित की जानी चाहिए और सभी शिक्षण संस्थानों में उनके जीवन-दर्शन को केंद्र में रखकर विविध आयोजन होने चाहिए।

## विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमुई के तत्वावधान में रविवार 10 मार्च को स्थानीय शगुन वाटिका के निकट जनार्दन भवन में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का विषय नालसा की तेजाब हमले से पीड़ित के लिए विधिक सेवाएं योजनो कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता परिमल कुमार सिंह तथा स्मिता कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पैनल अधिवक्ता ने तेजाब हमले से पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं एवं उनके चिकित्सा व्यवस्था की उपाय तथा मुहाबरे के विषय में लोगों को विशेष तौर पर समझाया। उन्होंने बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट लक्ष्मी वर्सेस यूनियन ऑफ इंडिया 2013 के अंतर्गत तेजाब पीड़ितों के लिए राहत हेतु कुछ निर्देश दिए गए हैं जिसका अनुपालन किया जाना है। जिसमें पीड़ितों के लिए त्वरित चिकित्सा सुविधा, आर्थिक मुआवजा भी शामिल है। इस निर्णय के पश्चात किसी भी विक्रेता को बिना लाइसेंस के तेजाब बेचने की मनाही है। विधिक सेवा प्राधिकार पीड़ितों के लिए समुचित राहत पहुंचाने के लिए त्वरित कार्य करेंगे ऐसा निर्देश भी नालसा की योजना में है। लोगों को निशुल्क विधिक सहायता मिली इसका प्रबंध करना जिला विधिक सेवा प्राधिकार का है तथा ऐसी घटना होने पर अधिकारी टीम बनाते हुए पीड़ित को हर संभव राहत पहुंचाएं ,ऐसा निर्देश दिया गया है।

## अग्निशमन विभाग के द्वारा जयनगर मे जागरूकता अभियान चलाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर अग्निशामक विभाग के द्वारा आग जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रभारी सुभाष सिंह के नेतृत्व में प्रखंड में पेट्रोल पंप,गैस एजेंसी,पार्क,होटल लक्ष्मी स्वीट सहित सार्वजनिक जगह पर आग से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए कहा की अक्सर अगलगी की घटनाएं लापरवाही व अज्ञानता के कारण होती हैं। ठोस द्रव्यों में आग लगने पर पानी से बुझायें, जबकि तरल पदार्थों में अगलगी होने पर एबीसी ड्राई पाउडर का प्रयोग करना चाहिए। कहा कि रसोईं गैस सिलेंडर के आसपास कपड़ा, लकड़ी व ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखना चाहिए। साथ ही खाना बनाने के पहले दरवाजे व खिड़की खोल देना चाहिए। फसलों को बचाने के लिए उन्होंने खलिहान में अलग-अलग स्थानों पर गेहूं के बोझ रखना चाहिए, ताकि नुकसान कम हो। घरों में बिजली के तारों पर अधिक लोड नहीं देना चाहिए, इससे भी अगलगी की घटनाएं होती हैं। उन्होंने आग लगने के कारणों, बचाव के उपाय के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ भी सकती है। हर साल गर्मी में रोज कहीं न कहीं आग लगने की घटना होती रही है। आपदा व अग्निशमन विभाग गर्मी में आग लगने और नुकसान होने का कारण लोगों में जागरूकता की कमी मानते हैं। आग से सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग व आपदा विभाग जागरूकता अभियान चला रही है। अभियान के तहत अग्निशमन विभाग के अधिकारी गांव व पंचायत में भ्रमण के साथ विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को आग से सुरक्षा व बचाव को लेकर आवश्यक जानकारी दे रहे हैं। गैस सिलेंडर में आग लगने पर कैसे बुझाई जाए, इसे लेकर माकड्रील कर लोगों को बताया जा रहा है। इसके अलावा कला जत्था के कलाकार गांव देहात में नुक्कड़ नाटक के माध्यम एवम पंपलेट वितरण कर आग से बचाव व सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं अन्य माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस इस जागरूकता अभियान में कई जवान शामिल थे।

## सिंचाई विभाग के रिटायर सहायक कर्मी का दिल के गति रूकने से निधन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/लक्ष्मीपुर जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड मुख्यालय के नाजारी पंचायत में अवस्थित प्रखंड शिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय काला के सहायक अध्यापक अमित कुमार के निवास पर शनिवार मध्य रात्रि को पिता शंकर प्रसाद मंडल के दिल की गति रूकने से हुई आकस्मिक निधन, पूरा परिवार हुआ शोकाकुल स्व० मंडल 73 वर्षीय रिटायर सहायक सिंचाई कर्मचारी थे वहीं शोकाकुल परिवार को प्रखंड के शिक्षकगण एवं प्रबुद्धजन ने प्रखंड शिक्षक अमित कुमार को सांत्वना देने घर पहुंचे वहीं प्रबुद्धजनों ने बताया कि स्व० मंडल ने अपने जीवनकाल में परिवार का सही मार्गदर्शन किया स्व० मंडल को तीन पुत्र और एक पुत्री थी बड़े पुत्र सूरज कुमार बैंककर्मी हैं तो द्वितीय पुत्र अमित कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय काला लक्ष्मीपुर में प्रखंड शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं वहीं तृतीय पुत्र सचिन कुमार पूना में साफ्टवेयर इंजीनियर है एक मात्र पुत्री का भी उन्होंने हाथ पीला करके स्व० मंडल ने अपनी जिम्मेदारी का सफल निर्वहण कियो उनके सफल संचालन में तीनों पुत्र और पुत्री ने भरपूर सहयोग किया उनके निधन से पूरा शौण्डिक समाज, प्रखंड शिक्षकगण एवं प्रखंड वासी मर्माहत हैं

## एक किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



चौसा (मधेपुरा) थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड से एक किलो गांजा के साथ तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया। गिरफ्तार युवक की पहचान पुरैनी थाना क्षेत्र के रौता गांव निवासी स्व पूरण दास के पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई। इस बाबत पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष मुमताज अंसारी ने बताया शनिवार की रात्रि में चौसा थाना के सामने बस स्टैंड में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था। जिसके आलोक में अन्य जगह से आकर चौसा में रुके पटना जाने वाली बस की तलाशी ली गई तलाशी के क्रम में एक युवक पुलिस को देखते ही बैग लेकर भागने का प्रयास करने लगे जिसे शक के आधार पर रोक कर तलाशी ली गई तो तलाशी के क्रम में कपड़ा वाली बैग में कपड़ा से ढके गांजा की बरामद की गई। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार युवक को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## क्लास रूम बना प्रधान शिक्षिका का आशियाना



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई बिहार में शिक्षा विभाग और शिक्षकों को सुधारने के लिए जो वीड़ा के के पाठक ने उठाया है उसको धुमिल करने में भी शिक्षकों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है चाहे कुलपतियों की बुलाई गई बैठक हो, चाहे शिक्षक नियोजन का घोटाला हो ताजा मामला जमुई जिला से जुड़ा है जहाँ प्रिंसिपल मैडम ने ऐसा कुछ कर दिया जिसे देख सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगें जिले में एक ऐसा सरकारी स्कूल है जहाँ के भवन के कमरे में बच्चों की पढ़ाई होनी चाहिए थी, लेकिन यहाँ स्कूल की हेड मास्टर ने ही कमरे में अपना आशियाना बना रखा है यहाँ तक की हेडमास्टर स्कूल के कमरे में ही गृहस्थ जीवन व्यतीत करती है यह स्कूल जमुई जिले के खैरा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बरदौन गांव में है उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरदौन के एक कमरे में स्कूल की प्रधान शिक्षिका शीला हेंब्रम का आशियाना है जहाँ सोने के लिए बेड से लेकर फ्रीज, आलमीरा टीवी, टेबल, रसोई का सारा सामान भी मौजूद है कह सकते हैं कि जिस स्कूल में बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देनी है इसका इस्तेमाल मैडम अपने निजी कार्यों के लिए कर रही हैं और तो और स्कूली बच्चों से अपने भवन के निर्माण से जुड़े सामान की ढुलाई करवाने का भी वीडियो सामने आया है जब इसकी तहकीकात की गई तो पता चला कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरदौन कि यह तस्वीर है जहां की प्रधान शिक्षिका शीला हेंब्रम के बन रहे मकान का सामग्री स्कूल में रखा जाता है हैरानी की बात यह है कि निजी मकान बनाने की सामग्री रखने का इस्तेमाल सरकारी स्कूल का भवन तो हो ही रहा है साथ ही स्कूल को इस प्रधान शिक्षिका ने अपना आशियाना भी बना रखा है स्कूल की प्रधान शिक्षिका शीला हेंब्रम पति के साथ इसी में रहती हैं. विद्यालय के जिस कमरे में बच्चों को पढ़ना चाहिए उसका इस्तेमाल प्रधान शिक्षिका अपने निजी आशियाना के लिए कर रही हैं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरदौन में पहली क्लास से लेकर आठवीं तक की पढ़ाई होती है और 130 बच्चों का नामांकन है ।

## ल.ना. मिथिला विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक में राज्यपाल के आगमन पर उपवास रखने का फैसला बैठक में लिया

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा संबद्ध महाविद्यालय संघर्ष समिति के कोर कमिटी की बैठक राज अस्पताल कैंपस दरभंगा में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय में दिनांक 13 मार्च 24 को आयोजित सीनेट बैठक में कुलाधिपति सह राज्यपाल के आगमन पर सामूहिक उपवास एवं ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों से अवगत कराया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया सरकार अनुदान नहीं वेतनमान/घाटानुदान दे, संबद्ध महाविद्यालयों के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मियों का तत्काल पद सृजन किया जाए, राम लख न सिंह राम स्वरूप मंडल स्नातक महाविद्यालय शिवाजीनगर समस्तीपुर के पूर्व प्रभारी प्राचार्य राम जप्पू यादव द्वारा महाविद्यालय में किए गए करोडों रूपए के गबन की जांच तत्काल किया जाए, विश्वविद्यालय में अरबों रुपए के गबन की जांच बिहार सरकार के निगरानी विभाग से कराने की अनुशंसा तत्काल किया जाए, संबद्ध महाविद्यालय के कर्मियों को 2017 से 2023 तक का एकमुश्त वेतनाअनुदान जारी किया जाए।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 15 अप्रैल तक उपर्युक्त मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो संबद्ध महाविद्यालयों में अनिश्चितकालीन तालाबंदी किया जाएगा। अध्यक्ष डॉ राम मोहन झा ने कहा कि वर्तमान कुलपति को एकदिवसीय महाधरना करके तथा मिलकर विश्वविद्यालय मे हुए भ्रष्टाचार के संबंध में साक्ष्य दिया परन्तु कुलपति जी भी भ्रष्टाचारी के समक्ष नतमस्तक हो गए। डॉ झा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पश्चात विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध व्यापक आंदोलन चलाकर भ्रष्टाचारी को भगाने का काम करेंगे। डॉ झा ने कहा कि अपने मांगों के संबंध में कुलाधिपति को ज्ञापन सौंपेंगे। सीनेट सदस्य डॉ राम सुभग चौधरी ने कहा कि लगता है कि पूर्व के सभी भ्रष्टाचारी को वर्तमान कुलपति पनाह दे रहे हैं। बैठक को सम्बोधित करने वाले प्रमुख लोगों में प्रो ज्योति रमण झा, प्रो विपिन कुमार झा, डॉ राम सुभग चौधरी, डॉ भरत राय, डॉ कुशेश्वर सहनी, प्रो नागेन्द्र मिश्र, भरत यादव, प्रमोद दास, पुरूषोत्तम झा, रविचन्द्र यादव, मुन्नीलाल मंडल, प्रो शशिनाथ चौधरी, प्रो वजीउल हक खां सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## केंद्रीय विद्यालय हाजीपुर में अभिभावको एवं समाजसेवियों की बैठक में कई निर्णय




प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।आज केंद्रीय विद्यालय हाजीपुर में अभिभावको एवं समाजसेवियों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्रीय विद्यालय की समस्याओं पर सिलसिलेवर ढंग से चर्चा की गई। केंद्रीय विद्यालय हाजीपुर की स्थापना के 20 बरस बीत जाने के बाद भी इस भूमि उपलब्ध नहीं होने पर उपस्थित लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों पर घोर उपेक्षा का आरोप लगाया। केंद्रीय विद्यालय किसी भी जिला के लिए गौरव का विषय है बैठक में उपस्थित कृष्ण भगवान सोनी ने अपने स्तर से विद्यालय को यथासंभव मदद करने का आश्वासन देते हुए कहा-इस विद्यालय के कुछ कक्षाओं जिसमें पानी टपकने एवं मरम्मत की जरूरत है उसको अपने स्तर से बनवाने का काम करूंगा साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर जिलाधिकारी महोदय से मिलकर जमीन से लेकर अन्य सभी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करूंगा। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने कक्षा एक और दो में अभिलंब नामांकन करने एवं विद्यालय बढ़ाने की मांग किया। आज की बैठक में श्री पंकज कुशवाहा जी ,पंच सरपंच संघ के अध्यक्ष आमोद निराला जी, सुमिता गुप्ता, अखिलेश कुमार , निशा कुमारी, सोनी शर्मा, रंजन कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार, राकेश कुमार सिंह के अलावा काफी संख्या में अभिभावक को उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अगलगी में हजारों की संपत्ति खाक

भेल्दी (सारण)।अमनौर प्रखण्ड के मदारपुर पंचायत के गोसी छपरा गांव के रणधीर कुमार तिवारी के खोंप में शनिवार की देर रात आग लग जाने से दो खोंप जलकर खाक हो गए। इस अग्निकांड में हजारों के खाद्यान सामान जलकर राख हो गए। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के गोसी छपरा गांव के रणधीर कुमार तिवारी के सभी परिजन खाना खाकर सोए हुए थे तभी रात्रि के करीब 12 बजे आग की तेज लपटें देख परिजनों ने शोर मचाया तो ग्रामीण जुट गए और काफी मशक्कत के बाद पंप सेट के सहारे आग पर काबू पाने में सफल रहे।

### मढ़ौरा-खैरा पथ का सांसद ने किया निरीक्षण

छपरा। पथ निर्माण विभाग की मढ़ौरा से खैरा तक बनी सड़क गुणवत्ता विहीन नजर आ रही है। लगभग 18 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 43.44 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। सड़क निर्माण का कार्य 2023 मे शुरू किया गया था जो अभी तक जारी है। सड़क में गुणवत्ता का अभाव नजर आ रहा है जिसे देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़क कितने दिन चलेगी। सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रुडी ने पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत को सूचित करते हुए आगे बताया कि करोड़ों की लागत से बन रही सड़क समतल भी नहीं है। सड़क की गुणवत्ता की ओर विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी तरह का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को दें अंतिम रूप : डीएम

● समीक्षा बैठक में डीएम-एसपी ने दिए कई निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन की सभी तैयारियों को अब अंतिम रूप देना शुरू करें। बूथ पर सुविधाओं की आपूर्ति से लेकर मतगणना कराने तक के सभी कार्यों की फूलप्रूफ तैयारी होनी चाहिए। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी श्री अमन समीर ने रविवार को समाहरणालय सभागार में सभी एआरओ, बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्षों की संयुक्त समीक्षा बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शी चुनाव कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी स्तर की कोताही अक्षम्य है। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अब तक की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की। भेद्यता मानचित्रण को निष्पक्ष चुनाव का आधार बताते हुए उन्होंने मतदानकेंद्र वार और सेक्टर वार रिपोर्ट प्राप्ति की जानकारी लेते हुए एआरओ, बीडीओ और एसएचओ स्तर पर बैठक कर उसकी रैंकिंग करने तथा मंगलवार तक एसडीएम और एसडीपीओ स्तरीय रिपोर्ट जिला को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। मतदान केंद्रों की निगेटिव एएमएफ रिपोर्ट का जायजा लेते हुए उन्होंने सभी बीडीओ को संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कमियों को फौरन दूर करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि जो कार्य उनके स्तर पर नहीं हो पा रहे हैं, उसका प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। मेरे स्तर पर उनकी आपूर्ति करायी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि मतदान के दिन पहुंच पथ या अन्य आवश्यक सुविधा संबंधी शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने सभी प्रखंड में कम से कम 20 लोकेशन चिन्हित करने को कहा, जिसे आदर्श रूप में प्रदर्शित किया जा सके।

## बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा ( एस एन बी )। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 14-15 के दर्जनों ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कार्यकाल के खिलाफ ट्रांसफर्मर के समीप खड़े होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सात वर्ष से पोल पर ट्रांसफर्मर लगा हुआ है। जिससे आज तक बिजली नहीं मिली। बिजली विभाग के रवैये से आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता के नाम एक आवेदन पत्र भेजा है जिसकी प्रति अनुमंडल पदाधिकारी को भी दी गई है।

## भेल्दी में पुलिस ने आईटीबीपी के साथ किया फ्लैग मार्च



प्रात : किरण, संवाददाता

भेल्दी (सारण)। लोकसभा चुनाव व विधि व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारी में पूरी तरह जुट गया है।आईटीबीपी व पुलिस जवानों ने मिलकर लोस चुनाव को लेकर रविवार को भेल्दी थाना क्षेत्र में बड़ा फ्लैग मार्च निकाला जिसमें भारी संख्या में अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे। भेल्दी पुलिस व आईटीबीपी के जवानों ने भेल्दी थाना क्षेत्र के कोरेया बांसडीह, मदारपुर, महरूआ,रायपुरा,कटसा होते हुए थाना परिसर पहुंचे।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से शांति कायम रखने और कानून व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की साथ ही संवेदनशील इलाकों का जायजा भी लिया।सअनि मुनचुन कुमार ने बयाया कि कानून व्यवस्था को मेंटेन करने के लिए और आम जनता के अंदर चुनाव को लेकर अमन शांति का विश्वास पैदा करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है।

# बिजली चोरी में 70 पर प्राथमिकी 300 बकायेदारों का कटा बिजली कनेक्शन

● वहीं अब तक डेढ़ हजार बड़े बकायेदारों को लाल नोटिस भी निर्गत कर राशि वसूली के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। रेवेन्यू के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं होगी। राजस्व वसूली को लेकर विद्युत विभाग खासे संजीदा है, इसके लिए माइक्रो लेबल पर मॉनिटरिंग जारी है। जिसके तहत निरंतर अभियान चलाकर ग्राउंड लेबल पर बकायेदारों को चिन्हित कर राशि वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ये बातें नव पदस्थापित विद्युत कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने रविवार को अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों से रेवेन्यू समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने विद्युत विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को हड़काते हुए कहा कि विभागीय स्तर पर मार्च माह एक तरह से महापर्व होता है, इसमें सक्रिय रूप से सबकी सहभागिता अनिवार्य है। बताया गया कि चालू माह में डिवीजन अंतर्गत रक्सौल एवं घोडासहन सबडिवीजन के सभी सेक्सनों में चिन्हित करीब तीन सौ डिफॉल्टरों की लाइने काटी गई है। वहीं अब तक डेढ़ हजार बड़े बकायेदारों को लाल नोटिस भी निर्गत कर राशि वसूली के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इधर अब तक विभिन्न सेक्सनो में बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान चलाकर 70 लोगों पर विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। बताया गया है कि रक्सौल में 80, रामगढ़वा 42, आदापुर 33 घोड़ासहन 11 छौड़ादानो 23, बनकटवा 28, नरकटिया 12, नकरदेई 10, श्यामपुर 18, चैनिया चौक 13 सहित लक्ष्मीपुर में 30 सहित विभिन्न चिन्हित जगहों पर बड़े बकायेदारों की लाइने काट दी गई हैं।

# लायंस छपरा ग्रेटर ने किया अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण

प्रात : किरण, संवाददाता

लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर के द्वारा 162 गरीबों एवं भूखे को अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण का कार्यक्रम अंश फ्लैश श्री दावत रेस्टोरेंट के नीचे किया गया खिचड़ी खाकर गरीब मजदूर रिक्शा वाले काफी खुश हुए और क्लब के लोगों को दुआएं दी क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया कि खिचड़ी-वितरण का यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को दिन में 1:00 बजे से किया जाता है इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका प्रोग्राम अध्यक्ष मनीष मिश्रा रिजवी राज, क्लब सचिव राजेश कुमार उपाध्याय, विभूति नारायण शर्मा दावत रेस्टोरेंट के मालिक दिलीप कुमार चौरसिया की रही।



## बीमारी को दूर करने के लिए दवा के साथ-साथ संयमित भोजन जरूरी : डॉ. सुजीत

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। प्रखंड क्षेत्र के शीतलपुर चौक पर रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ।जिसमें सैकड़ों मरीजों को उपचार के बाद संबंधित बीमारी से स्वस्थ होने के लिए दवा का वितरण हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शहर के लक्ष्मीपुर स्थित एसआरपी हॉस्पिटल के द्वारा पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के सौजन्य से किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा सुजीत कुमार ने मरीजों का इलाज किया। वही महिला रोग विशेषज्ञ सोनाली गुप्ता सहित बाल रोग चिकित्सक डॉक्टर राकेश कुमार ने जोड़ों की दर्द सहित शुगर, बीपी, गैस, बाल रोग आदि से पीड़ित मरीजों का इलाज किया गया। इस दौरान शुगर, यूरिक एसिड, हिमोग्लोबिन आदि का जांच किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चिकित्सक डॉ. सुजीत ने बताया कि भाग दौड़ की जिंदगी में शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए खानपान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

## श्रीश्रीठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा नगर। युग पुरुषोत्तम श्री श्रीठाकुर अनुकूल चन्द्र जी का 136 वां जन्म महोत्सव रविवार को भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया. बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और अपने आराध्य को याद किया. गाजे बाजे के साथ शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. इसके उपरांत उत्सव स्थल पर धर्म सभा व मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया. श्रद्धालुओं ने आनंद बाजार का भी आनंद उठाया। जन्मोत्सव के दिन सर्वप्रथम प्रभातफेरी निकाली गई. उसके बाद विनती प्रार्थना किया गया. इसके उपरांत अनुयायियों के उमड़े जन सैलाब और गाजे बाजे के साथ एक भव्य शोभा यात्रा नवीगंज स्थित श्री मंदिर से निकल धर्मनाथ मंदिर, कटरा, एसडीएस कॉलेज, हॉस्पिटल चौक, डाक बंगला रोड, थाना चौक होते मौना चौक, नगरपालिका चौक के रास्ते पुनः थाना चौक होते हुए मुख्य उत्सव स्थल गर्ल्स स्कूल के प्रांगण में अवस्थित प्रेक्षा गृह में पहुंचा. इस दौरान ह्यबंदे पुरुषोत्तममह्न के नारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा. धर्म सभा का शुभारंभ ठाकुर जी के भजन कीर्तन के माध्यम से शुरू हुआ. इस बीच धर्मानुरागी विद्वत जनों ने अपने प्रवचन से भक्तवृंदो का ठाकुर जी के प्रति निष्ठा प्रबल की और उनका मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. अविन दा से आशीर्वाद प्राप्त और दरभंगा से पधारे शिवम आकाश ने अपने ओजपूर्ण जाजन से उपस्थित जन समूह का ध्यान आकृष्ट किया और उन्हें भाव विह्वल कर दिया. उन्होंने कहा कि असीम अनंत ईश्वर जब नर रूप में आते हैं, तो उसी को पुरुषोत्तम कहते हैं. हम अपने पुरुषोत्तम को पकड़ कर चलेंगे तो कभी कष्ट नहीं होगा. उन्होंने आगे कहा कि हरेक को कर्म फल जरूर मिलता है, इसलिए हमे इष्ट के काम में रह अपना पुण्य तलाशना होगा. उन्होंने आचार्य दा और अवीन दा को जीवंत ईश्वर बता उनकी बात मानने को कहा और डीपी वर्क करने के लिए प्रेरित किया. वरिष्ठ एसपीआर श्री राम गिरि ने कहा कि हमारे ठाकुर जी परमप्रेममय है, उनके अनुयायी होने के नाते हमे द्वेष, घृणा और कटुता आदि को त्याग अपने अंदर प्रेम जागृत करना होगा. गोपालगंज से पधारे एसपीआर पंकज बराल ने इष्टभृति की महिमा को रेखांकित करते हुए कहा

## बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी: पूर्व मंत्री



● निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का पूर्व मंत्री जितेंद्र राय ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। शहर के नगरपालिका चौक स्थित यदुवंशी राय मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व प्रथम खेल मंत्री जितेन्द्र कुमार राय और पूर्व एमएलसी रघुवंश प्रसाद राय संयुक्त रूप ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने शिविर में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की स्वस्थ जीवन जीने के लिए के लिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है। लोग रोजमर्रा के जीवन में कार्य की व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं रहते हैं और इससे लोगों में तमाम तरह की बीमारियां पनपने लगती हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शरीर में थोड़ी सी भी परेशानी होने पर चिकित्सक की सलाह अवश्य लें। अगर लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहेंगे तो कई बीमारियों को पनपने से रोका जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं होते है जिस कारण छोटी छोटी बीमारी बड़ी बीमारी का रूप ले लेती है। तब लोग शहर की ओर भागते है। इस कैंप का उद्देश्य यही है कि लोगों को उनके बीमारी के बारे में पता चल सके और समय पर इलाज मिल सके। वही इस मौके पर यदुवंशी राय हॉस्पिटल के वरीय चिकित्सक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर के आयोजन का मकसद है कि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। उन्होने कहा कि हार्ट के द्वारा ही हमारे शरीर में ब्लड संचालन होता है जो पूरे शरीर को रक्त प्रदान करता है। हार्ट एक ऐसा अंग है जिसको 24 घंटे लगातार एक ही लय में काम करना पड़ता हैं। इस लिये मनुष्य के शरीर में हार्ट का एक महत्वपूर्ण योगदान है।

# वृक्षारोपण, कापी-कलम वितरण और दीपोंत्सव के साथ मनाई गई संत श्रीधर बाबा के जन्मदिन

● इस दौरान वृक्षारोपण, सैकड़ो बच्चों के बीच कापी कलम वितरण तथा दीपोत्सव की कार्यक्रम आयोजित की गई

प्रात : किरण, संवाददाता



भेल्दी। जिला के प्रसिद्ध वयोवृद्ध संत श्रीधर दास जी महाराज के जन्मदिन महर्षि श्रीधर बाबा नयन ज्योति अस्पताल सराय बक्स में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वृक्षारोपण, सैकड़ो बच्चों के बीच कापी कलम वितरण तथा दीपोत्सव की कार्यक्रम आयोजित की गई। बाबा के लम्बी उम्र और स्वास्थ्य की कामनाएं की गई। पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने कहाकि श्रीधर बाबा ने कालेज स्कूल खोल शिक्षा के क्षेत्र जो काम किया,वैसा कार्य पूंजीपतियों और नेता मंत्रियों ने नही किया। पूर्व प्राचार्य राम प्रवेश पंडित ने कहा श्रीधर बाबा ने शिक्षा और स्वास्थ्य केन्द्र माध्यम से हजारों लोगों को अज्ञान और बीमारी बचाया। प्राचार्य रामकिशोर यादव ने बताया कि श्रीधर बाबा ने धर्म और योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए सैकड़ो महायज्ञ कर चुके है। प्रो. सुरेंद्र राय ने कहा गुरु जी ने लाखों लोगों को ज्ञान अध्यात्म और आयुर्वेद से जोड़ा है। श्रीधर बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी ने कहा कि आज आधुनिक समय में लोग केक काट मोमबत्ती जला और बुझा जन्मदिन मानते हैं जिससे फूंक से उसमें कीटाणु फैलती है जो एक दुसरो में बीमारी फैलाती है।परंतु हम लोगों ने दीपोत्सव , पेड़ लगाकर, बच्चों के शिक्षा के प्रति जागृत करके समाज को जोड़ने और आगे बढ़ने का कार्य किया है। ऐसे कार्य सभी को अपने जन्मदिन पर करना चाहिए। डॉ. प्रभु यादव, डॉ उमेश चंद्र यादव, दीपक कुमार, कुश कुमार, सुभाष प्रसाद, महेश राय अंकज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्धघाटन नगर निगम मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, डॉक्टर विजय किशोर प्रसाद, डॉ शम्भू कुमार, डॉ उज्वल कुमार वर्मा, डॉ सचिन, डॉ नम्रता जायसवाल, डॉ अविनाश कुमार, डॉ सैय्यद सोहेल अख्तर, डॉ सम्पूर्णा नन्द सिंह, सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, सीए अमित कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। नगर निगम मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा यह जाँच शिविर निचले तबके के लोगो के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। गरीबो के उत्थान के लिए इस तरह का स्वास्थ्य जाँच शिविर लगते रहना चाहिए। सारण्य महोत्सव के महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा दान्त की जांच नियमित रूप से आवश्यक है क्योंकि नियमित जांच नहीं कराने से मुँह का केन्सर होना लाजमी है। यदि आपका मुँह कम खुल रहा है या मुँह में छाले पड़े हुए बीस दिन से ज्यादा हो गया हो या मुँह में जलन की शिकायत हो या मुँह के अन्दर में सफेद या लाल परत बन जाता है तो तुरन्त दाँत के डॉक्टर से सलाह लेना चाहिए इस तरह की बीमारी बीड़ी, तम्बाकू, सिगरेट, गुटका, कसैली आदि के सेवन से शीघ्रता से फैलती है इस तरह के नसीले पदार्थो का बहिष्कार करके ही स्वस्थ रहा जा सकता है।

## पटना उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजय करोल को मां अंबिका के दरबार आमी पहुंचे और विधिवत तरीके से पूजा अर्चना की

प्रात : किरण, संवाददाता



दिघवारा नगर। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश व पटना उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजय करोल रविवार को मां अंबिका के दरबार आमी पहुंचे और विधिवत तरीके से पूजा अर्चना कर सबों की खुशहाली की कामना की।इससे पूर्व उनके आगमन को लेकर मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सोनपुर एसडीएम निशांत विवेक, एसडीपीओ नवल किशोर, दिघवारा सीओ मिट्ठू प्रसाद व थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार आदि पदाधिकारी मंदिर में मुस्तैद थे।उधर श्री करोल के मंदिर पहुंचने पर सचिव प्रतिनिधि पंडित रितेश तिवारी, मुनमुन तिवारी,धीरज तिवारी,मुनचुन तिवारी, रंजीत तिवारी आदि कई पुजारियों ने उनका स्वागत किया। बाद में मां अंबिका के गर्भगृह में उन्होंने विधिवत तरीके से पूजा अर्चना किया और मां के पिंडी पर चुनरी भी चढ़ाया।

# निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

अमनौर। अमनौर प्रखंड के ढोरलाही पंचायत के मध्य विधायलय ढोरलाही कैथल नारा पर रविवार को निःशुल्क एक दिवसीय स्वास्थ मेगा शिविर का विधवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उज्वल कुमार सिंह उर्फ छोटू एवं आयोजनकर्ता श्री तजेंद्र कुमा कुणाल एवं मुकेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मध्य विधायलय में आतिथयो के द्वारा पौधा रोपण के उपरांत प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन सोशल एक्टिविस्ट युवा नेता पन्ना लाल कुमार एवं बादल सिंह ने संयुक्त रूप से किया, वही इस कार्यक्रम में आए हुए चिकित्सकों को फूल माला अंगवस्त्र देकर प्रतिमा प्रकाश लकवा क्लिनिक के संस्थापक रंजीत कुमार सिंह ने उज्जव कुमार सिंह एवं तजेंद्र कुमा,डॉ अजित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, आदि लोगो को सम्मानित किया गया। वही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्वल कुमार सिंह ने कहा कि आज इस कैम्प के थीम से मैं बहुत खुश हूं यह अमनौर के धरती पर पहली बार इस प्रतिमा प्रकाश लकवा क्लिनिक के द्वारा अनुभवी चिकित्सको के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ परामर्श निःशुल्क जांच, एवं मुफ्त जांच की सुविधा दी जा रही है जो सामाजिक हित के लिए बहुत ही अच्छा पहल एवं उत्कृष्ट कार्य है। वही तजेंद्र कुमा उर्फ कुणाल ने बताया कि इस कैम्प में फ्री एँ, एूँ, ब्लड जांच, बीपी जांच, निःशुल्क ब्रेन, नस, लकवा, मानसिक रोग जांच के साथ साथ एस आर एम रॉयल हॉस्पिटल के निर्देशक के माध्यम से निःशुल्क दावा भी वितरण किया जा रहा है।

## भारत विकास परिषद रक्सौल शाखा की नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। शहर के कौड़िहार चौक स्थित भारत विकास परिषद के कार्यालय में सत्र 2024-25 के लिए नयी कार्यकारिणी के गठन के मद्देनजर एक विशेष बैठक परिषद के संरक्षक अवधेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि व वन्दे मातरम् के गायन से हुआ। इस मौके पर पर्यवेक्षक के तौर पर उपस्थित प्रांतीय पदाधिकारी विनोद कुमार नंदे को परिषद की ओर से पुष्प गुच्छ एवं दोशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बैठक के शुभारम्भ में मंच संचालक सुनील कुमार द्वारा प्रांतीय पर्यवेक्षक का सभी सदस्यों से परिचय के उपरांत सभी सदस्यों के बीच चर्चा कर सर्वसम्मति से जहां संरक्षक मंडल में अवधेश सिंह, डॉ. एस. के. सिंह, द्वारिका सर्राफ, महेश अग्रवाल एवं अंकेश्वर सर्राफ का नाम प्रस्तावित हुआ। वहीं अध्यक्ष पद के लिए डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, वित्त सचिव सीताराम गोयल, उपाध्यक्ष, उमेश सिकारिया, नीतेश कुमार सिंह एवं विजय कुमार साह एवं संतोष सिंह, सह सचिव अरविन्द जायसवाल, सुनील कुमार, संगठन सचिव, सेवा संयोजक योगेन्द्र प्रसाद, पर्यावरण संयोजक सुनील कुमार जैसे महत्वपूर्ण पद के लिए श्रीमती बी.दास का नाम प्रस्तावित हुआ।

## मोतिहारी में हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर जागरुकता सह फोटो प्रदर्शनी के 10वें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

● कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ विभिन्न योजनाओं के काउंटर भी लगे जहां पर निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही हैं




प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार पटना द्वारा मोतिहारी में फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम में रविवार (10.3.2024) को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के 10वे दिन विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ विभिन्न योजनाओं के काउंटर भी लगे जहां पर निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही हैं। आम लोगों ने इस प्रदर्शनी स्थल पर लगे काउंटर पर ऑन स्पॉट निःशुल्क सुविधा भी उठाया। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहे मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के तहत पहली बार वोट करने वालों के लिया वीडियो के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। यह फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम आगामी 13 मार्च तक चलता रहेगा. इसमें सभी के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

# माँझी में नरेन्द्र मोदी विचार मंच की बैठक आयोजित

● बैठक करते नरेंद्र मोदी विचार मंच के कार्यकर्ता

प्रात : किरण, संवाददाता



माँझी। रविवार को माँझी नगर पंचायत के उर्मिला देवी शिक्षा मंदिर में नरेन्द्र मोदी विचार मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंच के सक्रिय सदस्य शामिल हुए। बैठक में माँझी नगर पंचायत सहित प्रखंड के अन्य पंचायतों में अभियान चला कर युवाओं को मंच से जुड़ने की सलाह दी गई। बैठक में मंच से जुड़े लोगों ने युवाओं को प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट मुद्रा बैंक लोन की जानकारी दी गई। इस बाबत मंच के उपाध्यक्ष सुशील कुमार उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि मुद्रा बैंक युवाओं को स्वरोजगार खड़ा करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। माँझी नगर पंचायत में अत्यंत गरीब दुकानदारों को इस योजना के तहत अपना रोजगार शुरू करने के लिए बैंकों से दस हजार रुपये तक का कर्ज बिना किसी गारंटी के दिया जा रहा है। छोटे रोजगार यथा सब्जी बेचने वाले तथा रेहड़ी पर दुकान लगाने वाले को भी इस योजना के तहत एक हजार से लेकर दस हजार तक का सस्ता कर्ज उपलब्ध कराया जा रहा है।

## परसागढ दक्षिण पंचायत के भोकारी बाबा शिव मंदिर छठ घाट का निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ

प्रात : किरण, संवाददाता



एकमा। प्रखण्ड के परसागढ पंचायत के दक्षिण टोला वार्ड नम्बर एक के भोकारी बाबा शिव मंदिर परिसर में रविवार को मुखिया काजल तिवारी के द्वारा ग्रामीणो के मांग पर छठ घाट का निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ इस अवसर पर मुखिया काजल तिवारी ने बताया की पंचायत के दक्षिण टोला वार्ड एक के भोकारी बाबा शिव मंदिर परिसर पर छठ घाट नहीं होने से पंचायत के या उसके आस पास के गाँव के लोगों को छठ पूजा करने में छठव्रतियों को परेशानी हो रही थी। पंचायत की महिलाएं छठ पूजा के दिन या तो गढ्ढा खोद कर अर्घ देती थी सुविधा अनुसार कुछ छठव्रति दूसरे घाटों पर पूजा-अर्चना करती थी पंचायत में छठ घाट निर्माण नही होने से ग्रामीण काफी परेशानी थे आज घाट का निर्माण किये जाने पर ग्रामीण सहित आस पास के लोग भी काफी खुश दिखाई दे रहे हैं वहीं पंचायत के ग्रामीण रामाधार साह, ठाकुर महतो, लक्ष्मण महतो, राधा महतो , हीरा महतो , चन्दीका महतो, मनई महतो, अमर महतो, अमर महतो, राकेश महतो वार्ड कोरानदीन अंसारी, ने बताया की छठ घाट के निर्माण होने से छठ पूजा में व्रतियों को काफी सहूलियत होगी।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट स्थापित

**प्रात : किरण संवाददाता।** छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी सारण श्री अमन समीर के निदेशानुसार आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अवधि में विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण एवं अवैध पदार्थों जैसे- मादक पदार्थ, अवैध शराब, अवैध आग्नेयास्त्र, जाली नोट, अनाधिकृत राशि एवं बहुमूल्य धातुओं के परिचालन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सारण जिला के सीमावर्ती जिला एवं राज्यों की सीमा पर अंतर राज्यीय एवं अंतर जिला चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। इन चेक पोस्टों पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिला के मशरख थाना अंतर्गत अम्बेडकर चौक, रसूलपुर थाना अंतर्गत चपरैठा टोल प्लाजा, चैनपुर मोड़, माँझी थाना अंतर्गत बलिया मोड़, ताजपुर एवं महम्मदपुर, मकेर थाना अंतर्गत रेवाघाट पुल, सोनपुर थाना अंतर्गत शिवबचन मोड़, पहलेजाघाट थाना अंतर्गत जे० पी० सेतु के नजदीक, डोरीगंज थाना अंतर्गत वीर कुंवर सिंह सेतु के दक्षिण चेक पोस्ट बनाया गया है। सभी चेक पोस्टों पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को अपने कार्यस्थल पर ससमय उपस्थित रहकर सघन तलाशी एवं जाँच करने का निर्देश दिया गया है। वे असामाजिक तत्त्वों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि संदर्भित मार्ग से अवैध शराब, आग्नेयास्त्र एवं अवांछित वस्तुओं का पारागमन नहीं हो। इन सभी चेक पोस्ट पर मतदान की समाप्ति तक लगातार सघन जांच सुनिश्चित की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को संबंधित चेक पोस्ट अंतर्गत अवस्थित थानाध्यक्ष, सीमावर्ती जिला के थानाध्यक्षों से निरंतर सम्पर्क स्थापित कर आपसी समन्वय के साथ सीमा पर अपराधिक, असामाजिक तत्वों के घुसपैठ एवं अवैध वस्तुओं के आवागमन पर प्रभावी रोक लगाने हेतु निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र के नाद गांव से एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी बिक्रमगंज आदित्य गर्ग जीआर 1264/09 टीआर 1205/22 के वारंटी अभियुक्त नंदजी सिंह पिता स्व. डोमा सिंह को नाद गांव से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने दी।

### परिवहन विभाग से राशि नहीं लौटाए जाने से परेशान

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र के इटढ़िया निवासी संजय कुमार राय ने ड्राइवरी लाइसेंस फेल होने पर रिन्यूअल के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी रोहतास के खाते में शुल्क जमा किया था। विभाग द्वारा अप्राप्त बताए जाने पर पुनः उन्होंने 19 फरवरी 2022 को 3330 रुपए जमा किया गया। इसके बाद प्रथम बार आवेदन के साथ 16 फरवरी 2022 को जमा की गई शुल्क की राशि बिहार सरकार के अकाउंट में शो करने लगा। इसके बाद संजय कुमार राय द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी रोहतास को आवेदन देकर कई बार अपनी राशि लौटने का आग्रह किया गया है। परंतु अभी तक उनकी राशि उन्हें वापस नहीं दी गई। इसको लेकर वह काफी परेशान है।

### पूर्व मारपीट मामले का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

नसरीगंज(रोहतास)। कछवां पुलिस ने पूर्व मारपीट मामले के एक प्राथमिकी नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के खिरियांव निवासी हीरालाल सिंह के पुत्र करमु सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार प्राथमिकी नामजद अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 112/ 23 के आलोक में सुसंगत धारा 341/ 323/ 325/ 307/379/504/506/34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज था।

### काराकाट पुलिस ने 28 हजार पांच सौ रुपये का काटा चालान

काराकाट(रोहतास)। काराकाट पुलिस ने वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर एनएच 120 बिक्रमगंज - डिहरी मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के जमुआ पेट्रोल पंप के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। जिस क्रम में शनिवार को 21 हजार पांच सौ रुपये और रविवार को 7 हजार यानी कुल मिलाकर 28 हजार पांच सौ रुपये का चालान काटा गया। इसकी जानकारी प्रभारी थानाध्यक्ष रवि भूषण कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा।

### लोकसभा चुनाव और आगामी पर्व को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालकर ने आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए शांति व्यवस्था को लेकर मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च अभियान चलाया। जहां उन्होंने लोगों से अपील करते हुए बताया कि आगामी चुनाव और सभी पर्व को लेकर स्थानीय पुलिस अभी से ही सख्त व्यवस्था में जुट गई है। जो असमाजिक तत्वों पर नकेल कसने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस अभियान मौके पर एसआई सूर्यभूषण प्रसाद, एसआई अंशु माला सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### नगर इकाई आरा द्वारा पारिवारिक होली मिलन समारोह 17 को

आरा। अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, आरा के तत्वधान में होली मिलन समारोह आयोजन की बैठक 10 मार्च की शाम को नगर अध्यक्ष श्रीकिशुन प्रसाद गुप्ता के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली मिलन समारोह में, आरा के हरेक रौनियार परिवार की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाएगी। 70 वर्ष के ऊपर के रौनियार गार्जियन को सम्मानित किया जाएगा। संगीत तथा प्रतिभोज का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित सदस्य में अध्यक्ष श्रीकिशुन प्रसाद गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजू कुमार, चंदन रौनियार, राकेश उर्फ लड्डू जी आदि उपस्थित सदस्यों ने होली मिलन समारोह को सफल बनाने का निर्णय लिया।

### जलयात्रा सह शोभायात्रा आज, तैयारी पूरी

बिक्रमगगंज(रोहतास): बिक्रमगंज प्रखंड के निज ग्राम जोन्ही में श्री सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 11 मार्च से 16 मार्च तक श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित की जायेगी। जिसका जलयात्रा सह शोभायात्रा आज यानी सोमवार को निकाली जाएगी। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। यज्ञ समिति जोन्ही के अनुसार जलयात्रा निज ग्राम जोन्ही यज्ञ स्थल से होते हुए गांव का भ्रमण कर काराकाट बाजार होते हुए पुनः जोन्ही पुल पर कलश पूजन विद्वतजनों द्वारा कराया जाएगा।

# किसानों के लिए समर्पित है मोदी सरकार : आर. के. सिंह

## भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित 'ग्राम परिक्रमा यात्रा' मे सैकड़ों ट्रैक्टरो का निकला जुलूस

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भाजपा की किसान मोर्चा द्वारा बारह फरवरी से चल रहे ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन पर आरा के जीरो माइल के पास से रमना मैदान तक ट्रैक्टर रैली निकाली गईइस रैली को सांसद राजकुमार सिंह ने झंडी दिखा कर रवाना किये। रैली में सैकड़ों ट्रैक्टर शहर के जीरो माइल से शुरू होकर रमना मैदान में समाप्त कर दी गई रैली के दौरान जगदेव बाबु एवं स्वामी सहजानन्द सरस्वती की प्रतिमा, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, भीमराव आंबेडकर जी और बाबू वीर कुंअर सिंह के प्रतिमा पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने माल्यार्पण किया इस मौके पर समापन समारोह आयोजन जीरो माइल के किया गया समारोह में उपस्थित सांसद व केन्द्रीय मंत्री राजकुमार सिंह ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार किसानों के लिए समर्पित है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहा है कि देश में सिर्फ चार जाति ही है युवा, किसान, महिला, और गरीब। इन सबकी चिन्ता प्रधानमंत्री जी करते हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से सरकार किसानों को सहयोग कर रही हैसिचाई योजना ,फसल बीमा योजना जैसे दर्जनों योजना मोदी जी ने लागू किये है जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है सरकार ने अनाज खरीद के लिए काफी रेट बढाया है मोदी जी किसानों को समृद्ध बनाने का लक्ष्य बनाया है किसानों के आय को बढाने का लक्ष्य सरकार तय किया है किसान को बिना समृद्ध किए देश विकसित नही हो सकता।समारोह में उपस्थित किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरूआत उत्तर प्रदेश के शुक्रताल से 12 फरवरी से शुरू किया गया था, जिसका आज समापन किया गया हैइस यात्रा के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा किये गए किसान हितैषी योजनाओं के बारे में घर घर जाकर किसानों को बताया गया हैआगे किसानों के हित में क्या किया जाए इसके लिए किसानों से सुझाव भी मांगी गई हैउनके सुझावों को अगले कार्यकल में शामिल भी किया जाएगोउन्होंने स्थानीय सांसद आर. के. सिंह जी को विकास पुरुष बतायोआजादी के बाद भोजपुर जिले पहली बार इतना चहुंमुखी विकास हुआ है। वे जब मंत्री नहीं थे तब भी आरा के विकास के बारे में सोचते रहते थेइस मौके पर भोजपुर जिले के दर्जनों किसानों को सम्मानित किया गया मौके पर उपस्थित भाजपा के जिला अध्यक्ष दुर्गा राज ने जिले मे उद्योग की स्थापना होनी चाहिऐकार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विद्या सागर पांडे जी ने कियो मंच का संचालन किसान मोर्चा के प्रवक्ता प्रहलाद राय ने कियो इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेश कुमार, रंजीत सिंह, प्रदेश मंत्री दिपक कुमार, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन तिवारी,ज्योति कुशवाहा, भाजपा नेता हरेन्द्र पांडे,प्रेम रंजन चतुर्वेदी, मीथिलेश कुशवाहा, सूरज भान सिंह,ई.धीरेन्द्र सिंह, राम दिनेश यादव,वंदना राजवंशी, प्रेम पंकज ललन,मीरा यादव,सतीश भट्ट,नरेन्द्र तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, संतोष चंद्रवंशी, अविनाश कुशवाहा, भरत चौधरी, राकेश तिवारी,शंकर दयाल कुशवाहा, प्रेमजीत सिंह, संजय सिंह, उदय प्रताप सिंह, भुवनेश्वर ठाकुर सूर्य कान्त पांडे ,राहुल सिंह,सहित सैकड़ों भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# मैराथन दौड़ में रोहतास की बेटी ने प्रथम स्थान फतह कर लहराया परचम

प्रात : किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) रोहतास के मैराथन गर्ल से मशहूर धावक गुड़िया ने पुनः एक बार मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में कमाल दिखाते हुए जिला सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर दिखाया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में उसने प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की।

ज्ञात हो कि 10 मार्च को राज्य स्तरीय दस किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन प्रयागराज अरैल घाट ग्राउंड अंतर्गत किया गया था। जिसमें देश के यूपी, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तराखंड, चेन्नई, राजस्थान, गुजरात, देहरादून सहित अन्य राज्यों के सैकड़ों प्रतिभागियों तहत लड़के एवं लड़कियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें भाग लेते हुए रोहतास जिला के नोखा क्षेत्र की प्रतिभागी गुड़िया कुमारी ने 10 किलोमीटर के दौड़ को मात्र 45 मिनट 33 सेकेंड में पूरा करते हुए प्रथम स्थान फतह कर पूरे जिला सहित बिहार का नाम रोशन कर दिखाया है। इस जीत पर खेल प्रतियोगिता से जुड़े विभिन्न पदाधिकारियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गुड़िया कुमारी को स्टेडिय में मेडल व प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य का कामना की। गुड़िया ने इस जीत का श्रेय अपने पिता विजय साह और माता पार्वती देवी को देते हुए बताया कि मेरे जीवन का मुख्य लक्ष्य है कि मैं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर सकूं।

# महिलाओं की आजादी व बराबरी की लड़ाई को करें मजबूत : इंदु सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन(ऐपवा) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निकाला मार्च। मार्च में शामिल महिलाओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के ऐतिहासिक क्रांतिकारी भावना को बुलंद करो, महिलाओं की आजादी व बराबरी की लडाई को मजबूत करों, 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को परास्त करो आदि नारे लगा रहीं थीं।

मार्च का नेतृत्व इंदु सिंह ऐपवा राष्ट्रीय क्रायकारिणी सदस्य, संगीता सिंह, शोभा मंडल ऐपवा राष्ट्रीय परिषद सदस्य, सभा की अध्यक्षता ऐपवा जिला अध्यक्ष नीलम कुंवर ने किया। कलावती देवी, सपना देवी, रमीता देवी, मनतुरना देवी , रीता देवी , हेवांती देवी, देवन्ती देवी , सरस्वती देवी आदि प्रमुख महिलाएं शामिल थीं।

सभा को सम्बोधित करते हुए ऐपवा जिला सचिव इंदु सिंह ने कहा कि 8 मार्च का इतिहास दुनिया की महिलाओं का दिन है। महिलाओं का संघर्ष, वोट देने, युद्ध के खिलाफ शांति का इतिहास है। देश मे पिछले दस वर्षो की सरकार तनसाह सरकार है जिसने महिलाओं के सभी अधिकारों को कुचल दिया है। महिलाओं पर लगतार अत्याचार, बलात्कार किया जा रहा है। कानून में जो महिलाओं के अधिकार देता था की वे अपने मर्जी से जीवन का रास्ता चुने उसे खत्म किया जा रहा है। ये सरकार बुलडोजर सरकार है ये दलितों - गरीबों पर लगतार दमन ढहने वाली सरकार है। इस लिए 2024 में इसे सता से बाहर करना 8 मार्च का संकल्प है। हमे भाजपा को सत्ता से बाहर करना भर नही होगा बल्कि हमे पितृसत्तात्मक सोच के खिलाफ भी लड़ना होगा।

# जनसेवक और किसान सलाहकार साथियों का मीटिंग महासंघ गोपगुट बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जनसेवक और किसान सलाहकार साथियों का मीटिंग महासंघ गोपगुट कार्यालय मिलरोड़ आरा में उमा शंकर साहू की अध्यक्षता में किया गया, संचालन जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने की, उपस्थित साथियों ने जनसेवक और किसान सलाहकार के पदधारक को शिष्टमंडल वार्ता के क्रम में किए गए असोभनीय बर्ताव पर घोर निदा प्रस्ताव पारित किया। और किसान सलाहकार के मानदेय और जनसेवक संवर्ग में समायोजन, साथ ही जनसेवक का प्रोन्नति बीएओ में किया जाया, जिसका संघ के माध्यम से कृषि विभाग के माननीय, मुख्य मंत्री, कृषि मंत्री, सचिव, निदेशक, एपीसी, को भेजा जाएगा, संघ को एक बैनर, एक मंच और महासंघ गोप गुट, जनसेवक संघ के साथ मिलकर बिहार किसान सलाहकार संघ बिहार पटना का राज्य कमिटी का चुनाव किया जाएगा। और विस्तार के लिए ब्लॉक स्तर से नई कमिटी का चुनाव करके, मजबूत टीम बनाने का निर्णय लिया जाएगा, मीटिंग में वरुण बिहारी, विंध्याचल,राजकुमार, अखिलेश कुमार, दीपक अजय,अनील, शिवमंगल, अभय,राजीव, संजीव सहित अन्य साथी उपस्थित हुवे।

# हेरोइन की डिलेवरी करने पहुंचे तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

आरा/जगदीशपुर। मादक पदार्थो के खिलाफ अभियान में भोजपुर पुलिस टीम को फिर सफलता मिली है। जगदीशपुर पुलिस ने हेरोइन की डिलेवरी करने पहुंचे तीन तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को वार्ड नंबर स्थित राजा के पोखरा के पास पकड़ा गया। तस्करों के पास से 13 पुड़िया हेरोइन और एक बाइक बरामद की गयी है। तस्करों में राजा के पोखरा निवासी राजेंद्र चौधरी का पुत्र सोनू कुमार, बलिराम यादव का पुत्र संतोष कुमार और जगदीशपुर गांव निवासी राजेंद्र चौधरी का पुत्र करण कुमार शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार की शाम सूचना मिली कि जगदीशपुर वार्ड नंबर में कुछ तस्करों की ओर से हेरोइन की डिलेवरी की जानी है। उसके लिए सोनू कुमार अपने दो साथियों के साथ पहुंचने वाला है। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सूचना के सत्यापन, तस्करों की गिरफ्तारी और हेरोइन की बरामदगी को एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी।

# डाक कर्मचारी संघ ग्रुप 'सी' व पोस्टमैन एवं एम. टी.एस. संवर्ग का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। प्रधान डाकघर, आरा परिसर में- को राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप 'सी' व पोस्टमैन एवं एम.टी. एस. संवर्ग का द्विवार्षिक अधिवेशन हीरालाल राम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उक्त अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य उद्घाटनकर्ता बी.के. मिश्रा परिमंडलीय सचिव बिहार सर्किल पटना, मुख्य अतिथि पवन कुमार वर्मा डाक अधीक्षक भोजपुर प्रमंडल आरा, विशिष्ट अतिथि प्रेरित कुमार सहायक जनरल सेक्रेटरी सी.एच.क्यू, अजय कुमार सर्किल सचिव पोस्टमैन एवं एम.टी.एस, महेश पासवान सर्कल सचिव जी.डी.एस एवं यशवंत कुमार सिंह डाकपाल प्रधान डाकघर आरा के द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया ' मंच संचालन का कार्य मनोरंजन कुमार सिंह द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ के आए हुए वक्ताओं ने डाक कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर अपना अलग-अलग विचार रखा। महन्थ शर्मा ने कहा कि भोजपुर डाक प्रमंडल में कर्मचारियों की अत्यधिक कमी है, जिसके कारण कार्यरत कर्मचारियों पर विभागीय कार्यो के निष्पादन का दिन प्रतिदिन अनावश्यक दबाव बढ़ता जा रहा है। बी.के. मिश्रा सर्किल सचिव ने कहा कि डाकघरों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए घोर असुविधा है, साथ ही साथ उन्होंने सरकार की एन.पी.एस. नीति की भी घोर आलोचना करते हुए कहा कि यह कर्मचारियों के लिए बहुत ही अहितकारी है अतः इसे हटाकर फिर से पुरानी पेंशन योजना ओ.पी. एस. को लागू किया जाना चाहिए उन्होंने जी.डी.एस. कर्मचारियों के लिए कमलेश चंद्र कमेटी की रिपोर्ट को भी जल्द से जल्द लागू करने पर भी बल दिया।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में पिता की मौत पुत्री व एक युवक घायल

कैमूर। चैनपुर थाना क्षेत्र के सतौना पुल के पास शनिवार की देर रात दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक बाइक पर सवार पिता की मौत हो गई जबकि पुत्री घायल है। वहीं दूसरे तरफ के बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के मुताबिक चांद थाना क्षेत्र के सुरहरा गांव निवासी जगदीश यादव की घटना स्थल पर मौत हो गई एवं उनकी पुत्री खुशबू कुमारी घायल है। जबकि दूसरी तरफ के चैनपुर थाना क्षेत्र के हटा गांव निवासी सेराजुद्दीन अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र सरफुद्दीन अंसारी बताया जाता है।

वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि शनिवार को खुशबू कुमारी अपने पिता के साथ रामगढ़ कॉलेज में फॉर्म भरने के लिए गई थी। जब कॉलेज का काम हुआ तो उसके बाद पिता के साथ घर लौटने लगी। वहीं देर रात को सतौना पुल के पास दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हुई जहां सड़क दुर्घटना में पिता की मौत हो गई जबकि खुशबू व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# एनटीपीसीआरईएल ने 3325 मेगावाट की थर्मल आधारित परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

प्रात : किरण संवाददाता




आरा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए माननीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर के सिंह की उपस्थिति में, एनटीपीसी ने राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। एनटीपीसी के हरित ऊर्जा उद्देश्यों और ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में भारत सरकार के प्रयासों को साकार करने के लिए राजस्थान मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य के 3 बिजली निगमों और 6 केंद्रीय उपक्रमों के शीर्ष अधिकारियों के बीच 5 समझौता ज्ञापन और एक पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

राज्य में 31 हजार 825 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन की विभिन्न परियोजनाओं सहित ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए 1.60 लाख करोड़ के लिया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इन समझौतों के तहत, 3325 मेगावाट क्षमता की थर्मल आधारित परियोजनाओं के लिए कोल इंडिया लिमिटेड, एनटीपीसी आरईएल (एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) और एनएलसी इंडिया के साथ राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएन) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसके अलावा 28 हजार 500 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के लिए आरवीयूएन और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। ये नई परियोजनाएं संयुक्त उद्यम के जरिए विकसित की जाएंगी और इन पर 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसी तरह, राज्य में बिजली ट्रांसमिशन सिस्टम को मजबूत करने के लिए राजस्थान बिजली ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के बीच 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का समझौता हुआ।

600 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से बिजली आपूर्ति के लिए राजस्थान ऊर्जा विकास निगम और एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी के बीच एक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर भी हस्ताक्षर किया गया।राजस्थान बिजली उत्पादन निगम छबड़ा थर्मल पावर प्रोजेक्ट में 1600 मेगावाट की कोयला आधारित परियोजना के लिए एनटीपीसी के साथ और 25000 मेगावाट की सौर/पवन परियोजना के लिए एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता किया गया। आरवीयूएनएल के द्वारा कुल 4100 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया, जिसमें 1600 मेगावाट की पिट हेड कोयला आधारित परियोजना, 2250 मेगावाट की सौर परियोजना, 200 मेगावाट की जलविद्युत पंप भंडारण परियोजना और 50 मेगावाट की पवन परियोजना शामिल है। 125 मेगावाट पिट हेड लिग्नाइट आधारित परियोजना और 1000 मेगावाट सौर परियोजना के लिए एनएलसी इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किया गया। इन संयुक्त उद्यमों में एनटीपीसी 1 लाख 16 हजार करोड़ रुपये, कोल इंडिया 26 हजार 700 करोड़ रुपये, एनएलसी 5 हजार 50 करोड़ रुपये और पावर ग्रिड 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा। साथ ही एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी द्वारा 2250 करोड़ रुपये का निवेश भी किया जाएगा।इसके अलावा, राज्य के बुनियादी ढांचे क्षेत्र के विकास के लिए राजस्थान सरकार के विभिन्न उपक्रमों को वित्तीय संसाधन प्रदान करने के लिए ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) लिमिटेड और राज्य सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

# हत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपित को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। भभुआ में इंटरमीडिएट की 17 फरवरी को परीक्षा देने आई गायब युवती की हत्या मामले में पुलिस ने गंगवलिया गांव से एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। वही एसडीपीओ शिव शंकर कुमार ने बताया कि कुदरा थाना क्षेत्र के गंगवलिया गांव निवासी मोहम्मद जाकिर अंसारी के 21 वर्षीय पुत्र सफीक अंसारी बताया जाता है। जो प्रेम प्रसंग के मामले में कुदरा थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की को रोहतास जिला के ताराचंडी के पहाड़ी माझरा कुंड के पास चाकू से उसकी हत्या कर शव का ठिकाने लगा दिया था। इधर लड़की के परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चला तो थाना में आवेदन देकर गुहार लगाया गया। जहां आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। उसी मामले में तकनीकी अनुसंधान के तहत आरोपित को गिरफ्तार किया गया। जब उससे पूछताछ किया गया तो आरोपी ने बताया कि 17 फरवरी को जब भभुआ इंटरमीडिएट की परीक्षा देने आई तब उसके बाद उसके साथ सासाराम गई थी। जहां उसे घूमाने फिराने के बहाने ताराचंडी के पहाड़ी माझर कुंड ले गया। वहीं पर धारदार चाकू से युवती का गला काटकर उसकी हत्या कर दिया। उसके निशानदेही पर जब वहां पहुंच गया तो लड़की का कपड़ा पैर का सैंडल बरामद हुआ जबकि उसके शव में बच्चे हड्डी को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया। लेकिन उसके शव को जांच के लिए पटना लैब में भेजा जाएगा। फिलहाल आरोपित पर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस आगे भी इस मामले को लेकर जांच कर रही है।

# सिविल कोर्ट के समीप गोलीकांड में शामिल मुख्य लाइनर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। सिविल कोर्ट मुख्य गेट के बाहर वाहन स्टैंड के समीप बुजुर्ग गोपाल चौधरी को गोली मारे जाने मामले में भोजपुर पुलिस को एक बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है। इस कांड में शामिल मुख्य लाइनर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गजराजगंज ओपी अंतर्गत महुली गांव निवासी शत्रुधन मिश्रा का पुत्र आदित्य मिश्रा एवं मिठू है। इसके पास से दो मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। मोबाइल से पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग भी मिले हैं। पूर्व से चले आ रहे पुरानी अदावत में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि 29 फरवरी 2024 को जख्मी गोपाल चौधरी उनके बेटे गौतम चौधरी 2016 में हुए हत्याकांड मामले में तारीख पर हाजिर होने के लिए कोर्ट आए थे। कोर्ट से डेट मिलने के बाद दोपहर 1:10 पर अपने घर जाने के लिए जैसे ही कोर्ट गेट से बाहर निकले तभी बाइक स्टैंड के पास अचानक जानलेवा हमला करते हुए जख्मी गोपाल चौधरी को गोली मार दी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जख्मी के पुत्र गौतम चौधरी संबंधित थाना में धनगाई थाना के दलीपपुर गांव निवासी सुशील शाह, बेलूर गांव निवासी रंजीत चौधरी एवं पूर्व में मारे गए हेमंत चौधरी के पुत्र मनीष चौधरी को नामजद एवं तीन अज्ञात को आरोपित किया गया था। कांड को गंभीरता से लेते हुए एसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूत्र के आधार पर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इस दौरान नवादा थाना अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज से पुलिस लाइन की तरफ जाने वाले रास्ते से मुख्य लाइनर आदित्य मिश्रा को धर-दबोचा गया।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि वारदात के समय पकड़ा आरोपित आदित्य अन्य साथियों के साथ कोर्ट कैंपस से लेकर आने जाने लोगों पर नजर बनाए हुए रखा था। जैसे ही जख्मी गोपाल चौधरी कोर्ट से बाहर निकले। तभी आदित्य के द्वारा शूटरों को सूचना दी गई। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ के क्रम में अपनी स्वीकरोक्ति बयान में अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार की है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# बाबा गोसगिर धाम में श्री मद् भागवतपुराण का होगा भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




कैमूर :जिले के मां मुंडेश्वरी मंदिर के रास्ते में पड़ने वाले मोकरी गांव में सुप्रसिद्ध बाबा गोसगिर मंदिर पर 9 दिवसीय श्री मद भागवत महापुराण का भव्य आयोजन दिनाक 14 मार्च से 22 मार्च तक होना है राजेश कुमार सिंह ने बताया की अयोजन की सबसे बड़ी विशेषता ये है कि दुनिया में सबसे कम उम्र की कथा वाचिका सु श्री शिवांगी किशोरी जी के द्वारा किया जाएगा, पैक्स अध्यक्ष रामदुलार सिंह, मुखिया पिंटू यादव, श्री कांत सिंह, हनुमान सिंह, डाक्टर मनोज कुमार सिंह, रविशंकर बिहारी सहित पुरे समिति के लोग इस कथा को लेकर काफी उत्साहित हैं शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक सभी भक्त सु श्री शिवांगी किशोरी जी के मुखार बिंदु से श्री मद भागवत महापुराण कथा को श्रवण कर अपने आप को धन्य करेंगे, श्री आसुतोषानन्द गिरि जी महाराज की उपस्थिति भी रहेगी, बाल विदूषी सु श्री शिवांगी किशोरी जी के कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# मेडिकॉन हॉस्पिटल द्वारा हरिगांव में सैकड़ो मरीजों का मुफ्त में हुआ इलाज

प्रात : किरण संवाददाता




जगदीशपुर। प्रखण्ड के हरिगांव पंचायत सरकार भवन पर मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टुन्ना चौबे के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आरा महावीर टोला स्थित मेडिकॉन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के दर्जनों डॉक्टर उपस्थित थे,,,उपस्थित अतिथियों का स्वागत मुखिया ने फूल माला व अंगवस्त्र से सम्मानित किये, वही मौजूद डॉक्टर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सूर्यकांत निराला जी, जेनरल फिजिशियन डॉक्टर सुप्रज्ञ मोहन पाठक, जेनरल सर्जन डॉक्टर आशीष कुमार व स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सुलक्षणा कुमारी के अलावा कई नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे, मौके पर हॉस्पिटल प्रबंधक बादल विराट भी मैजूद रहे, वही मेडिकॉन हॉस्पिटल प्रबंधक बादल विराट ने वहां मौजूद मीडिया कर्मियों से बातचीत के क्रम में बताया की निशुल्क चिकित्सा शिविर मे मेडिकॉन हॉस्पिटल द्वारा मेडिकॉन हेल्थ कार्ड भी बनाया गया जिसमे गरीब मरीजों का इलाज में काफी छूट का प्रावधान भी रखा गया हैं !

# बाइक के साथ शराब बरामद, दो गिरफ्तार

डुमरांव (बक्सर) स्थानीय पुलिस ने डुमरांव के दक्षिण टोले मोहल्ले में छापेमारी कर बाइक के साथ शराब बरामद करने में सफलता पायी हैं। इस मामले में दक्षिण टोला मोहल्ले का रहने वाला सुरेश राम के पुत्र प्रिंस कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है जबकि पुलिस को देखते ही दूसरा धंधेबाज भागने में सफल रहा। वहीं दूसरी ओर नया भोजपुर ओपी पुलिस ने पुराना भोजपुर गांव से छह पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस मामले में पुराना भोजपुर के गणेश गुप्ता के पुत्र गोविंद कुमार गुप्ता को पकड़ा हैं।

# टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस ट्रेन का पहले दिन स्टेशन पर हुआ स्वागत

डुमरांव (बक्सर) टाटानगर से बक्सर के बीच विस्तारित टाटा- आरा बक्सर एक्स प्रेस के पहले दिन आगमन पर रेल यात्री कल्याण समिति ने डुमरांव रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया। साथ ही समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में ट्रेन के दोनों पायलटों एवं रेल कर्मियों को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर इस ट्रेन के डुमरांव स्टेशन पर ठहराव पर खुशियां मनायी। आगमन के प्रथम दिन 18183 अप टाटा-आरा-बक्सर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय रात के 9:18 बजे से 60 मिनट विलम्ब से चलते हुए 10:18 में डुमरांव पहुंची। जहां समिति सदस्यों ने जोरदार नारों के साथ ट्रेन का स्वागत किया। वहीं समिति अध्यक्ष ने लोको पायलट धीरज कुमार व वीके कुमार को फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर डुमरांववासियों को टाटानगर के लिए सीधी रेल सेवा मिलने पर खुशी जताया। इसके साथ ही समिति सदस्यों ने स्टेशन मास्टर अविनाश कुमार व अन्य रेल कर्मियों के अलावा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ट्रेन के प्रथम आगमन और डुमरांव में ठहराव की खुशियां मनाई।

## संक्षिप्त खबरें

### आगामी लोस चुनाव को लेकर लोजपा (रा) के कार्यकर्ता कशी कमर : सत्येंद्र रंजन



अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी लेकर क्षेत्र का दौरा किया।लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास कारवार जिला अध्यक्ष सत्येंद्र रंजन ने कहा कि जहानाबाद लोकसभा चुनाव प्रभारी रामाश्रय शर्मा उर्फ पुनदेव शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ 214 अरवल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ संख्या -254 प्राथमिक विद्यालय कसौटी , बूथ संख्या - 255 प्राथमिक विद्यालय वसन बिगहा , बूथ संख्या - 263 मध्य विद्यालय केयाल , बूथ संख्या - 270 उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामपुर चाय , बूथ संख्या -273 नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बैर बाना, बूथ संख्या - 274 उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामपुर चाय बूथो दौरा किया और बूथ कमिटी का भी नियुक्त किया गया ।

### सांसद व डीएम ने बाल चिकित्सा गहण देखभाल इकाई का किया शुभारंभ

अरवल। सदर अस्पताल में बाल चिकित्सा गहन देखभाल ईकाई (ढक्डव) का शुभारम्भ जहानाबाद सांसद चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी, डीएम वर्षा सिंह एवं सिविल सर्जन डा० राय कमलेश्वर नाथ सहाय की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।कुल 20 बेड का बाल चिकित्सा गहन देखभाल ईकाई (ढक्डव) का निर्माण बिहार मेडिकल सर्विसेज इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जायेगा।जिसमें शिशु से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों का इलाज किया जायेगा।इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह ,जिला गोपनीय शाखा, डा. विद्याभूषण प्रसाद, एसीएमओ, डॉ. अरविन्द कुमार, एनसीडीओ एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### यूवा पत्रकार के जन्मदिन पर केक काटकर बर्थडे मनाई, लोगों ने दिया बधाई

अरवल। जिले के उभरता हुआ युवा पत्रकार विशाल कुमार के जन्मदिन के मौके पर अरवल मुख्यालय स्थित भीमराव अंबेडकर वाचनालय के पास समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी लोगों ने केक काटकर बर्थडे मनाई गई इस मौके पर उमेश पासवान अशोक पासवान विकास कुमार सिंटू कुमार एवं तमाम लोग उपस्थित रहे इस दौरान अशोक पासवान ने कहा कि पत्रकार समाज का एक आईना है आम आवाम गरीब लोगो का आवाज उठाते हैं सरकार तक पहुंचाते हैं और सरकार के बातो को जनता तक पहुंचाते हैं।युवा पत्रकार के जन्मदिन पर उपस्थित लोगो ने दिल के गहराइयों से लम्बी उम्र का कामना किए।

### सनराइज द्वारा सार्टिफिकेट और गिफ्ट देकर महिलाओं को किया सम्मानित

गया।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन्व्हीर कलब आफ सनराइज और मेडीवर्स हास्पिटल द्वारा मेडीवर्स हास्पिटल के सभी महिला स्टाफ और डा को इन्व्हीर कलब आफ गया सनराइज द्वारा सार्टिफिकेट और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया है।इस कार्यक्रम में सनराइज इन्व्हीर कलब के अध्यक्ष डा दिपशिखा काव्या,वाइस प्रेसिडेंट डा तैजस्वी नंदन,क्लब के आइएस ओडा साडिया सुरी,डा निभा उपस्थिति थी।इस हास्पिटल के सम्मानित डा में डा निखत इमरान,इमब्रोलोजिस्ट अनामिका कुमारी,न्युथोरोनीसट भारती सिह,पुजा कुमारीथी।कयी स्टाफ नर्स को भी सम्मानित किया गया जिसमें किरन कुमारी,मिण्टु कुमारी,रुपा कुमारी,नितु कुमारी, रश्मि कुमारी,रिता कुमारी,जुली कुमारी, सुषमा कुमारी,शैलजा झा को दिया गया है।डा तैजस्वी नंदन द्वारा कैसेर से बचाव की जानकारी सभी को दिया गया है।

### मंत्री ने संयुक्त रूप से मेंटेनेंस कमेटी गठित करने का दिया निर्देश

गया।जल जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, भवन निर्माण विभाग, संसदीय कार्य विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा गया अतिथि गृह में संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की गई है इस बैठक के उपरांत देवघाट स्थित रबर डैम का निरीक्षण किया गया है।इस निरीक्षण के क्रम में मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि मनसारवा नाला तथा किसी अन्य छोटे नालों का गंदा पानी पवित्र फल्गु नदी में समाहित ना हो, इसका ध्यान रखेंगे। फल्गु नदी के पानी को स्वच्छ तथा पवित्र रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, गया के नेतृत्व में गया नगर निगम एवं जल संसाधन विभाग के संयुक्त रूप से मेंटेनेंस कमेटी गठित करने का निर्देश दिया गया है, जो समय-समय पर फल्गु नदी के पानी के साफ-सफाई करते रहेंगे।

# जाखिम, फेसर और रफीगंज स्टेशन पर हुआ विभिन्न ट्रेन का ठहराव

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन पर औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार के अनुशंसा पर लोकसभा क्षेत्र के जाखिम, फेसर और रफीगंज स्टेशन स्टेशन पर विभिन्न ट्रेन का ठहराव हुआ, जिसमें जाखिम स्टेशन पर ट्रेन नम्बर 13151/52 (जम्मू-तवी-कोलकत्ता एक्सप्रेस) एवं 13009/10 (दून एक्सप्रेस) फेसर स्टेशन पर 13151/52 (जम्मू-तवी- कोलकत्ता एक्सप्रेस) रफीगंज स्टेशन पर 12307/08 (हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस) का ठहराव हुआ सांसद ने रफीगंज स्टेशन पर हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

इन सभी ट्रेन के ठहराव होने पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद और आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव हुआ है यह रफीगंज के लिए सौभाग्य कि बात है और सुबह सुबह इतनी बड़ी संख्या में एनडीए के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित है।नई गाड़ी को मिलने से लोगों में बहुत खुशी और उत्साह है। स्थानीय लोगो के द्वारा जो माँग की गई है वह पूरा होगा मेरे द्वारा पहले भी कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना का शुरूआत किए है उसी के तहत मेरे लोकसभा क्षेत्र के रफीगंज और भी विभिन्न स्टेशन का डेवलपमेंट हो रहा है। रिजर्वेशन जो 2 बजे तक होता है उसका समय बढ़ाकर रात 8 बजे तक होना चाहिए और एक एफओबी कि माँग हुई है और जो भी नई ट्रेन के ठहराव का माँग किया गया है वह भी जल्द पूरा किया जाएगा। यंहा कि जनता को अधिक से अधिक रेल की सुविधा मिले यह मेरा कर्तव्य और ड्यूटी है इसको मैं हमेशा करता हुँ और आगे भी करता रहूँगा। सांसद के प्रयास से लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और कई महत्वपूर्ण ट्रेन का पूर्व में भी ठहराव करवाया गया है।

फेसर स्टेशन पर फेसर मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भरत सिंह सैंकड़ो कार्यकताओं के साथ 13151/52 जम्मू-तवी-कोलकत्ता एक्सप्रेस को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।इन सभी ट्रेनों के ठहराव होने से सभी लोगो को यात्रा करने में काफी सुविधा होगी।इस नेक कार्य के लिए लोकसभा क्षेत्र और जिलावासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद सुशील कुमार सिंह को बहुत बहुत धन्यवाद और आभार ब्यक्त किया है। इस कार्यक्रम में भाजपा रफीगंज नगर अध्यक्ष संतोष साव, रफीगंज ग्रामीण अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह,जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला मंत्री संगीता प्रसाद, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जिला पार्षद सह भाजपा कसमा मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, मंडल महामंत्री बबलू सिंह, बालगोविंद साहू, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद,मुखिया विजय सिंह, मुखिया संजय कुमार, स्वरूपचंद जैन, प्रदीप जैन, अनिल जैन, डा अमित मनोहर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डा संगम कुमार वर्मा,भाजयुमो जिला महामंत्री शुभम सिंह, लड्डू खा, सोहैल खान, संजय गुप्ता उर्फ योगी जी, चुन्नू शर्मा, नागेन्द्र शर्मा, अशोक प्रसाद, उपेन्द्र साव, शिवनारायण साव, विजय सिन्हा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, लोजपा (रा.) प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, लोजपा नेता बिनोद दास,जदयू नेता विजय विश्वकर्मा एवं सैंकड़ो की संख्या में शहरवासी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं एनडीए के कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम। सासाराम में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष आरती गुप्ता के अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दिन सभी महिलाएं अपनी हथेली पर कमल का फूल बनाएं एवं मोदी परिवार लिखकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाई। सभी महिलाएं गीत संगीत के माध्यम से मोदी को शुभकामनाएं दी। वर्तमान में महिलाएं दुनिया के हर क्षेत्र में प्रगति कर रही है। चाहे वह शिक्षा, आर्थिक अवसर, या नेतृत्व की भूमिका हो, प्रगति कर रही है, महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में अधिक महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सशक्त बन रही हैं। इस महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, लैंगिक असमानता दुनिया भर में एक गंभीर मुद्दा बनी हुई है।

फिर भी महिलाओं को समान वेतन, शिक्षा और स्वास्थ्य और नेतृत्व पदों पर प्रतिनिधित्व जैसे क्षेत्रों में और जागरूक लाने की जरूरत है। इस कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री सरिता सिंह के द्वारा संचालित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय जनता पार्टी ने नारी को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सम्मान दिए हैं। जिला महामंत्री इंदु देवी, साथ में उपाध्यक्ष बीना देवी, मंत्री मंजू देवी, मंत्री लालसा देवी, जिला कार्यसमिति सदस्य ममता देवी, अनीता देवी, खुशी कुमारी, लक्ष्मण कुमारी, सोनी कुमारी, प्रीति देवी, सरस्वती कुमारी, कुमकुम कुमारी, मुस्कान मिश्रा, श्वेता प्रिया, अनीता देवी, आशा देवी, अनीत ओझ, कुमारी, अन्य कार्यकर्ता शामिल हुई।

# 12 मार्च को न्यू सोननगर स्टेशन राष्ट्र को समर्पित करेंगे पीएम मोदी

प्रात : किरण संवाददाता




सोननगर (औरंगाबाद)। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारतीय रेल के आधुनिकीकरण का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। पूर्णतः संरक्षित एवं त्वरित रेल परिचालन तथा बेहतर यात्री सुविधा प्रदान करने को लेकर भारतीय रेल पूर्णतया प्रतिबद्ध है। भविष्य को ध्यान में रखकर क्षमता वृद्धि एवं सुविधा विस्तार हेतु भारतीय रेल द्वारा बड़े पैमाने पर अवसंरचना निर्माण एवं उन्नयन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उक्त बातें आज न्यू सोननगर स्टेशन पर डीडीयू रेल मंडल के वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता व भारतीय रेल यांत्रिक सेवा के अधिकारी नीतीन कुमार ने कही। सीनियर डीएमई नीतीन कुमार ने बताया कि कल यानी 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यू सोननगर स्टेशन राष्ट्र को समर्पित करेंगे।भारतीय रेल के आधुनिकीकरण का क्रम जारी रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 12 मार्च 2024, मंगलवार को वीडियो लिंक के माध्यम से देश भर में 85,000 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 6000 रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा। साथ ही देश भर में 10 नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के सोन नगर - पतरातू तीसरी रेल लाइन झरेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु डीडीयू मंडल के सोन नगर से धनबाद मंडल के पतरातू तक नवनिर्मित तीसरी लाइन परियोजना अति महत्वपूर्ण है। झारखंड राज्य में खनिज संपन्न क्षेत्र से गुजरने वाली यह लाइन डीडीयू मंडल में रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि में सहायक होगी । विशेषकर इस क्षेत्र से होकर पावर प्लांट तक कोयला लदी मालगाड़ियों के त्वरित आवागमन में सुविधा होने के साथ बीडी सेक्शन में रेल परिचालन तेज एवं सुगम होगा। साथ ही संरक्षा भी और सुदृढ़ होगी। नीतीन कुमार ने कहा कि डीएफसीसी के कार्गो हैंडलिंग स्टेशन-डीएफसीसी के स्टेशनों न्यू सोन नगर, न्यू सोन नगर लिंक, न्यू चिरैलापौथु, न्यू करवंदिया, न्यू कुदरा, न्यू दुर्गावती, न्यू गंजख्वाजा, न्यू डीडीयू तथा बीपीसीएल डीडीयू का राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा। इसके अलावा न्यू सोन नगर स्टेशन से एक मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर डीएफसीसी पर रवाना किया जाएगा।माल परिवहन को समर्पित डीएफसीसी के इन स्टेशनों के माध्यम से इस क्षेत्र में माल परिवहन और सुविधाजनक एवं त्वरित होगा। इस अवसर पर अपर मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर नवीन कुमार चड्ढा, सोननगर स्टेशन प्रबंधक राजीव कमल, सीनियर सेक्शन इंजीनियर कैरेज आई एन सिंह,एस के सोनी, जूनियर इंजीनियर वीरेंद्र प्रसाद सहित रेलवे व डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के अधिकारी मौजूद थे।

# मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से बचाव के लिए लोगों को दिया गया सुझाव

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। अग्निशमन पदाधिकारी रश्मी के निदेर्शानुसार अग्निशमालय द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गयो इस अभियान के तहत करपी प्रखंड क्षेत्र के मखमिलपुर, कोचासा एवं किंजर गाँव में अग्निशमन कर्मियों द्वारा मॉक ड्रिल कर लोगों को आग से बचाव की जानकारी दी गई मौके पर अग्निशमन कर्मी मकसूद अंसारी ने बताया कि अगर सिलेंडर में आग पकड़ ले तो डरने की जरूरत नहीं है। घर में खाना बनाते समय पूरी तरह सावधानी बरते। गैस सिलेंडर के रेगुलेटर बंद कर देने के बारे में लोगों को जानकारी बताया गया। साथ ही चूल्हे की चिंगारी को इधर-उधर नहीं फेंकने के साथ खाना बनने के बाद आग को बुझाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर अग्निशमन विभाग कर्मी मकसूद अंसारी नीतीश कुमार एवं पूजा कुमारी के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया।

# सावित्रीबाई फुले की जीवनी को शौक्षनिक पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता है : गोपाल पटवा

प्रात : किरण संवाददाता



गया। रविवार को उधोग नगरी मानपुर पेहानी पटवाटोली स्थित वृक्ष वी द चेंज निःशुल्क शिक्षण संस्थान में राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी की 127वीं जयंती पर अध्यनरत छात्राओं को उनके जीवनी से अवगत कराते हुए , विपरीत परिस्थिति में उनके द्वारा किए गए नारी शिक्षा का अलख जगाने की उनके संकल्प को बताया गया है। इस अवसर पर गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ ने सावित्रीबाई को श्रद्धांजलि ,कोटी - कोटी नमन करते हुए कहा सावित्रीबाई फुले की जीवनी को शौक्षनिक पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता है। सावित्रीबाई फुले नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता , भारत की पहली महिला शिक्षिका एवं महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले , नारी शिक्षा, सम्मान और महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए इनके अद्वितीय प्रयास सदैव अनुकरणीय रहेंगे। आज हमलोग उनकी 127वीं पूणयतिथि पर मुखर होकर महिला सशक्तिकरण , शत प्रतिशत नारि शिक्षा , समानता का अधिकार दिलाने का लक्ष्य पूरा करने में अपना सार्थक योगदान सुनिश्चित करे। भारत सरकार से मां सावित्रीबाई फुले को राष्ट्रमाता का सम्मान दर्जा प्रदान करने कि मांग किया है। प्रकाश राम पटवा ने चंद्रकांत पाटेश्वरी के द्वारा विशेष कर लड़कियों के शिक्षण पर विशेष ध्यान देने पर आभार प्रकट किया चंद्रकांत पाटेश्वरी सावित्रीबाई फुले के पदचिन्ह पर चल रहे हैं। इस मौके पर गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बुनकर संघ , प्रकाश राम पटवा जिला अध्यक्ष व्यवसायिक व उधोग प्रकोष्ठ जदयु दुखन पटवा बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा , चंद्र कान्त पाटेशवरी संस्थापक वृक्ष द चेंज फ्री एंड फेयर एजुकेशन डुगेश्वर प्रसाद , रंजीत कुमार सहित बड़ी संख्या अध्ययरत छात्र-छात्राएं शामिल रहे हैं।

# विवाहित युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के बीटी बीघा गांव में शनिवार की रात प्रेम कुमार उर्फ भोला उर्फ टेनी उम्र लगभग 30 वर्ष विवाहित युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। सुबह में जब देर तक दरवाजा नहीं खुला तो आस पास के लोगों को संदेह हुआ। फिर घर में प्रवेश कर जब देखा गया तो एक कमरे में वह फंदे से लटका मिला।

थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आई पी एस अधिकारी शिवम धाकड़ ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया भेज दी है। आत्म हत्या का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। इधर चर्चा के मुताबिक वह अपने ससुराल चौगाई से शाम में ही घर लौटा था। मृतक के पिता ने बताया कि हमारे चार पुत्र हैं। चारो अलग-अलग रहते हैं। संध्या समय ससुराल से लौटने के बाद मेरे साथ खाना खाया था। उसके बाद वह अपने घर सोने के लिए चला आया था। उन्होंने कहा कि चारों बेटा का घर अलग-अलग दूरी पर है। ग्रामीणों में यह भी चर्चा है कि वह कर्ज में डूबा था। जिसके कारण पत्नी से हमेशा अनबन चल रहा था। समूह का पैसा जमा करने के लिए पत्न ी उस पर दबाव बनाती थी। वह टेंपू चलाकर जीवन बसर कर रहा था। उसका लगभग 5 वर्ष का एक पुत्र है। पत्नी मायके में शादी समारोह में गई हुई थी। घटना के बाद सूचना देकर बुलाया गया है। उक्त घटना के बाद पत्नी को रो-रो कर उसका बुरा हाल है। फिलहाल कुछ बताने में सक्षम नहीं है। पत्नी से स्पष्टता के बाद ही घटना का कारण पता चल सकता है। इतना स्पष्ट है कि 5 वर्ष के अबोध बच्चे गोलू के सिर से जहां बाप का साया हट गया वहीं बेवा पत्नी बेसहारा हो गई।

# एनडीए प्रत्याशी के जीत के लिए व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ हर घर दस्तक देगी : पटवा

प्रात : किरण संवाददाता



गया। जिला व्यवसायिक व उद्योग प्रकोष्ठ की बैठक जदयू कार्यालय नगमतिया मे अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने की एवं कार्यकर्ताओ को कहा व्यवसाई वर्ग उद्योग व रोजगार भयमुक्त होकर अपना कारोबार कर रहे हैं ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हर वर्ग की चिंता है। अमन चैन के माहौल के कारण राज्य के सभी व्यवसायिक वर्ग के लोग सीएम नीतीश कुमार के साथ है । व्यवसायिक व उद्योग प्रकोष्ठ को पंचायत वार्ड एवं हर बूथ तक विस्तार करने का आवाहन किया। कार्यकर्ता पार्टी संगठन का रीढ़ होता है ।जदयू राज्य की सभी चालीस लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत के लिए बूथ स्तर तक संगठन मजबूत कर ली है।गया मे सभी बूथो पर व्यवसायिक व उद्योग से जुड़े एक कार्यकर्ता का लिस्ट तैयार है कार्यकर्ता नीतीश कुमार के योजनाओं को समाज के सभी लोगो तक पहुंचाएं।उपस्थित लालजी प्रसाद ,नीरज वर्मा ,संजीत अधिवक्ता ,नरेश अग्रवाल ,विनय पासवान ,जीतेन्द्र कुशवाहा ,प्रियंका कु०,प्रीति कु०,राजू राजक,विवेक पांडेय ,अनिल पांडेय ,ऋतिश कु०,सुनील प्रसाद ,दिनेश दिवाकर ,इत्यादि।

### फुटबॉल मैच में स्थानीय प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति बना चर्चा का विषय

अरवल। शहर तेलपा भागवत उच्च विद्यालय के स्टेडियम में आयोजित महिला फुटबॉल मैच जिसमें उत्तर प्रदेश एवं झारखंड कि महिला टीम के बीच मुख्य रूप से मुकाबला हुआ ! फुटबॉल मैच शहर तेलपा की धरती पर आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिनिधियों की कोई उपस्थिति नहीं रही ! पंचायत के मुखिया शोला देवी मुखिया प्रतिनिधि सुरंजन यादव पूर्व मुखिया नंदकिशोर प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजद के पुराने सहयोगी कृष्ण यादव सहित तमाम वैसे सामाजिक लोग जो कहीं ना कहीं राजनीति के सबसे निचली पायदान पर रहकर राजनीतिक पार्टी एंव आम जनमानस की सेवा करते रहे हैं इन तमाम लोगों को इस कार्यक्रम से अलग रखा जाना पूरे क्षेत्र में एक चर्चा का विषय बना है।

# श्रीरामनवमी पूजा समिति की बैठक धर्म सभा भवन में की गई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।श्रीराम नवमी पूजन केन्द्रीय समिति गया जी की बैठक गया के धर्म सभा भवन में आयोजित की गई है इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे क्षितिज मोहन सिंह ने कहा कि सभी वार्डो में बैठक कर अधिक से अधिक जुलूस निकाला जाये ये तय करना हैं। झंडा प्रभारियों को अपने अपने कार्य क्षेत्र में जनसम्पर्क कर तैयारी में लगने हेतु राम भक्तों से संपर्क किया जाएगा।जिले में इस बार रामनवमी पर्व को लेकर खास तैयारी की जा रही हैं. हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस बार खास बात यह है कि विशेष प्रकार की झांकी को शोभायात्रा में शामिल किया जाएगा, जो शहर के लोगों के लिए खास आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभायात्रा को लेकर कार्यकता कई माह से तैयारी में लगे हुए हैं। इस बार गयाजी की शोभा याता सारे रिकॉर्ड को तोड़ेगी और सबसे बड़े जुलूस निकलेगी।

केंद्रीय समिति संगठन महामंत्री ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि इस बार की झांकी में मायार्दा पुरूषोत्तम श्री राम जी की बड़ी प्रतिमा बनाई जाएगी।जबकि राम भक्त हनुमान जी की भी प्रतिमा बना रहे है। गया जी में लगभग 34-35 सालो से रामनवमी शोभायात्रा निकाली जा रही है. जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं. प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी काफी आकर्षक और प्रभावशाली शोभायात्रा निकाली जाएगी।जिसे कलाकार अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।झांकी को तैयार करने के लिए बाहर से कलाकार बुलाए गए हैं।जो दिन-रात कार्य कर रहे हैं और काफी तेजी से झांकी को तैयार करने में जुटे हुए हैं।मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ने कहा कि इस बार शोभा यात्रा 17 अप्रैल को निकली जाएगी. अगली बैठक दिनांक 20 को धर्म सभा भवन में ही आयोजित की जाएगी। जिसने सभी झंडा प्रभारी एवं सभी वार्ड प्रभारी शामिल होंगे।वहीं उसी दिन होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह, संगठन महामंत्री ओम प्रकाश सिंह, महिला प्रमुख सीमा सिंह,मुक्तामणि जी, नवीन वर्मा,उपाध्यक्ष चंदन भदानी,शशिकांत मिश्रा,नगर मंत्री रोहित भदानी शशि चौरसिया, मुन्ना बजरंगी,कमल बारीक,राम बारीक नवीन जी,अमित मोहन मिश्रा नितिन उपाध्याय,अजय राजू,मुन्ना सिंह।

# शिक्षा मंत्री से उत्तम कुशवाहा ने अरवल जिला में पीजी की पढ़ाई शुरू करवाने हेतु की मांग

प्रात : किरण संवाददाता



गया। छात्र जदयू मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री विजय चौधरी को छात्र हित में कई मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा इस मौके पर मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने कहा कि मंत्री शिक्षा मंत्री से हम लोगों ने कई मांगों को रखा जिसमें प्रमुखता से मांग है कि मगध विश्वविद्यालय अंतर्गत अरवल जिला में पीजी की पढ़ाई नहीं होती है जिसको लेकर छात्रों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।अगर अरवल जिला मे एम ए पीजी की पढ़ाई होना शुरू हो जाएगा तो अरवल जिला के छात्र-छात्राओं को किसी अन्य जिला में जाना ना पड़ेगा और छात्रों को पढ़ने में काफी आसानी होगी, मौके पर माननीय मंत्री विजय चौधरी ने छात्रों का शासन दिया कि आप सभी की मांग जायज है आप लोग लिखित में विश्वविद्यालय को सूचना कर दें ताकि विश्वविद्यालय हमें भेज देगा और आप लोगों का जो मांग है उसे जल्द पूरा कर दिया जाएगा। अन्य मांगे इस प्रकार मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं का पोर्टल फिर से खोला जाए क्योंकि सत्र लेट के वजह से मगध विश्वविद्यालय के सारी छात्राएं इसका लाभ लेने से वंचित रह गई है।विश्वविद्यालय सहित विभिन्न महाविद्यालय में उच्च शिक्षा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर में पढ़ रही छात्राओं का शुल्क सरकार के द्वारा माफ किया गया है जो पूर्ण रूप से लागू नहीं है इस पर गंभीरता से विचार किया जाए। अरवल जिले के अंतर्गत महाविद्यालय में पीजी की पढ़ाई अभिलंब शुरू की जाए। गया का एकमात्र महिला महाविद्यालय गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय को जमीन मुहैया कराया जाए ताकि उसे कॉलेज का एक अलग पहचान हो। विश्वविद्यालय में स्टेडियम एवं ऑडीटोरियम का निर्माण हो। विश्वविद्यालय के परिसर में छात्रावासों का निर्माण किया। इस मौके पर, मगध विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष रोशन कुमार, शिव शक्ति सिंह, सौरभ चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम कुमार, राहुल प्रजापति रहे उपस्थित थे।

# मां काली मंदिर कोपवा में भक्तों का उमड़ा जन सैलाब

नावानगर (बक्सर) मां काली मंदिर कोपवा में अमावस्या तिथि को लेकर महा सप्तशती पाठ का हुआ आयोजन। इस अवसर पर शनिवार की रात भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। जहां रोहतास भोजपुर बक्सर के हजारों श्रद्धालुओं का जन सैलाब मंदिर में पूरी रात उमड़ा रहा इस दौरान पाठ से पहले मंदिर के माता को व मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए हवन पूजन भव्य आरती का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि मां काली मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए 108 अमावस्या को माता के मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए महा सप्तशती का पाठ हवन पूजन आरती करने का निर्णय कमिटी द्वारा लिया गया है। जिसमे बनारस से आए आचार्य सुशील शास्त्री के टीम के द्वारा 24वीं अमावस्या की पूजा अर्चना धूमधाम से किया गया। साथ ही पाठ की समाप्ति के बाद अहले सुबह हवन किया गया हवन की समाप्ति के बाद हजारों लोगो को खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

वही काली मंदिर के पूजा शिरकत करने आये भोजपुरी गायक लिटिल स्टार आर्यन बाबू तथा महिला थानाध्यक्ष कनिष्का तिवारी को कमिटी के डॉ नेहा सिंह,मुन्ना सिंह और अरुण सिंह द्वारा माता की चुनरी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही माता के हवन पूजन के समाप्ति के बाद भोजपुरी गायक लिटिल स्टार आर्यन बाबू ने अपने मुख से माता के भजन गाकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।वही माता की इस दिव्य साधना पूरी रात चली जहां अंत में हजारों लोगों को प्रसाद के रूप में पूड़ी,खीर सब्जी ग्रहण कराया गया।इस मौके पर अमिताभ कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ,अवधेश कुमार सिंह, गीता सिंह,नीतू सिंह, धीरेंद्र सिंह,समेत कई लोग सहित भोजपुर, रोहतास,कैमूर,सहित आस पास के दर्जनों गांवों के लोग कार्यक्रम में भाग लिया।

# मेंस्ट्रीम फाउंडेशन ने बिहार में दिखाई नई राह

## बच्चे के पुनर्वास और परिवार की मुस्कान बनाना ही लक्ष्यः डा हेमिन्दु

प्रात : किरण संवाददाता



पटना । राजधानी पटना के मेंस्ट्रीम फाउंडेशन ने अपना चौथा स्थापना दिवस समारोह विशेष बच्चो की मौजूदगी में बाबू जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवम राजनितिक शोध संस्थान के सभागार में मनाया ।मुख्य अतिथि डा सत्यजीत सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर चौथे वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। मौके पर संस्था के डा अजय कुमार , डा हेमिन्दु कुमार सिंह, डा संतोष कुमार एवम सवार्दा शंकर लाल आदि मौजूद रहे ।

दीप प्रज्वलन के बाद संस्था की महिला थैरेपिस्टों द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति की गई। संस्था के सह संस्थापक सर्वदा शंकर लाल ने पिछले चार वर्षो की लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। 2019 से लेकर के अब तक चार लाख सेशन के माध्यम से लगभग 4500 परिवार में अपनी पहुंच बनाई है ।बिहार झारखंड ही नहीं उत्तर पूर्वी भारत का यह संस्थान तेजी से बढ़ता हुआ संस्थान बन चुका है यह एक बच्चे को ही नहीं बल्कि एक परिवार को मुस्कुराने का मौका दे रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास में यहां की 70 सदस्यीय टीम बहुत मेहनत कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सत्यजीत सिंह ने कहा की ऑटिज्म पीड़ित बच्चों की सेवा कोई सामान्य सेवा नहीं है यह एक धार्मिक सेवा है। उन्होंने मौके पर कहा कि उत्तर भारत का सबसे बड़ा स्पाइनल केंद्र पटना में बनाने का लक्ष्य है और इस माध्यम से यंग थैरेपिस्टों की सहायता ली जाएगी। बिहार स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। उन्होंने ऑटिज्म और मस्तिक प्रघात जैसी बीमारियों में शुरूआती लक्षण पहचान में आए इसके लिए जागरूकता अभियान की जरूरत है। वैसे अब ऑटिज्म लाइलाज नहीं रहा। रिपोर्ट के अनुसार गर्भावस्था के दौरान जंक फूड का सेवन भी इसका कारण है। बदलती दिनचर्या जीवनशैली ने परिवार को प्रभावित किया है। हमारी भारतीय संस्कृति की खान-पान एवम रहन-सहन का स्तर कल भी बेहतर था और आज भी बेहतर है जरूरत है हमें अपनी खान-पान और रहन-सहन की संस्कृति को फिर से अपनाने का । योग और प्रणायाम इसी का हिस्सा है। अपनी संस्कृति की ओर लौटे तो हमारा परिवार स्वस्थ होगा।

संस्थापक डॉ अजय कुमार ने कहा कि भारतीय लोग अपने कमाई का 10% खर्चा फास्ट फूड पर करते हैं और मूल खाद्य पदार्थ पर मात्र 4% यही वजह है कि शारीरिक रूप से दुर्बलता और मानसिक रूप से और अस्वस्थ बच्चे पैदा ले रहे हैं। संस्थान के माध्यम से बिहार के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य जागरूकता लगाई जा रही है जिसमें ऑटिज्म और सेरेब्रल पॉलसी से पीड़ित बच्चों का काउंसलिंग किया जा रहा है। डा हेमिंदु ने कहा की बच्चों के पुनर्वास और परिवार की मुस्कान बनाना ही लक्ष्य है। बच्चे देश के भविष्य हैं स्वस्थ बच्चे से ही स्वस्थ राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है।

वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर ऑटिज्म प्रभावित बच्चों द्वारा संगीत और नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसे देखकर मौजूद लोग भावुक को गए । कार्यक्रम में डा हेमेंदु कुमार सिंह डॉ अजय कुमार, डॉ संतोष कुमार सहित बच्चों के माता-पिता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अपहृत युवती के मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपहृत युवती की सकुशल बरामदगी किये जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि नवगछिया क्षेत्र के एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में आरोपी को मधेपुरा रतवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले को लेकर नवगछिया थानाध्यक्ष रवि शंकर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मधेपुरा जिला के रतवाड़ा थाना क्षेत्र के खापुड़ गांव के मिथुन सिंह पिता पिल्लो सिंह को परिपुअनि मनीष कुमार के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। वही अपहृता युवती को भी शकुशल बरामद करने में सफलता मिली है। वही उन्होंने बताया कि अपहृत युवती विगत तीन मार्च को अपने गांव से अचानक लापता हुई थी। वही दूसरी तरफ पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार अभियुक्त को मेडिकल जांच के साथ ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बिहपुर वीरपुर एनएच 106 पुल निर्माण कार्य का लिया जायजा : डीएम

- निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर दिये कई दिशा निर्देश

प्रात : किरण ब्यूरो।

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर से वीरपुर के बीच चल रहे एनएच 106 मिसिंग लिंक निर्माण कार्य भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अन्य विभागीय पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया है, इस दौरान नवगछिया एसडीएम उत्तम कुमार, एसपी पुरन कुमार झा, एसडीपीओ ओमप्रकाश कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। नए जिलाधिकारी के आने के बाद पहली बार मिसिंग लिंक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया है। उनके निरीक्षण से निर्माण कार्य में तेजी आने के आसार हैं। बिहपुर और वीरपुर के बीच निर्माण कार्य काफी तीव्र गति से किया जा रहा है, कुछ ही पाया बनाना शेष रह गया है। वहीं मौके पर डीएम ने निर्माण कर रहे एसपी सिंगला कंपनी के अधिकारी कर्मचारी और कार्यपालक अभियंता को कार्य में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान डीएम निर्माण कार्य की गति को लेकर खुश दिखे। वही उन्होंने कार्य में तेजी लाने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को भी दिये हैं। एनएच 106 निर्माण कार्य को लेकर डीएम की गंभीरता से इलाके के आम लोगों को बड़ी उम्मीदें जगी है। मौके पर एसडीएम उत्तम कुमार, एसपी पुरन कुमार झा, एसडीपीओ ओमप्रकाश कुमार, बीडीओ सत्येंद्र कुमार, राजस्व कर्मचारी व अन्य कई पदाधिकारी वह स्थानीय बिहपुर व झंडापुर थाना सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल रोजगार योजना के लाभार्थियों का मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड के रामपुर स्थ उत्कर्ष सीएलएफ में जीविका द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल रोजगार योजना के तहत चयनित पूर्ववर्ती अभ्यर्थियों का मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका निर्भय कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत से योजना के तहत प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार कर रहे लाभार्थी उपस्थित थे। वही दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जीविका के माध्यम से लाभान्वित होकर नौकरी कर रहे अभ्यार्थियों ने योजना से जुड़कर



प्रशिक्षण से लेकर रोजगार तक के सफर को कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के समक्ष ने अपना अपना अनुभव साझा किया। मौके पर उपस्थित बीपीएम श्री कुमार ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीन कौशल रोजगार योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को कुशल बनाकर रोजगार हेतु तैयार करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण 3 से 6 माह तक निशुल्क करवाया जाता है। जिसमें अलग-अलग कंपनियों में प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार मुहैया कराई जाती है। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र अलग-अलग पंचायत के कुल 16 लाभार्थी जो इस योजना के तहत प्रशिक्षण कर रोजगार कर रहे हैं उन्हें सम्मानित किया गय। इस मौके पर जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक राहुल कुमार, मनीष कुमार, सामुदायिक समन्वयक सुप्रिया, प्रभाकर कुमार, प्रेमलता कुमारी, संतोष कुमार, सीएलएफ के अध्यक्ष सरिता देवी, सचिव नूतन देवी, बबीता देवी, नवनीत कुमार, जूली देवी, रविशंकर सिंह सहित जीविका के दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1032 मामलों का हुआ निष्पादन

प्रात : किरण ब्यूरो।

नवगछिया (भागलपुर)। विगत दिनों बिहार लोक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार भागलपुर के निर्देश के आलोक में नवगछिया व्यवहार न्यायालय प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अनुमंडल विधिक सेवा समिति नवगछिया के सचिव सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार की देखरेख में लोक अदालत में कुल 1032 मामलों का निष्पादन करने के साथ साथ 2,73,55,704 रूपया का समझौता हुआ है। जबकि एक करोड़ 95 लाख 96888 रूपया का रिकवरी किया गया था। वही लोक अदालत में बैंच एक में एसीजीएम 3 के दीपक कुमार द्वारा न्यायालय के 51 बैंक रिकवरी के कुल 12 मामले निपटाए गए थे। बैंच टू में एसीजीएम फस्ट के राकेश रंजन सिंह व पैनल अधिवक्ता नवीन कुमार द्वारा न्यायालय के कुल 189 मामले पर सुनवाई की गई थी, जबकि बैंक रिकवरी के कुल 192 मामले का निष्पादन किया गया। बैंच तीन में एसडीजीएम चंदन कुमार और पैनल अधिवक्ता कृष्ण कुमार आजाद के द्वारा बैंक और बीएसएनएल के मामले के सुनवाई करते हुए निपटाए गए थे। बैंच चार में अभिषेक कुमार सीजीएम फस्ट एवं पैनल अधिवक्ता शिव कुमार चौधरी के द्वारा न्यायालय के कुल 41 मामले में सुनवाई की जबकि बैंक रिकवरी के कुल 43 मामलो का सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया था।

## शराब के नशे में दो शराबी गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो।

संग्रामपुर (मुंगेर)। शनिवार की रात संग्रामपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से दो शराबियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष रुबिकांत कच्छप ने बताया कि गिरफ्तार शराबियों में संग्रामपुर गांव के निकेश कुमार और सुपौर जमुआ गांव निवासी सुमन कुमार सिंह सामिल हैं।

## निःशुल्क सेवा शिविर का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बिहपुर प्रखंड के मडवा स्थित बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम मंदिर परिसर में अभाविप के आयाम सेवार्थ विधार्थी के तहत निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिवभक्तों को जलाभिषेक के लिए गंगाजल, बेलपत्र, पुष्प, माचिस, अगरबत्ती व अन्य पुजन सामाग्री वितरण किया गया। सेवार्थ विद्यार्थी के प्रांत सह संयोजक अनुज चौरसिया ने बताया कि सेवार्थ विधार्थी के कार्यकर्ता का हमेशा प्रयास रहता है कि सभी प्रमुख त्यौहारों में इस तरह का आयोजन हो। उसी क्रम में यह शिविर का आयोजन किया गया। जिला सह संयोजक कुंदन पौद्दार ने बताया कि अभाविप के माध्यम से आगे भी सेवा कार्य जारी रहेगा। वही मेला व्यवस्थापक सह सरपंच प्रतिनिधि गौपाल चौधरी ने बताया कि मंदिर परिसर में अभाविप के माध्यम से सेवा कार्य काफी सराहनीय है।

## युवा संवाद कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन : प्राचार्य

प्रात : किरण ब्यूरो।

नवगछिया (भागलपुर)। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नगरपारा प्रांगण में युवा संवाद का भव्य आयोजन किया गया। इसका मकसद विद्यार्थियों को देश की संसद की कार्यप्रणाली के बारे में वास्तविक जानकारियों से अवगत कराना है। वही विद्यालय के छात्र -छात्राओं के बीच से ही सत्ता एवं विपक्ष की टीम को तैयार किया गया। अति आवश्यक कार्य के कारण भागलपुर के सांसद अजय मंडल कार्यक्रम में शिरकत नहीं कर सके। वही कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थित में कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन व स्वागत गीत प्रस्तुती के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागतोपरांत विद्यालय प्राचार्य रोशन लाल ने कहा कि



समस्याओं को कैसे सांसद लोकसभा में प्रस्तुत करते हैं इसे सीखने के लिये ही ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि आगे चलकर छात्र नए भारत की आवाज बन सके। विपक्ष की भूमिका में युवाओं द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। पक्ष के ऊपर विपक्ष भारी रहा। ज्वलंत मुद्दों पर बहस के दौरान तालियों से पूरा नवोदय परिसर गूँज उठा। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा आयोजनकर्ता हजारी प्रसाद यादव के द्वारा तैयार की गई। प्रमुख प्रतिनिधि मंटू यादव एवं मुखिया प्रतिनिधि पवन सिंह ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम प्रेरणादायक रहता है। सदन की कार्यवाही की पूरी जानकारी इस मॉक युवा सांसद से मिल जाती है। इस मौके पर भवानीपुर थानाध्यक्ष महेश कुमार, पीटीसी महेन्द्र प्रसाद, समाजसेवी अमर सिंह, मुकेश गुप्ता, निवास शर्मा, सफरोज खान, रंजीत पोद्दार आदि की उपस्थित दर्ज रही थी। अभिनय के लिए सौरव राज को प्रथम, सुष्मिता गोराय को द्वितीय एवं मौसम कुमारी को तृतीय स्थान मिला। निपुण एवं सनाअफजा के अभिनय को काफी सराहा गया था। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। वही कार्यक्रम में आगन्तु अतिथियों को अंग वस्त्र एवं मोमेन्टो से सम्मानित किया गया था।

## सफलतापूर्ण नुक्कड़ सभा हुई संपन्नः सचिव

- इस दौरान वार्ड संख्या 18 की वार्ड पार्षद कुमकुम देवी ने महिलाओं से आग्रह किया है कि वह अपनी मांग को डीएम के समक्ष जोरदार तरीके से रखें

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विश्व मधुर संस्था द्वारा महिलाओं की समस्याओं के उत्थान को लेकर स्थानीय नयाबाजार स्थित गोलाघाट चौक के समीप एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। इस मौके पर शहर के कई कामकाजी महिलाओं के साथ साथ विशेष कर सब्जी बेचने वाली व मजदूरी करने वाली रेहाड़ी पर सामान बेचने वाली महिलाओं के लिए शहर में कहीं भी महिला लघुशंकालय विशेष स्थल नहीं है



जिसके कारण उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लंबे समय तक पेशाब को दबाए रखने के कारण उन्हें कई प्रकार की बीमारियां से ग्रसित होती चली आ रही है, इन्हीं लघु शंकालय व्यवस्था की मांग को लेकर विश्व मधुर के बैनर तले भागलपुर की महिलाओं ने स्थानीय जिलाधिकारी से मांग की है। इस दौरान वार्ड संख्या 18 की वार्ड पार्षद कुमकुम देवी ने महिलाओं से आग्रह किया है कि वह अपनी मांग को डीएम के समक्ष जोरदार तरीके से रखें, साथ ही उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सुश्री गुलाब शाजी, विश्व मधुर की सचिन शारदा श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, सुषमा सिन्हा, कंचन झा व शोभा श्रीवास्तव ने महिलाओं के साथ साथ आम लोगों को भी आगे आने की अपील की है।

## चैती दुर्गा स्थापित करने के लिए हुआ भूमि पूजन

प्रात : किरण ब्यूरो।

बारियारपुर (मुंगेर)/प्रखंड के खड़िया गांव में पहली बार चैती दुर्गा स्थापित करने के ब्राह्मणी स्थान खड़िया में भूमि पूजन किया गया साथ ही साथ चैती मेला कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया पंडित धीरज मिश्रा के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजापाठ करवाते हुए बिहार मुखिया संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुखिया संजय कुमार सिंह के द्वारा नारियल फोड़कर भूमिपूजन संपन्न करवाई गई मुखिया ने बताया की करारिया दक्षिणी पंचायत में इस वर्ष से चैती दुर्गा का स्थापना किया जा रहा है यहां के लोग अब चैती दुर्गा का पूजा करते आयोजित होने वाले मेले का भी आनंद लेंगे चैती दुर्गा पूजा 9 अप्रैल से आरंभ होने



जा रही है साथ ही साथ कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया जिससे कि मेला को व्यवस्थित करने में पूजा समितिको कोई परेशानी नहीं होगी इस गांव में पहली बार चैती दर्गा स्थापना लेकर लोगों में काफी उत्साह है मौके पर मिथुन शाह सुबोध कुमार अविनाश प्रियदर्शी दिनेश शाह अजय दास विनोद कुमार कौशल कुमार साह सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

## हीरो राजन कुमार स्टार्टअप इंडिया लीडरशिप अवार्ड से मुंबई में हुए सम्मानित

- हीरो राजन कुमार के बढ़ते कदम, स्टार्टअप इंडिया लीडरशिप अवार्ड में की जबरदस्त एंकरिंग

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। महाशिवरात्रि के दिन मुंबई के कंट्री क्लब में संतोष मिश्रा द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह के मौके पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 51 महिलाओं को एस नैपकिन बुके देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर एंकर के रूप में मुम्बई के कंट्री क्लब में संतोष मिश्रा द्वारा आयोजित पुरुस्कार समारोह ह्लस्टार्टअप इंडिया लीडरशिप अवार्ड 2024ह्व को बांधकर रखना उनके कारनामों की लिस्ट में एक और कीर्तिमान स्थापित करना है। चाहे अवार्ड शो की शुरूआत हो या फिर इसका क्लाइमेक्स, राजन कुमार ने अपनी लाजवाब एंकरिंग से सभी को प्रभावित किया। पद्मश्री सोमा घोष ने कहा कि हमारा एंकर बहुत ही खूबसूरत है तो बीएन तिवारी ने कहा कि मैंने आजतक ऐसा एंकर नहीं देखा न सुना, सभी को इतना सम्मान देना और ऑडिएंस का मनोरंजन भी करते



रहना कोई राजन कुमार से सीखे। डॉ अनिल काशी मुरारका ने कहा कि राजन कुमार से इंडस्ट्री को बहुत सी उम्मीदें हैं। एक्टर सूरज थापर ने कहा कि राजन जैसे एंकर की मौजूदगी किसी भी कार्यक्रम की सफलता की गारंटी मानी जाती है। आयोजक संतोष मिश्रा ने कहा कि राजन कुमार पर विश्वास करना हमारे कार्यक्रम की कामयाबी का कारण बना। इतने सारे लोगों का प्यार और सम्मान पाकर हीरो राजन कुमार ने कहा कि सब कर्म का करिश्मा है। आप अच्छे कर्म करेंगे आपके साथ अच्छा होगा। बता दें कि अपना पूर्वांचल के बैनर तले हुए इस अवार्ड शो को सिनेस्टार एन्ड लाइव न्यूज नेटवर्क ने प्रस्तुत किया। यहाँ चीफ गेस्ट के रूप में व्यवसायी और समाजसेवी डॉ अनिल काशी मुरारका और गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में हीरो राजन कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जिन्होंने अपनी लाजवाब एंकरिंग से सबका दिल जीत लिया। चार्ली चैपलिन 2 के रूप में मशहूर राजन कुमार को भी इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री सोमा घोष, बीएन तिवारी, अभिजीत राणे, भाभी जी घर पर हैं फेम जीतू गुप्ता, ब्रिटिश एक्टर जे. ब्रैंडन हिल, एडवोकेट अशोक कुमार दुबे, एक्टर सूरज थापर, दीप्ति साधवानी, एक्ट्रेस शानिशा मौर्या, रामकुमार पाल भी मौजूद रहे। विश्वजीत सोनी (भाभी जी घर पर हैं), अनिता खरवा, डॉ आबिद ए खान, आलोक कश्यप, मेजर अब्दुल कादिर खान सहित कई नई सोच रखने वालों को स्टार्टअप इंडिया लीडरशिप अवार्ड 2024 से नवाजा गया। हीरो राजन कुमार ने आयोजक संतोष मिश्रा का आभार जताया और उन्हें ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी।

## माउंट सेंट एकेडमी द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित हुए आमिर उल इस्लाम



प्रात : किरण ब्यूरो।

सदर मुंगेर। माउंट सेंट एकेडमी प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहनेवाले समाजसेवी आमिर उल इस्लाम को माउंट सेंट एकेडमी स्कूल की तरफ से सम्मानित किया गया। माउंट सेंट एकेडमी के कैंपस मे विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति मे आमिर उल इस्लाम को प्रिंसिपल फौज़िया गयास और स्कूल टीम द्वारा बुके एवं अंग वस्त्र दे कर उन्हें सम्मानित किया गया है वाइस प्रिंसिपल अमीरा ने आमिर उल इस्लाम के कार्यों की सराहना की और कहा के माउंट सेंट एकेडमी स्कूल भी इस नेक काम मे उनके साथ है।आमिर ने कहा कि स्कूल द्वारा नये सत्र मे फ्री एडमिशन के लिए जो कदम उठाए हैं उसकी सराहना करना कम नहीं हो गया। आमिर ने स्कूल टीम को धन्यवाद दिया और कहा की इस तरह के सम्मान से मोटिवेशन मिलता है। लेकिन मेरे लिए असली सम्मान जरूरतमंद बेबस लाचार लोगों के लिए काम आना उनके लिए योगदान देना ही असली सम्मान है।

## मिथुन की हुई हत्या के पीछे बहुत बड़ा सडयंत्र : विधायक

प्रात : किरण ब्यूरो।

नवगछिया (भागलपुर)। विगत दिनों सरेआम बैखोप अपराधियों ने दिनदहाड़े खूनी वरदात को अंजाम दिया था। जिसे लेकर स्थानीय गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि एसपी के कार्य रवैया ठीक नहीं है, उनके कार्यालय के समीप एनएच 31 किनारे विगत दिनों दिनदहाड़े अपराधियों की गतिविधियां हो गई और क्या देखने सुनने को बचा है। अपराध के इस गतिविधि में स्थानीय इस्माईलपुर प्रखंड के वर्तमान प्रमुख के 35 बर्षीय पुत्र मिथुन कुमार यादव की हत्या को सरेआम बाइक सवार नकाबपोश तीन अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोली फायरिंग कर हत्या की वारदात को अंजाम दे चलते बन गया इस घटना से पुलिस के लिए चुनौती देने वाली बात रही है। इस तरह क्षेत्र में सरेआम घटना घटित होने से पूरे पूरे क्षेत्र इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही लोगों के बीच में चर्चा है कि प्रमुख पुत्र कुछ सालों से प्लॉटिंग के काम में जुटा हुआ था जहां उसके काम को लेकर कई दुश्मन बन गये थे। इन सब बातों को लेकर मिथुन यादव कुछ दिनों से चिंतिंत व परेशान चल रहते थे। परीजन कुछ भी स्पष्ट बोलने से परहेज कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि घटना के बाद शव को परीजन घर लेकर चले गए थे। इधर नवगछिया पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए एनएच 31 पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है।

## एचसीजी ईकेओ कैंसर सेंटर कोलकाता ने आईएमए दरभंगा में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर शुरू किया



- आईएमए दरभंगा के तत्काल पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार और आईएमए दरभंगा के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज प्रसाद भी उपस्थित थे

प्रात : किरण ब्यूरो।

दरभंगा : एचसीजी ईकेओ कैंसर सेंटर कोलकाता ने दरभंगा और इसके आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) में मुफ्त कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया। इस निःशुल्क जांच शिविर की घोषणा मुख्य अतिथि आईएमए दरभंगा के अध्यक्ष डॉ. हरि दामोदर सिंह और आईएमए दरभंगा के मानद सचिव डॉ. अमिताभ सिन्हा की उपस्थिति में की गई।इसके अतिरिक्त, आईएमए दरभंगा के तत्काल पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार और आईएमए दरभंगा के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज प्रसाद भी उपस्थित थे। स्क्रीनिंग शिविर में सिर और गर्दन के कैंसर की जांच, बुनियादी स्वास्थ्य जांच, मौखिक स्वच्छता जांच और ईएनटी से संबंधित विषयों की जांच की जाती है। एचसीजी ईकेओ कैंसर सेंटर, कोलकाता में वरिष्ठ सलाहकार और सिर और गर्दन ऑन्कोलॉजी डॉ. राजीव शरण, 3 महीने में एक बार शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में अत्यधिक तंबाकू उपभोक्ताओं को उनके स्वास्थ्य को सही रखने के लिए नियमित जांच और उपचार की पेशकश करना है। स्क्रीनिंग शिविर उन्हें अपने स्वास्थ्य और समग्र कल्याण को बनाए रखने के लिए सशक्त बनाएंगे। इसका लक्ष्य रोगियों को मामलों का शीघ्र पता लगाना, कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, चिकित्सा देखभाल तक बेहतर पहुंच और बीमारी के प्रबंधन में समय पर हस्तक्षेप प्रदान करना है। एचसीजी ईकेओ कैंसर सेंटर, कोलकाता के मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह ने कहा, ह्लकैंसर देखभाल को और अधिक सुलभ बनाने के प्रयास में, सिर और गर्दन के ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. राजीव अब दरभंगा और आसपास के इलाके के लोगों को निशुल्क परामर्श देंगे। यह स्क्रीनिंग शिविर लोगों को कोलकाता जाने की असुविधा के बिना विशेषज्ञ परामर्श और अनुवर्ती कार्रवाई प्रदान करेगा।

## नवगछिया एसपी में है गड़बड़ी, खून-खराबा होइबे करेगाः गोपालपुर विधायक

- घटना को लेकर कहते है : एसपी पुरण झा ने कहा कि एनएच 31 पर काले रंग के मोटरसाइकिल पर आए कुछ अपराधियों ने मिथुन कुमार नामक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। दिनदहाड़े इस्माईलपुर प्रखंड प्रमुख मालती देवी के पुत्र मिथुन यादव की गोली मारलर हत्या मामले में गोपालपुर विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने कहा, नवगछिया एसपी पुरन कुमार झा पर बरसते हुए कहा कि नवगछिया एसपी के कार्य में भारी गड़बड़ी है, खून-खराबा तो यहां होइबे करेगा। वही विधायक ने कहा कि पिछले माह रँगरा में महिला के साथ हुई दरिंदगी के बाद हत्या को लेकर पुलिस अगर चाहती तो वहां भी माहौल नही गमार्ता अगर पुलिस समय पर कार्यवाई करती तो महिला की




जान बच सकती थी। घटना को लेकर कहते है एसपी, एसपी पुरण झा ने कहा कि एनएच 31 पर काले रंग के मोटरसाइकिल पर आए कुछ अपराधियों ने मिथुन कुमार नामक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ ओम प्रकाश के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई है। गठित टीम में पुलिस इन्सपेक्टर रविशंकर सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर मिथिलेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मधुसूदन सहित अन्य सशस्त्र बल के साथ साथ टेक्निकल सेल व डॉग स्क्वायड की टीम को भी शामिल है। अनुसंधान में आए तथ्य एवं साक्ष्य के आधार पर पुलिस सही दिशा में छापेमारी कर रही है जल्दी मामले का उद्भेदन के साथ सभी अपराधियों की गिरफ्तारी होगी और घटना से जुड़े लोगों के विरुद्ध पुलिस सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## 12 सूत्री मांगों के समर्थन में फरकिया का होगा बहुमुखी सर्वांगीण विकास : किरण देव यादव



प्रात : किरण ब्यूरो।

अलौली। 12 मार्च को अलौली, इचरूआ कमाथन , धुसमुरी बिशनपुर रेलवे स्टेशन पर जुझारू धरना प्रदर्शन की सफलता हेतु रौन हथवन इचरूआ में आधिकाधिक भागीदारी हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया गया एवं श्रृंखलाबद्ध बैठक किया गया। जिसका नेतृत्व अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। उन्होंने कहा कि अलौली तक ट्रेन चालू करने, कुशेश्वर स्थान तक रेल कार्य जल्द पूरा करने, अलौली गढ़ कोसी नदी पर जल्द पुल बनाने, अलौली हाई स्कूल फील्ड को स्टेडियम बनाने, डाकबंगला का जीर्णोद्धार करने, अलौली मुसहरी के पश्चिमी चाऊर में स्विमिंग पार्क पुल निर्माण करने, वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन 400 से बढ़कर6000 करने, गैर मजरूवा आम खास जमीन का रसीद मोटेशन खरीद बिक्री चालू करने, सीनियर सिटीजन एवं दिव्यांग को रेलवे टिकट में रियायत देने,, पीएम आवास, राशन, कन्या विवाह, कबीर योजना, सहित सभी सरकारी योजना को धरातल पर लागू करने, डाक बंगला का जीर्णोद्धार करने, फरकिया के कचनाभित्ता के 200 एकड़ सरकारी जमीन पर मेडिकल कॉलेज, एम्स हॉस्पिटल का स्थापना करने, फरकिया का सर्वांगीण विकास करने आदि मांगों को लेकर उक्त आंदोलन मील का पत्थर साबित होगा। श्री यादव ने 12 मार्च को रेलवे स्टेशन अलौली पर हो रहे धरना प्रदर्शन सभा में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया। जनसंपर्क अभियान एवं बैठक में राकेश कुमार विनोद पंडित बंटी यादव राम शंकर यादव जयमाला देवी बीना देवी आशा देवी, रणधीर यादव गुलाब महतो आदि ने मांग एवं आंदोलन का पुरजोर समर्थन एवं एकजुटता प्रदर्शित करते हुए आंदोलन में भाग लेने का संकल्प लिया।

## महाशिवरात्रि पर धर्म शास्त्र बतानेवाले सनातन संस्था की ग्रंथ प्रदर्शनी का आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो।

महाशिवरात्रि को शिव तत्त्व अन्य समय की तुलना में हजार गुना अधिक कार्यरत होता है । इस दिन भगवान शिवजी की उपासना जितनी अधिक करते हैं, उपासक को आध्यात्मिक स्तर पर उतना अधिक लाभ होता है। इस अनुषंग से शिवजी की उपासना सहित विभिन्न विषयों पर श्रद्धालुओं को शास्त्रीय जानकारी मिलने की दृष्टि से सनातन संस्था द्वारा महाशिवरात्रि निमित्त बिहार के पटना, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सोनपुर और गया में ग्रंथ प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें अध्यात्म, धर्म, आयुर्वेद, राष्ट्ररक्षा आदि अनेक विषयों सम्बन्धी ग्रंथ उपलब्ध थे। बहुत अच्छी संख्या में जिज्ञासुओं ने इस प्रदर्शनी का लाभ उठाया। भगवान शिवजी का कार्य, शिवजी की उपासना का शास्त्र, शिवपिंडी की अर्ध परिक्रमा क्यों करते हैं?

## मुंगेर में भूमि माफिया सक्रिय जिला प्रशासन मौन

प्रात : किरण ब्यूरो।

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर ही नहीं पूरे जिले में भू माफिया रुपए और अभिलेखागार के कर्मचारियों की मिली भगत से रिकॉर्ड को गायब गायब करवाते हैं या फिर अभिलेखों को समाप्त करा कर भूमि पर जबरन कब्जा बरकरार रखना चाहते हैं । दबंगों ने गरीबों और कमजोर वर्ग के लोगों पर दबंगता दिखाकर बिना जमीन का निबंध कराये अपने कब्जे में लेकर जोत अवाद कर रहे हैं। भू माफिया ने हवेली खड़गपुर थाना नंबर 165 का अभिलेखागार से गायब कर दिया है। थाना नंबर 165 का नकल प्राप्त करने वाले सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि जमीन का नकल प्राप्त करने अभिलेखागार मुंगेर जब गए तो थाना नंबर 165 का अभिलेख फटा हुआ बताया गया है। इस थाना नंबर 165 में लगभग 48 एकड़ के आसपास सरकारी जमीन है जिससे गांव के दबंग और भू माफिया ने कब्जा कर रखा है अंचल कार्यालय द्वारा जिन अनुसूचित जाति को 2008 में वासगीत का पर्चा दिया गया है। उन गरीबों को भी आज तक शिकायत के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा कब्जा नहीं दिला सका है। दबंगों ने पैसे और पैरवी पर आज तक जांच और जमीन पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया दबाते रहे हैं। जिला प्रशासन ने वासगीत पर्चा दिए जाने का रिपोर्ट प्रतिवर्ष बिहार सरकार को भेज कर सरकार के अधिकारी सरकार के प्रिय पात्र बन जाते हैं जिले में 2008 से अभी तक बांटे गए वास गीत पर्चा की राज्य सरकार ईमानदारी से जांच कराएगी तो 95% वास गीत पर्चा प्राप्त करने वाले को जमीन पर वास्त कब्जा नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में कांग्रेस को लग सकता है झटका, कटारिया समेत 8 बड़े नेता छोड़ेंगे हाथ का साथ

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले आज कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद और पूर्व विधायक समेत कांग्रेस के 8 बड़े नेता भाजपा का दामन थाम सकते हैं। प्रदेश की सियासत में कांग्रेस के बड़े नेताओं के पिछले लंबे समय से पाला बदलने को लेकर चर्चा चल रही है। इन नामों की शनिवार को भी भाजपा-कांग्रेस पार्टी मुख्यालयों में चर्चा रही।पूर्व मंत्री - लालचंद कटारिया, राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक - रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, आलोक बेनीवाल, पूर्व विधायक - खिलाड़ीलाल बैरवा, वरिष्ठ नेता- रामपाल शर्मा कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो सकते है। भाजपा छोड़कर पांच साल पहले कांग्रेस का दामन थाम चुके मानवेन्द्र सिंह की अब घर वापसी हो सकती है। उनके पिता जसवंत सिंह लंबे समय केन्द्र में भाजपा सरकार में मंत्री रहे। मानवेन्द्र भी भाजपा से विधायक रह चुके हैं। अब उनकी पुनः घर वापसी की चर्चा जोरों पर है। बता दें पिछली कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे महेन्द्रजीत सिंह मालवीया कुछ दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस के विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्हें भाजपा की पहली ही सूची में बांसवाड़ा से लोकसभा उम्मीदवार बनाया है।

### छत्तीसगढ़ के 43 भाजपा नेताओं को दी गई सुरक्षा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बस्तर के 43 भाजपा नेताओं को सुरक्षा दी है। दरअसल, हाल ही में बस्तर के बीजापुर के भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सुरक्षा की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि नक्सलियों द्वारा भाजपा नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार के पुलिस विभाग की ओर से सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर, और नारायणपुर जिले के 43 नेताओं को सुरक्षा देने का आदेश जारी किया गया है। जिन नेताओं को सुरक्षा दी गई है उसमें सुकमा से भाजपा के जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे को ङ्ग+ व सुकमा के अन्य भाजपा नेताओं को वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी है। वहीं बीजापुर भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मूदलियार समेत अन्य भाजपा नेताओं को एक्स श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। साथ ही दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर व कांकेर के जिले के कई भाजपा नेताओं को भी एक्स श्रेणी की सुरक्षा गई हैं। गौरतलब है कि बीते दो सप्ताह में नक्सलियों ने बीजापुर जिले में लगातार दो भाजपा नेताओं की हत्या कर दी थी। जिसके बाद बीजापुर में भाजपा नेता नक्सलियों के खौफ में थे। वहीं चुनाव से पूर्व छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर के अलग-अलग जिलों के नेताओं को सुरक्षा दे दी है।

### भेड़-चरवाहे से तुलना, उत्तराखंड गए बागियों पर खूब बरसे मुख्यमंत्री सुक्खू

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के छह बागी विधायक तीन निर्दलीयों के साथ उत्तराखंड पहुंचे हैं। उन्हें एक होटल में ठहराया गया है। इस बीच हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बागी विधायकों पर तीखा हमला बोलते हुए इसे भाजपा की साजिश करार दिया है। सीएम सुक्खू ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया में कहा कि विधायकों को इस तरह एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है, जैसे चरवाहा भेड़ों को हांकता है। इस बीच एक केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि सुक्खू की सरकर गिर जाएगी। मंडी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा छह अयोग्य कांग्रेस विधायकों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेज रही है। इन विधायकों ने पार्टी को धोखा दिया है। केंद्रीय मंत्री के सरकार गिरने के दावे पर पलटवार करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। बताया जाता है कि ये सभी विधायक शुक्रवार को देर रात एक चार्टर्ड फ्लाइट से पंचकुला से ऋषिकेश पहुंचे थे। ये होटल ताज में ठहरे हैं। बागी विधायकों के साथ हिमाचल प्रदेश भाजपा के दो विधायक विक्रम ठाकुर और त्रिलोक जमवाल भी मौजूद हैं। वहीं होटल ताज के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। होटल में पहले से बुकिंग कराने वालों को ही एंट्री दी जा रही है।

# कोरबा लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस-बीजेपी की दो महिला दिग्गज आमने-सामने

**कोरबा, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ की कोरबा लोकसभा सीट में कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडे को प्रत्याशी बनाया तो वही उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने मौजूदा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत को कोरबा सीट से उम्मीदवार बनाया है। कोरबा लोकसभा ऐसी सीट है जहां कभी किसी एक पार्टी का कब्जा नहीं रहा है। इस सीट पर अब तक होते आ रहे चुनाव में लगातार किसी एक पार्टी को जीत नहीं मिली है। आपको बताते हैं कोरबा लोकसभा सीट के बारे में। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से कोरबा एक महत्वपूर्ण सीटों में से एक है। यहां से वर्तमान में सांसद छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष



की पत्नी ज्योत्सना चरणदास महंत हैं। साल 2008 में परिसीमन के बाद कोरबा लोकसभा सीट अस्तित्व में आई थी। उसके पहले यह लोकसभा सीट जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट के अंतर्गत आती थी।

**कब कौन जीता चुनाव:** कोरबा लोकसभा सीट पर पहली बार साल 2009 में चुनाव हुए थे। इस सीट से पहली बार हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने चरणदास महंत को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारा था। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने करुणा शुक्ला को यहां से मैदान में उतारा था। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी के चरण दास महंत चुनाव जीत कर सांसद बने थे। वही साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में कोरबा सीट से भारतीय जनता पार्टी के डॉ बंसीलाल महतो चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंचे थे। भाजपा के बंसीलाल महतो ने कांग्रेस पार्टी के चरण दास महंत को लोकसभा के चुनाव में हराकर सांसद बने थे। इस लोकसभा चुनाव में चरण दास महंत महज 4000 वोट के अंतर चुनाव हार गए थे। इसके बाद साल 2019 के लोकसभा के चुनाव में कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ज्योत्सना चरण दास महंत को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में हराते हुए सांसद बनी थी। वर्तमान में कोरबा लोकसभा सीट से ज्योत्सना महंत सांसद हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम पर अगर नजर डालें तो, छत्तीसगढ़ की कोरबा लोकसभा सीट में साल 2019 में हुए चुनाव की अगर बात करें तो इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने कोरबा सीट से सांसद रहे चरण दास महंत की पत्नी ज्योत्सना चरण दास महंत को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने ज्योतिनंद दुबे को चुनाव के मैदान में उतारा था। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कोरबा सीट से कांग्रेस पार्टी की ज्योत्सना चरण दास महंत ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव में हराते हुए सांसद बनी थी। कांग्रेस पार्टी की ज्योत्सना महंत को 5.23 लाख वोट मिले थे। वहीं भाजपा के ज्योतिनंद दुबे 4.97 लाख वोट मिले थे। कांग्रेस की उम्मीदवार ने भाजपा के दुबे को 26249 वोट से चुनाव हारते हुए लोकसभा पहुंची थी।

## बंगाल में रामनवमी के दिन सार्वजनिक अवकाश रहने की घोषणा

**कोलकाता, एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। तृणमूल सरकार ने 2011 में राज्य की सत्ता में आने के बाद पहली बार रामनवमी पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर राज्य सरकार के सभी कार्यालय, उनके सहयोगी संगठन और उपक्रम 17 अप्रैल को बंद रहेंगे।पिछले कुछ वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में रामनवमी जुलूसों को लेकर हिंसा की घटनाएं हुई हैं।पिछले साल रामनवमी जुलूस को लेकर कम से कम तीन जगहों से हिंसा की खबरें आई थीं, जिसकी जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है।पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि रामनवमी पर छुट्टी घोषित नहीं करने के कारण उन्होंने मुख्यमंत्री की आलोचना की थी, इसीलिए यह निर्णय लिया गया है।भाजपा के आईटी सेल प्रमुख और पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता जो हर बार जय श्रीराम के नारे सुनकर गुस्से से नीली हो जाती थीं, उन्होंने आखिरकार राज्य में रामनवमी को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किए एक संदेश में कहा, ममता ने अपनी हिंदू विरोधी छवि को सुधारने के लिए ऐसा किया है। हालांकि बहुत देर हो चुकी है... इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रामनवमी के जुलूस पर पथराव न हो।




## ईडब्ल्यूएस छात्रा को दाखिला न देने पर हाईकोर्ट सख्त, ड्रॉ में नाम आने के बाद एक साल से भटक रही बच्ची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईडब्ल्यूएस (कम आय वर्ग) कोटे में नाम आने के बावजूद निजी स्कूल द्वारा दाखिला न दिए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय को आदेश दिया है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर छात्रा को स्कूल में दाखिला दिलाया जाए। न्यायमूर्ति सी हरीशंकर की पीठ ने शनिवार को शिक्षा निदेशालय को कहा है कि याचिकाकर्ता छात्रा का भविष्य प्रभावित ना हो, इसलिए निदेशालय तत्काल इसमें हस्तक्षेप करें। छात्रा को दाखिला दिलाने के साथ ही ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत मिलने वाले अन्य लाभ भी दिलाए जाएं। इन लाभों में स्कूल की वर्दी और किताबें भी शामिल हैं। दरअसल, इस मामले में छात्रा ने अपने पिता के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। दलील दी गई थी कि उसने निजी स्कूल में ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत दाखिले के लिए फार्म भरा था। निदेशालय द्वारा पिछले साल 14 मार्च को निकाले गए कम्प्यूटराइजड ड्रॉ में उसका नाम आ गया, लेकिन स्कूल ने बगैर कोई कारण बताए दाखिला देने से इनकार कर दिया। पीठ ने इस याचिका को गंभीरता से लिया।

### उत्तराखंड में कांग्रेस को एक और झटका, हरक सिंह की पत्नी लक्ष्मी राणा ने दिया इस्तीफा

**देहरादून/रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की पत्नी और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया है। वहीं कुछ दिन पहले हरक सिंह रावत के साथ ही ईडी की रडार पर आई लक्ष्मी राणा से भी पूछताछ की गई थी। ईडी पाखरो टाइगर सफारी घोटाले के मामले में उनके आवास पर छापेमारी कर चुकी है। उनके लॉकर से ईडी को 48 लाख रुपये की ज्वेलरी और संपत्ति के दस्तावेज मिले थे, जिसे लेकर उनसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है। लक्ष्मी राणा ने इस्तीफे की वजह पार्टी द्वारा बुरे समय में उनका साथ न देने की बात कही है। उन्होंने लिखा है, हाल ही में मेरे घर और प्रतिष्ठान पर राजनीतिक द्वेष के चलते ईडी की छापेमारी की कार्रवाई हुई। हालांकि मैं जानती हूं कि ये कानूनी प्रक्रिया है, किंतु पार्टी की तरफ से मेरे खिलाफ इस राजनीतिक द्वेष के बारे में न कोई प्रतिक्रिया आई और न ही किसी ने इस दुख की घड़ी में मुझे ढाढ़स बंधाया।

# दिल्ली-आगरा हाईवे का सफर होगा जाम फ्री, यहां 150 करोड़ की लागत से बनेगा 7 लेन फ्लाईओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-आगरा हाईवे को जाम मुक्त करने के लिए बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर सात लेन का बनेगा। इसके बनने से सब्जी मंडी कट से लेकर जेसीबी चौक तक जाम खत्म हो जाएगा। इससे दिल्ली और आगरा की ओर आवागमन और आसान होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को इस परियोजना का शिलान्यास किया।



फ्लाईओवर को बनाने में करीब 150 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसका निर्माण कार्य डेढ़ साल के अंदर पूरा हो जाएगा। अभी निर्माण कार्य शुरू होने में करीब 3 माह का समय लग सकता है। यह रेलवे फ्लाईओवर बल्लभगढ़ अनाज मंडी कट से शुरू होगा।

इसे पिलर पर बनाया जाएगा। यह रेलवे फ्लाईओवर एल्सन चौक से आगे जाकर खत्म होगा। इसके दोनों सिरों पर यूटर्न बनाए जाएंगे। इससे वाहन चालकों को फ्लाईओवर से नीचे और ऊपर जाने में आसानी रहेगी। यदि किसी को इस फ्लाईओवर से सेक्टर-25 की ओर जाना है तो नीचे से जा सकते हैं। यदि किसी को सब्जी मंडी से दिल्ली की ओर जाना है तो इस पर चढ़कर हाईवे पर जा सकेंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि शहर के विकास को लेकर लगातार काम किए जा रहे हैं। 10 साल पहले फरीदाबाद की तस्वीर जाम वाली थी। हाईवे भी संकरा था। इस हाईवे को छह लेन का करने के साथ-साथ दो और एक्सप्रेसवे बन रहे हैं।

फ्लाईओवर के बनने के बाद दिल्ली जाने वाले वाहन चालक जाम में नहीं फंसेंगे। फिलहाल जेसीबी चौक पर ट्रैफिक लाइट बनी हुई है। इस वजह से वाहन चालकों को यहां जाम में फंसना पड़ता है। एल्सन चौक पर पैदल राहगीर हाईवे की ग्रिल को फांदते हैं। इस वजह से ट्रैफिक की रफ्तार थमी रहती है। वहीं मौजूदा रेलवे फ्लाईओवर चार लेन का है। इस कारण वाहन रेंगते रहते हैं। सात लेन का रेलवे फ्लाईओवर बनने के बाद दिल्ली और आगरा जाने वाले वाहन चालकों को जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा को जाम मुक्त करने के लिए लगातार एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। बल्लभगढ़-मोहना सड़क पर एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने के साथ-साथ बल्लभगढ़-सोहना रेलवे फ्लाईओवर को चौड़ा किया जा रहा है। अब दिल्ली-आगरा हाईवे पर एलिवेटेड रेलवे फ्लाईओवर का काम शुरू होने वाला है। बल्लभगढ़ विधानसभा एलिवेटिड विधानसभा बन गई है।

# बातचीत करने का साहस रखना होगा, रूस के साथ जारी युद्ध पर यूक्रेन को पोप फ्रांसिस ने दी सलाह

**बर्न, एजेंसी।** स्विट्जरलैंड में एक साक्षात्कार में पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन-रूस संघर्ष पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन सरकार को रूस के साथ बातचीत के माध्यम से चल रहे विवाद को खत्म करने के लिए साहस जुटाना चाहिए। पोप से जब यूक्रेन में जारी लोगों के बीच आत्मसमर्पण और सफेद झंडे को लेकर चल रहे चर्चा के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, यह केवल एक व्याख्या है। लेकिन मुझे लगता है कि सबसे मजबूत वह है जो स्थिति को देखता है। जो लोगों के बारे में सोचता है और सफेद झंडे का साहस रखता है और वह जो बातचीत करता है। उन्होंने आगे कहा, जब आप देखते हैं कि आप हार गए हैं, चीजें ठीक नहीं चल रही है तो आपको बातचीत करने का साहस रखना होगा। बातचीत कभी भी आत्मसमर्पण करने के बारे में नहीं है, बल्कि देश को बचाने के बारे में है। मध्यस्थता के लिए अन्य देशों की मदद लें- पोप फ्रांसिस पोप फ्रांसिस ने कहा,



आपको शर्म आ सकती है, लेकिन आखिरकार कितनी मौतें हुई है। सही समय पर बातचीत करें और मध्यस्थता के लिए अन्य देशों की मदद लें। बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को तीन साल हो चुके हैं और कई देश अब इस युद्ध को समाप्त करने में मदद करने के लिए तैयार है। यूक्रेन और उनके पश्चिमी समर्थकों ने इस बात पर जोर दिया कि शांति समझौता केवल कीव की शर्तों पर ही हासिल किया जाना चाहिए। उन्होंने यूक्रेन को हथियार पहुंचाना जारी रखने की कसम खाई है। इस बीच रूस ने बताया कि किसी भी विदेशी सहायता से इस युद्ध का रुख बदल नहीं सकता है। बता दें कि मॉस्को और कीव के बीच 2022 में शांति वार्ता टूट गई थी। दोनों देश एक-दूसरे के सामने अवास्तविक मांग रखने के आरोप लगाए थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बाद में कहा कि मार्च 2022 में इस्तांबुल में वार्ता के दौरान यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल रूस की कुछ शर्तों पर सहमत हुए थे, लेकिन फिर बाद में समझौते से पीछे हट गए थे।

# गाजा में हो रही नागरिकों की मौत पर भड़के राष्ट्रपति बाइडन, कहा- नेतन्याहू मदद करने के बजाय नुकसान पहुंचा रहे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच पांच माह से अधिक समय से जंग जारी है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के हजारों लोगों की मौत हो गई है। फिलहाल न तो जंग की रफ्तार कम हो रही है और न ही लोगों की जान की परवाह की जा रही है। इस बीच, अमेरिका ने अपने सहयोगी देश को एक बार फिर युद्ध को लेकर चेताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का कहना है कि जिस तरह से गाजा पर हमले किए जा रहे हैं वैसे इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस्राइल की मदद करने से ज्यादा उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। सात अक्तूबर को जब हमास ने इस्राइल पर हमला बोल दिया था, उस समय से अमेरिका इस्राइल के साथ खड़ा हुआ है। हालांकि अब इस्राइल जिस तरह से युद्ध के मैदान में आगे बढ़ रहा है वो उसके सहयोगी देश को पसंद नहीं आ रहा है। अमेरिका लगातार निर्दोष लोगों की जान जाने पर अधिक ध्यान देने के लिए चेता रहा है। बाइडन पिछले कई महीनों से चेतावनी दे रहे हैं कि गाजा में जिस तरह से नागरिकों की जान जा रही है, वैसे में इस्राइल अंतरराष्ट्रीय समर्थन खो सकता है। रिपोर्ट की माने तो तो यह टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण संबंधों की ओर इशारा करती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में मरने वालों की संख्या को लेकर कहा कि यह आंकड़ा इस्राइल के खिलाफ है। मुझे लगता है कि यह एक बड़ी गलती है। उन्होंने आगे कहा कि गाजा के रफा पर हो रहे संभावित इस्राइली हमले अस्वीकार्य हैं। हालांकि, वह फिर भी इस्राइली नागरिकों को रॉकेट हमलों से बचाने वाले आयरन डोम मिसाइल इंटरसेप्टर जैसे हथियारों को नहीं हटाएंगे। बता दें, रफा में फिलहाल 13 लाख से अधिक लोग शिविरों में रह रहे हैं। बाइडन से जब रफा को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह अस्वीकार्य है, लेकिन मैं इस्राइल का साथ नहीं छोड़ने वाला हूं। इस्राइल की रक्षा अभी भी महत्वपूर्ण है। इसलिए मैं किसी भी हथियार को रोकने वाला हूं। उन्होंने आगे कहा कि वह अपनी बात सीधे इस्राइल की संसद में रखेंगे। कई हजार से अधिक जा चुकी हैं जानें गाजा में इस्राइल-हमास के बीच करीब पांच महीने से संघर्ष जारी है। सात अक्तूबर को दक्षिण इस्राइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में तीस हजार से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। संघर्ष विराम को लेकर लगातार काहिरा में वार्ता चल रही है। एक तरफ इस्राइल ने कुछ शर्ते हमास के सामने रख दी हैं। वहीं हमास भी अपनी जिद पर अड़ा हुआ है।

# चीनी हैकिंग उद्योग में घिनौनी चालबाजी का खुलासा

### पर्दे के पीछे चल रहा शराब और सेक्स का खेल

**बीजिंग, एजेंसी।**
पिछले महीने चीन सरकार और पुलिस से जुड़े एक निजी ठेकेदार के आंतरिक दस्तावेजों के बेहद असामान्य लीक से चीन के हैकिंग उद्योग में पर्दे के पीछे होने वाली घिनौनी चालबाजी और लेन-देन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दस्तावेज़ों से पता चलता है कि चीन का हैकिंग उद्योग संदिग्ध व्यावसायिक प्रथाओं, वेतन और काम की गुणवत्ता पर असंतोष और खराब सुरक्षा प्रोटोकॉल से ग्रस्त है। निजी हैकिंग ठेकेदार ऐसी कंपनियां हैं जो चीनी अधिकारियों को बेचने के लिए दूसरे देशों से डेटा चुराती हैं। पिछले दो दशकों में, चीनी राज्य सुरक्षा की विदेशी खुफिया जानकारी की मांग बढ़ गई है, जिससे इन निजी हैकर्स-फॉर-हायर कंपनियों के एक विशाल नेटवर्क को बढ़ावा मिला है और चीन के बाहर सैकड़ों सिस्टमों में इन्होंने घुसपैठ की है।

हालाँकि इन हैकिंग ठेकेदारों का अस्तित्व चीन में एक खुला रहस्य है, लेकिन वे कैसे काम करते हैं, इसके बारे में बहुत कम जानकारी थी। लेकिन आई-सून नामक फर्म से लीक हुए दस्तावेज़ों ने पर्दा हटा दिया है, जिससे एक गंदे, विशाल उद्योग का पता चलता है जहां पैसे कमाने की चाहत में नियमों को अस्पष्ट और खराब तरीके से लागू किया जाता है। लीक हुए चैट रिकॉर्ड से पता चलता है कि आई-सून के अधिकारी भव्य रात्रिभोज और देर रात तक अत्यधिक शराब पीने के लिए अधिकारियों को लुभाते हैं। वे सरकारी ठेकों के लिए बोली लगाने में हेराफेरी करने के लिए प्रतिस्पर्धियों के साथ सांठगांठ करते हैं। वे उन संपर्कों को परिचय शुल्क के रूप में हजारों डॉलर का भुगतान करते हैं जो उनके लिए आकर्षक परियोजनाएं लाते हैं। आई-सून ने दस्तावेज़ों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस वाक्य के जरिए घिनौनी चालबाजी का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है - होटल विशाल था। यह ऊंचे



दर्जे का था। इसमें एक कराओके बार था। चीनी हैकिंग कंपनी के सीईओ ने सोचा कि यह सरकारी अधिकारियों के पक्ष में चंद्र नववर्ष भोज आयोजित करने के लिए एकदम सही जगह है। उनके शीर्ष डिप्टी ने कहा, बस एक कमी थी। वहां कौन जाएगा? डिप्टी ने लिखा. लड़कियाँ बहुत बदसूरत हैं। रिपोर्ट के अनुसार हालांकि ऐसा और भी बहुत कुछ है जो बताया नहीं जा सकता । मेई डैनोव्स्की, एक साइबर सुरक्षा विश्लेषक, जिन्होंने अपने ब्लॉग, नट्टो थॉट्स पर आई-सून के बारे में लिखा था, ने कहा कि दस्तावेज़ दिखाते हैं कि चीन के हैकर्स चीन में किसी भी अन्य उद्योग की तरह ही काम करते हैं। डानोव्स्की ने कहा यह लाभ-प्रेरित है,। यह चीन की व्यावसायिक संस्कृति के अधीन है कि आप किसे जानते हैं, आप किसके साथ भोजन और शराब पीते हैं, और आप किसके मित्र हैं। चीन का हैकिंग उद्योग देश की शुरुआती हैकर संस्कृति से उभरा, जो पहली बार 1990 के दशक में सामने आया जब नागरिकों ने कंप्यूटर खरीदे और ऑनलाइन हो गए। आई-सून के संस्थापक और सीईओ वू हाइबो उनमें से एक थे। वू चीन के पहले हैक्टिविस्ट समूह, ग्रीन आर्मी का सदस्य एक समूह जिसे एक प्रसिद्ध चीनी सैन्य स्कूल के बाद अनौपचारिक रूप से व्हामपोआ अकादमी के रूप में जाना जाता था। वू और कुछ अन्य हैकरों ने खुद को रेड हैकर घोषित करके खुद को देशभक्त प्रतिष्ठित किया और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जो कि कई कोडर्स के बीच लोकप्रिय फ्रीव्हीलिंग, अराजकतावादी और स्थापना-विरोधी लोकाचार के विपरीत था।

## बीबीसी की खालिस्तान समर्थक सिख एंकर के खिलाफ की गई शिकायत

**लंदन, एजेंसी।** प्रवासी भारतीय समुदाय के कई सदस्यों ने हाल में एशियाई नेटवर्क में शामिल हुई एक ब्रिटिश सिख प्रस्तोता के कथित ''खालिस्तान समर्थक अलगाववादी विचारों को लेकर चिंता व्यक्त की है और बीबीसी से शिकायत की है। लेखिका और शिक्षिका, जसप्रीत कौर ने इस महीने की शुरुआत में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन के 'एशियन नेटवर्क चिल में काम शुरू किया था। सार्वजनिक प्रसारक में अपनी नई भूमिका की घोषणा करते हुए कौर ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा था, ''शांत रहने के लिए समय निकालना, चाहे आपके लिए इसका जो भी मतलब हो, बहुत महत्वपूर्ण है।

कौर के इस बयान के तुरंत बाद, सोशल मीडिया पर कुछ साल पुरानी उनकी पोस्ट प्रवासी भारतीयों के बीच प्रसारित होने लगी। प्रवासी भारतीयों ने कौर के कथित अलगाववादी विचारों को लेकर चिंता व्यक्त की। बीबीसी के भारतीय मूल के नये अध्यक्ष समीर शाह को संबोधित ऐसी ही एक शिकायत में कहा गया है, ''मुझे आपके संज्ञान में यह तथ्य लाना चाहिए कि आपकी संस्था चरमपंथियों को 'प्रस्तोता के रूप में नियुक्त कर रही है। इसमें कहा गया है, ''सिख समुदाय में जसप्रीत को खालिस्तानी के रूप में जाना जाता है। वह सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट में खुलेआम 'खालिस्तान हैशटैग करती हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129